आज
३.००
तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

साप्ताहिक राशिफल
बोले सितारे

वाराणसी, रविवार २५ अक्तूबर, २०२६ सौर ८, आश्विन शुक्ल १४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

JOINT CENTER
BONE & JOINT INSTITUTE

रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद
मरीजों को सबसे बड़ा
पछतावा?

पहले 100
लोगों के सही उत्तर देने पर
मिलेगा एक
विशेष गिफ्ट हेंम्फर!

अपना उत्तर देने के लिए कॉल या मैसेज करें | +91 7084 167 835

रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट | घुटना एवं कूल्हा विशेषज्ञ | वाराणसी

नोट- सभी अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित हैं। नियम एवं शर्तें लागू।

फरियादियों की समस्याओं का त्वरित करें निस्तारण-डीएम

गाजीपुर। शनिवार को सदर कोतवाली में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया तथा उनके निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय स्थापित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने भी संबंधित पुलिस अधिकारियों को शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करने तथा आमजन की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मोहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार-शासन के निर्देशों के अनुपालन में मोहम्मदाबाद कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मोहम्मदाबाद रणविजय सिंह, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद सुधाकर पांडे और थाना अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह की संयुक्त मौजूदगी में क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। थाना दिवस के दौरान भूमि विवाद, आपसी रंजिश और सिविल मामलों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। एसडीएम और सीओ ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।इस अवसर पर स्थानीय राजस्व कर्मी, पुलिस बल के जवान एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

सपा सांसद अफजाल की तबीयत बिगड़ी, मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार शाम अचानक उल्टियां होने और पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद परिजन उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए। प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से मेदांता अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गैस्ट्रो विभाग में उनका उपचार चल रहा है।अस्पताल की ओर से शनिवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, अफजाल अंसारी को पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था। जांच में उनके अग्न्याशय में सूजन की पुष्टि हुई है। उन्हें हल्का पीलिया भी है। फिलहाल चिकित्सकों ने उन्हें आईसीयू में रखा है। डॉ. अभय वर्मा और डॉ. दिलीप दुबे की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

फरियादियों की फरियाद सुनते डीएम। छाया:आज

डीएम ने पढ़ाकर बच्चों के परखे शैक्षिक स्तर

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का दिया निर्देश

गाजीपुर। डीएम अनुपम शुक्ला ने शनिवार को शहरी क्षेत्र स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय विशेषरगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा में बच्चों को पढ़ाया और विभिन्न प्रश्न पूछकर उनके शैक्षिक स्तर, समझने की क्षमता तथा बौद्धिक विकास का आकलन किया। बच्चों के जवाब और उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर डीएम ने प्रसन्नता जताई और उन्हें चॉकलेट वितरित कर उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे 'निपुण भारत मिशन' के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवस्थित शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत बनाने, उनकी समझने की क्षमता विकसित करने और सीखने के स्तर में सुधार लाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों की शैक्षिक प्रगति का नियमित आकलन करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि पढ़ाई में अतिरिक्त सहायता की जरूरत वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक प्रयास किए जाएं, ताकि प्रत्येक बच्चा निर्धारित शैक्षिक दक्षताओं को प्राप्त कर सके। निरीक्षण के दौरान उप डीएम सदर, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बच्चों से जानकारी लेते डीएम। छाया:आज

अति पिछड़ा समाज की लड़ रहा हूं लड़ाई-ओमप्रकाश राजभर

उतरांव, गाजीपुर। अति पिछड़ा मोर्चा के एक दिवसीय सम्मेलन में पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अति पिछड़े समाज के आरक्षण और उनके अधिकारों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गोंड, प्रजापति, कन्नौजिया और पासवान सहित विभिन्न समाजों को आरक्षण का पूरा लाभ दिलाने के लिए वह लगातार संघर्ष कर रहे हैं। यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। क्षेत्र के सरजू डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओपी राजभर ने कहा कि वर्ष 1993 से आरक्षण की व्यवस्था होने के बावजूद संबंधित समाजों के लोग इसका पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ओपी राजभर ने कहा कि न्यायालय के आदेश का सम्मान किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान पत्रकार ने पूछा कि जहूराबाद विधानसभा सीट को लेकर इस बार ओपी राजभर के लिए 'हॉट पोटैटो' साबित होंगी यहां की राजनीतिक स्थिति उनके लिए मुश्किल हो सकती है। इस सवाल के जवाब में ओपी ने शादाब फातिमा की राजनीतिक स्थिति और टिकट को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पहले अपना टिकट स्पष्ट करें, उसके बाद ही आगे की स्थिति पर बात की जायेगी ।

मारपीट-धमकी के प्रकरण में दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मरदह, गाजीपुर। थाना के लहुरापुर गांव निवासी रोशन कुमार के प्रार्थना पत्र पर मरदह पुलिस ने पंकज राम उर्फ खूंटी निवासी मंगराताली लहुरापुर ,बबली कुमार निवासी जमुवारी के खिलाफ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।रोशन कुमार का आरोप है कि उक्त दोनों लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते आए और धक्का मारने का प्रयास किए। ऐसा करने के बाबत पूछने पर शराब के नशे में दोनो ने गालियां देते हुए पत्थर से मारकर सिर फोड़ दिए एवं जान से मारने की धमकी दिए।

समय से सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश, पीईटी परीक्षा आज से

गाजीपुर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपद में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनपद में पीईटी के आयोजन के लिए कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा 25 व 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य जरूरी तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले महाराजगंज स्थित सनबीम स्कूल का जायजा लिया। इसके बाद एवरग्रीन पब्लिक स्कूल सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम की व्यवस्था देखी और सीसी टीवी कैमरों की सक्रियता तथा उनके संचालन की स्थिति की जांच की। उन्होंने यह भी देखा कि परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए आवश्यक इंतजाम ठीक ढंग से किए गए हैं या नहीं। सभी केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं, जिससे परीक्षा के दौरान किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो।

चालक को झपकी आने से डम्पर खाई में पलटा

देवकली (गाजीपुर)। रामपुर माझां थाना क्षेत्र के फोरलेन हाइवे पर देवकली पुल के समीप शुक्रवार की रात में गिट्टी लदा डम्पर वाराणसी से गाजीपुर की ओर जा रहा था, चालक को झपकी आने से डम्पर सड़क की रेलिग तोडते हुए करीब 50 फीट नीचे खाई मे पलट गया संयोग अच्छा रहा चालक को मामूली चोटे आयी। प्राप्त सूचना के अनुसार डम्पर वाराणसी से गाजीपुर की ओर जा रहा था।चालक को अचानक नींद आने से ट्रक पटरी के किनारे खाई मे पलट गया। आवाज होने से आस पास के लोगों ने चालक को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला तथा गिट्टी गड्ढे में बिखर गयी।

पुरानी रंजिश में मुर्गी फार्म का ताला तोड़ने का आरोप

१२५० चूजों की मौत से लाखों का नुकसान

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के गड़ही चक जहरुल्ला गांव में पुरानी रंजिश के चलते मुर्गी फार्म का ताला तोड़कर भारी नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। पीड़ित अमित कुमार यादव के मुताबिक, शुक्रवार की रात फार्म का ताला तोड़ दिया गया, जिससे करीब 1250 चूजों की मौत हो गई। आशंका है कि दरवाजा खुला रहने से आवारा कुत्ते व अन्य जानवर फार्म में घुस गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गांव के ही विपक्षी से पुरानी रंजिश चल रही है। 13 अगस्त 2025 को दोनों पक्षों के बीच सुलह हुई थी कि विपक्षी मुर्गी फार्म के आसपास नहीं आएगा। आरोप है कि इसके बावजूद फार्म का ताला तोड़कर चूजों को नुकसान पहुंचाया गया। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है।घटना की सूचना पीड़ित ने 112 नंबर पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस की जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

राही का एक ही संदेश-जमीन से जुड़े रहो और नजर आसमानों पर रखो-मनोज सिन्हा

गाजीपुर। आधुनिक भारतीय साहित्य और सिनेमा के शिखर पुरुष डॉ. राही मासूम रज़ा की जन्मशती के अवसर पर माटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित वर्ष-भर चलने वाले 100 कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत विशेष साहित्यिक संवाद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सातवाँ एवं सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव राही की जन्मस्थली गाज़ीपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश भर से 100 विद्वानों और कला साधकों ने न केवल कार्यक्रम में शिरकत की बल्कि राही के आवास बशीर मंज़िल पहुँच कर दीपक जलाए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाभारत के वॉइस आर्टिस्ट हरीश भीमाणी ने राही मासूम रज़ा के व्यक्तित्व, साहित्यिक योगदान और उनकी अद्वितीय रचनात्मक प्रतिभा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राही केवल लेखक नहीं थे, वे गंगा-जमुनी तहजीब के जीवंत प्रतीक थे। महाभारत के संवाद लेखन से वे घर-घर पहुँचे, तो अपने साहित्य के माध्यम से भारतीय समाज और संवेदनाओं को स्वर दिया। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, जमीन पर खड़े होकर नजर समूचे आसमान पर रखनी चाहिए। राही मासूम रज़ा का जीवन इस प्रेरणा का सशक्त उदाहरण है। ग़ाज़ीपुर की माटी से निकलकर उन्होंने हिंदी-उर्दू साहित्य और भारतीय टेलीविजन में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी उपलब्धियाँ आज भी हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए नई ऊँचाइयाँ छूने की प्रेरणा देती हैं। माटी ट्रस्ट के संयोजक आसिफ आज़मी ने बताया कि राही मासूम रज़ा जन्मशती के तहत देश के विभिन्न शहरों में 100 कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य उनकी साहित्यिक विरासत और राष्ट्रीय चेतना को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है।समारोह में देश भर से आए साहित्यकारों, शिक्षाविदों और संस्कृतिकर्मियों ने राही के अवदान पर अपने विचार रखे। वक्ताओं में प्रो राजनेश कुमार शुक्ला, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, प्रो दिनेश चंद्र राय, कुलपति, मुजफ्फरपुर स्टेट यूनिवर्सिटी, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, प्रो सत्यकेतु सांकृत, डीन, अंबेडकर विश्वविद्यालय, प्रो जितेंद्र श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार, इग्नू, शाफ़े क़िदवई, निदेशक, सर सैयद अकादमी, अलीगढ़, प्रो अरुण होता, हिंदी विभागाध्यक्ष, कोलकाता विश्वविद्यालय, पोर दीपक त्यागी, डीडीयू गोरखपुर, राकेश मिश्रा तूफान, एडिशनल एसपी, अजीत सिंह, संपादक भोजपुरी संगम, मंजू मित्तल, वाइस-चेयरमैन पॉपुलर हॉस्पिटल, ओबैद उर रहमान, अज़ीज़ नाबील, संपादक एवं कवि, तथा वजीहुद्दीन, पत्रकार शामिल रहे।

डीजे चोरी करने का मुकदमा दर्ज

मरदह, गाजीपुर। थाना के डोड़सर गांव निवासी डीजे संचालक अनीस गोड़ की दुकान का शटर तोड़कर डीजे की लाखों रुपये कीमत की मशीनें चोरी के प्रकरण में मरदह पुलिस ने अनीस गोड़ के प्रार्थना पत्र पर डीजे संचालक अजहर निवासी इंदौर थाना कासिमाबाद ,सचिन कुमार निवासी कोदई थाना मरदह के खिलाफ़ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में अनीस गोड़ ने आरोप लगाया है कि 21 अक्टूबर को सेवठा गांव के पेट्रोल पम्प के पास मूर्ति के विसर्जन के दौरान आलोक डीजे कासिमाबाद सुपर किंग डीजे के मालिक अजहर निवासी इंदौर कासिमाबाद द्वारा सामूहिक रूप से डीजे लगाया गया था। कम्पटीशन के दौरान अजहर एवं सचिन कुमार निवासी कोदई से विवाद हो गया था । इन दोनो कैसे डीजे चलाते हो कि धमकी दी गयी थी। इन दोनों द्वारा ही डीजे चोरी की घटना की है। मरदह पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जाँच कर रही है।

प्राचीन रामलीला में फुलवारी लीला का हुआ मंचन

उतरांव (गाजीपुर)। क्षेत्र की प्राचीन रामलीला के तीसरे दिन फुलवारी लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के फुलवारी में पहुंचने तथा माता सीता से मुलाकात के प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रसंग के साथ राम-सीता की प्रेमकथा आगे बढ़ती है, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। रामलीला देखने के लिए दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यह प्राचीन रामलीला अपनी अनूठी परंपरा और आपसी भाईचारे के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखती है। आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक विरासत को भी आगे बढ़ाया जा रहा है।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
ई-निविदा नोटिस सं.: 50 ऑफ 2026-27 / खुला /इंजीनियरिंग, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिट्री इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। निविदा सं.: 02-डीडीयू-व.मं.इंजी.-सी-26-27
1. कार्य का नाम एवं लोकेशन: डीडीयू मंडल के अधीन एफ.ओ.आर पाकुड़/तालझारी खदान आदि के लिए सभी प्रकार के आकस्मिक शुल्क सहित किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन द्वारा नवीनतम सुधार पर्चियों सहित ट्रैक गिट्टी, आई.एस./आर.डी.एस.ओ.-जीई/0001:2023, फरवरी 2023 के लिए आर.डी.एस.ओ. के विनिर्देशों की पुष्टि करने वाली 50 मिमी आकार की 60000 घन मीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। 2. कार्य का अनुमानित लागत रू. 121212000.00 3. धरोहर राशि: रू. 2424200.00 4. ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 13.11.2026 को 12:00 बजे तक 6. वेबसाइट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in
नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल, पं.दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1177/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26-27/36

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

साप्ताहिक राशिफल

बोले सितारे

वाराणसी, रविवार २५ अक्तूबर, २०२६ सौर ८, आश्विन शुक्ल १४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

'डीपफेक' का आवरण ओढ़े अपराधियों को भी खोज निकालेंगे-मुख्यमंत्री

एआई मददगार हो सकता है, निर्णयाक नहीं बनना चाहिए

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और 'डीपफेक' के दौर में अपराधी कितना भी तकनीक का आवरण ओढ़ ले, राज्य की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उसे खोज निकालेगी। मुख्यमंत्री लखनऊ स्थित उप्र राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान में आयोजित तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'टेक संगम 2026' के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। योगी ने कहा एआई हमारे लिए मददगार हो सकता है, लेकिन उसे निर्णायक नहीं बनना चाहिए। प्रौद्योगिकी का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य तकनीक के विवेक पर निर्भर हो जाए। पूरी तरह एआई पर निर्भरता

भविष्य में संकट बन सकती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच और आधुनिक तकनीक के समन्वय से अपराध अनुसंधान को प्रभावी बनाने के साथ न्याय मिलने में होने वाली देरी को भी कम किया जा सकेगा। एक बयान के मुताबिक, इस अवसर पर उन्होंने क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन के क्षेत्र में कार्य करने वाले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस% का शुभारंभ किया। साथ ही कंसेंट

योगीने टेक संगम २०२६ के दूसरे दिनका किया उद्घाटन

मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया, अभेद्य परियोजना की आधारशिला रखी और एआई इन कंस्ट्रक्शन पुस्तक का अनावरण किया। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्य, क्वांटम तकनीक, फॉरेंसिक विज्ञान और एआई के न्यायिक एवं प्रशासनिक उपयोग पर (शेष पृष्ठ नौ पर)

कार-ट्रककी भिड़ंत में छह की गयी जान

चूरू (एजेंसी)। राजस्थान के चूरू जिले के सादुलपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की मौत हो गयी। हादसा दरदेवा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, हनुमानगढ़ जिले के तारानगर क्षेत्र के सोमनसीसर गांव का एक परिवार गोगामेड़ी मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे सादुलपुर क्षेत्र में दरदेवा गांव के पास उनकी कार

आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के समय जोरदार धमाका हुआ। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सात माह की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गये। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त कार से लोगों को बाहर निकालने में मदद की। घायलों को निजी वाहन से सादुलपुर के अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि पुलिस और एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंचीं। हालांकि, उनके पहुंचने में देरी होने की बात भी सामने आयी। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य और कार का चालक शामिल बताया गया है। एक ही परिवार के कई सदस्यों की मौत की खबर से सोमनसीसर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया।

आजमगढ़ की मतदाता सूचीमें गड़बड़ीका मामला

कम्प्यूटर सहायक, पांच बूथ लेवल अधिकारी हटाये गये, अन्य दो अधिकारियोंके विरुद्ध एक्शनका फरमान

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी द्वारा 15 अक्टूबर को प्रेस वार्ता के माध्यम से लगाये गये आरोप विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में विकास यादव नामक व्यक्ति का नाम 10 बार अंकित होने का त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकरण की विस्तृत जांच आख्या जिला निर्वाचन अधिकारी आजमगढ़ से प्राप्त की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जांच आख्या के अनुसार समान नाम,समान वल्दियत का एक मतदाता गोरखपुर के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र चौरीचौरा से सम्बन्धित है, जो 13 प्रविष्टियों से भिन्न है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में आरोप में उल्लिखित मतदाता ''विकास यादव'' का हिन्दी में नाम 13 बार अंकित होना पाया गया। 13 जगह मतदाताओं के नाम हिन्दी में ''विकास यादव'' प्रदर्शित होने के

संदर्भ में 2 जगह पूर्व में ही नियमानुसार विलोपन की कार्यवाही की जा चुकी है। शेष 11 प्रविष्टियां आजमगढ़ के 11 अलग-अलग व्यक्तियों से सम्बन्धित हैं, जो अपने-अपने गांव में वर्तमान में निवास कर रहे हैं और 11 में वास्तविक ''विकास यादव'' को छोड़कर अन्य 10 व्यक्तियों के वास्तविक नाम एवं अन्य विवरण के संशोधन हेतु को फार्म-8 भरवा (शेष पृष्ठ नौ पर)

आगरामें तीन बूथों पर पुनर्मतदान कल

लखनऊ, (आससे)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के बाद आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तीन मतदान स्थलों पर दोबारा वोटिंग होगी। आयोग ने २६ अक्टूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर ने पुनर्मतदान कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है।

पीएम आज काशी में नारी शक्ति से करेंगे संवाद, नमो घाट पर वायुसेना के विंगशो में होंगे शामिल

वाराणसी (का.प्र.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर

रहेंगे। वह मिर्जामुराद क्षेत्र के रूपापुर गांव में अरविंद मिल की नई औद्योगिक इकाई का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री वहां कार्यरत महिला कर्मचारियों से संवाद कर नारी शक्ति, रोजगार और आत्मनिर्भरता का संदेश देंगे।नई परिधान निर्माण इकाई से वस्त्र एवं परिधान उद्योग को गति मिलने के

अरविंद मिलकी नयी औद्योगिक इकाई का करेंगे लोकार्पण

साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। खासकर महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और उन्हें रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर प्रधानमंत्री का संवाद केंद्रित (शेष पृष्ठ नौ पर)

जदयू विधायक अनंत सिंह पार्टीसे निष्काषित

पटना (आससे)। बिहार की राजनीति में जदयू ने अनंत सिंह के खिलाफ बड़ी काररवाई की है। पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित करते हुए प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। पार्टी की ओर से जारी पत्र में अनंत सिंह पर पार्टी के निर्देशों की लगातार अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के लिए अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने तथा हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ काम करने और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने का आरोप लगाया गया है। इसी पत्र में पूर्व विधायक नीलम देवी के खिलाफ भी (शेष पृष्ठ नौ पर)

गठबंधनमें उलझा सीट बंटवारा, अमेठी-रायबरेलीकी दस सीटोंपर कांग्रेसका दावा

नयी दिल्ली (आससे)। उत्तर प्रदेश में सपा व कांग्रेस गठबंधन में सीटों को लेकर उलझनें अब और बढ़ती दिख रही है। कांग्रेस जितनी सीट मांग रही है, सपा उसकी एक

बागियोंको खुद सबक सिखायेगी सपा

तिहाई ही देने के मूड में है। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी उभरती ताकत का असर यूपी में होने का दावा करते हुए कांग्रेस ने सीटों की डिमांड बढ़ाई है। खास बात यह कि सपा की जीती सीटों में एक दर्जन पर कांग्रेस ने दावा ठोका है। इसमें सपा के बागी विधायकों वाली सीटें भी हैं। इस सवाल पर कि क्या गठबंधन पनपते अविश्वास व परस्पर विरोधाभासी बयानबाजी से हिचकोले खाने लगा है। इसका जवाब सपा के वरिष्ठ नेता ने यह कहते हुए दिया कि चाय उतनी गर्म नहीं है जितनी केतली गर्म लग रही है। अमेठी व रायबरेली संसदीय सीटें कांग्रेस की बरसों से गढ़ रही हैं। विधानसभा चुनाव में सपा की स्थिति मजबूत रही है और वह भाजपा को चुनौती देती है। लेकिन कांग्रेस ने इन दोनों जिलों की 10 विधानसभा सीटें मांगी हैं। अमेठी (शेष पृष्ठ नौ पर)

बांदीपोरामें कट्टरपंथी नेटवर्क का खुलासा, छह गिरफ्तार

श्रीनगर (आससे)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बांदीपोरा जिले में जेल से संचालित कट्टरपंथी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन से जुड़ा था और महिलाओं के माध्यम से अलगाववादी विचारधारा तथा प्रचार सामग्री फैलाने की कोशिश कर रहा था। मामले में चार महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुरुआती जांच में पाकिस्तान स्थित एक हैंडलर के निर्देश पर नेटवर्क के संचालन की बात सामने आयी है। जांच के दौरान जेल के (शेष पृष्ठ नौ पर)

फारूकने गाया पाकिस्तानी राग, कहा-कश्मीरका मुद्दा उठाकर हमें बचा रहा

बारामूला (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार

दिल्लीकी नीयत ठीक नहीं

फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार हमारी मदद नहीं कर सकती। हमारे पड़ोसी को देखिए वह हर जगह कश्मीर का मुद्दा उठा रहा है। वह हमें बचा रहा है, वरना हमारी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। बारामूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूक ने कहा- केंद्र सरकार बड़े-बड़े दावे करती हैं और बातचीत की बातें करते हैं, लेकिन दिल्ली से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनका सामना कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हमारी पहचान मिट जायेगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, फारूक अब्दुल्ला के भीतर का पाकिस्तान (शेष पृष्ठ नौ पर)

दिल्लीमें १२वीं की छात्रा का जला शव बरामद

नयी दिल्ली (आससे)। पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित एक स्कूल में शनिवार को 12वीं की 18 वर्षीय छात्रा की जली हुई हालत में मौत का हैरान करने वाला मामला सामने आया। छात्रा का शव स्कूल परिसर में गार्ड रूम के पीछे मिला। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सबसे ज्यादा हैरान छात्रा की बहन है, जो शनिवार सुबह उसे स्कूल छोड़कर आयी थी। बहन का कहना है कि उस समय छात्रा बिल्कुल सामान्य थी। उसे जरा भी अंदाजा नहीं था कि कुछ ही घंटों बाद ऐसा कुछ हो जायेगा। छात्रा की बहन के मुताबिक, वह सुबह उसे स्कूल छोड़ने आयी थी। उस समय उसकी बहन नॉर्मल लग रही थी।

नेहा बोराने पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर करनेसे किया इनकार

नयी दिल्ली (आससे)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने शनिवार को कहा कि वह पीस बॉन्ड पर

हस्ताक्षर नहीं करेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका इस्तेमाल लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शनों को रोकने के लिए किया जा सकता है। नेहा बोरा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संविधान शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार देता है, जबकि पीस बॉन्ड के जरिये प्रदर्शनकारियों से शांति भंग नहीं करने का आश्वासन मांगा जाता है। उन्होंने कहा कि आइसा ऐसी कार्रवाई को सामान्य नहीं बनने देगा। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को नेहा बोरा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने पीस बॉन्ड संबंधी नोटिस को चुनौती दी थी। उन्होंने 16 अक्टूबर को हुए 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में शामिल होने के बाद जांच के दौरान शांति बनाए रखने के लिए 10 हजार रुपये का निजी मुचलका और एक जमानतदार देने संबंधी नोटिस को चुनौती दी थी।

सोनियाने किया राजीव गांधी से पहली मुलाकात का जिक्र

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम के बाद अब एक्स पर भी सक्रिय हो गई हैं। उन्होंने अपनी पहली किताब 'बिलॉनिंग = अ जर्नी ऑफ लव' का वीडियो साझा किया। यह किताब 10 नवंबर को जारी होगी, जिसमें उन्होंने राजीव गांधी के साथ अपनी यादों और जीवन के सफर को साझा किया है। वीडियो में सोनिया गांधी ने बताया कि कैम्ब्रिज के एक छोटे से ग्रीक रेस्तरां में उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुई थी। दोनों की मुलाकात एक साझा मित्र के जरिए हुई और (शेष पृष्ठ नौ पर)

यूपी : पेट परीक्षा आज

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा(पेट) रविवार को लखनऊ में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज प्रशासन अतिरिक्त बसें चलाएगा। अवध बस डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आरएस वर्मा को परीक्षार्थियों को परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नोडल अफसर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में आयोजित परीक्षा में यूपी के आठ शहरों से एवं बिहार से करीब 10 हजार परीक्षार्थी आ रहे है। मार्गवार मार्गवार परीक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाएगी।

रेण नदीमें डूबनेसे परिवारके चारकी मौत

सूरजपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में शनिवार को रेण नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। राम सरस्वतीपुर घाट पर एक ही परिवार के चार लोग नदी में डूब गए। मृतकों में पिता-पुत्र और दो नाबालिग भाई शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान विवेक कुमार सिंह (45), उनके बेटे अभिजीत सिंह (20) और गोपाल कृष्ण (13) व कृष्ण गोपाल (15) के रूप में हुई है। विवेक कुमार सिंह मूल रूप से बिहार के पटना के रहने वाले थे। वह अपनी पत्नी से मिलने सूरजपुर जिले के चंद्रपुर गांव आए थे। उनके साथ उनकी पत्नी की बहन के दो बेटे भी थे, जो बिहार के कटिहार में रहते थे।

भारत का मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ अमेरिका में गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे)। भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ को अमेरिकामें एफबीआई ने गिरफ्तार किया है। हिमांशु पर दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों में मर्डर, हत्या की कोशिश, रंगदारी और हथियारों की तस्करी जैसे करीब 30 से ज्यादा गंभीर मामले

२०२३ में इंटरपोलने जारी किया था रेड कॉर्नर नोटिस

दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ 2023 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। हरियाणा पुलिस ने उस पर 2.5 लाख और दिल्ली पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। 2022 में हरियाणा में 24 घंटे में तीन हत्याओं के बाद हिमांशु चर्चा में आया था। हिमांशु भाऊ की गैंग ने ही 2025 में यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। हिमांशु की लॉरेंस और गोल्डी बराड़ गैंग से दुश्मनी मानी जाती है। इसी मामले में एक अन्य भगोड़े नीरज फरीदपुरिया को भी पकड़ा गया।

बरेली में अदालत की हाजत से बंदी फरार, आठ पुलिसकर्मी निलंबित

बरेली (आससे)। उत्तर प्रदेश के बरेली जिला कारागार से अदालत में पेशी के लिए लाया गया बंदी सचिन सिंह ठाकुर अदालत की हाजत से फरार हो गया और इस सिलसिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना 21 अक्तूबर की है और ठाकुर जिले के सुभाषनगर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि संबंधित पुलिसकर्मी तीन दिन तक अपने स्तर पर ही उसकी तलाश करते रहे, लेकिन मामले की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार को आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (प्रथम) आशुतोष शिवम ने शनिवार को बताया कि 21 अक्तूबर को बंदी सचिन को अदालत में पेशी के लिए लाया गया था।

एक नजर इधर भी

युवक के ऊपर हमला करने वाला गिरफ्तार

चितईपुर पुलिस ने गत बुधवार को हैदराबाद गेट के समीप आदर्श कुमार भगवानपुर लंका के रहने वाले के ऊपर हमला करने वाले सौरभ रावत गायत्री नगर के रहने वाले को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक चितईपुर राकेश कुमार गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया। जबकि अन्य अभियुक्त राहुल पाठक निवासी मुरारी चौक सामनेघाट, हरिओम चौबे और अमन राजपूत डाफी की तलाश की जा रही है। आरोपियों ने पीड़ित पर चाकू, डंडे और काफी बनाने वाले जार से हमला कर आरोपियों ने घायल कर दिया।

हाथी के हमले में घायल महावत की मौत

रामनगर में हाथी के हमले में घायल महावत की आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार रात मौत हो गयी। वह आजमगढ़ से हाथी लेकर रामलीला में शामिल होने गया था। १८ अक्तूबर को अचानक बिगड़े हाथी के हमले से वह बुरी तरह घायल हो गया था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। आजमगढ़ में बरदह थानाक्षेत्र के असवनिया गांव के यशवंत सिंह उर्फ शिवली सिंह के हाथी की देखरेख तहबरपुर थानाक्षेत्र के विशुनपुर गांव का घपलू नट उर्फ छपलू पुत्र जन्ना नट करता था। नवरात्र के दूसरे दिन वह हाथी लेकर रामनगर की रामलीला में शामिल होने आया था। १८ अक्तूबर को पूर्वाह्न १० बजे घपलू नट हाथी को नहलाने एक तालाब की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान हाथी अचानक बेकाबू हो गया। उसने घपलू को सूंड से पकड़कर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे महावतों ने उसे हाथी से बचाया। १८ को उसे बीएचयू अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने २० अक्तूबर को घपलू को बीएचयू अस्पताल से लाकर आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। संक्रमण फैलने के कारण २१ अक्तूबर को डॉक्टरों को कूल्हे के पास से उसका बायां पैर काटना पड़ा। इसके बावजूद पूरे शरीर में संक्रमण फैलता गया। २२ अक्तूबर की रात उसकी मौत हो गयी। घपलू चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसका चार साल का बेटा इसराइल है। उसके छोटे भाई की शादी तय थी। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। घपलू की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी शोक का माहौल है।

मंगलपुर में संदिग्ध हालात में हो रही मौतें, अब बीमारी की जांच करने पहुंची टीम

काशी विद्यापीठ ब्लॉक के मंगलपुर गांव में पिछले एक महीने से मलेरिया, डेंगू और टाईफाइड बुखार से हो रही लगातार मौत से शनिवार को प्रशासन की नींद टूटी।आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायत और सफाई विभाग की संयुक्त टीमें गांव पहुंचीं।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में डोर-टू-डोर सर्वे कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और डेंगू,

टायफाइड व मलेरिया की पुष्टि के लिए सैंपल लिए। वहीं सफाईकर्मियों ने पूरे गांव में एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग की। नालियों की सफाई भी कराई गई।100 से ज्यादा लोगों की हुई जांच, 7000 की आबादी दहशत मेंसीएचसी मिसिरपुर के डॉ. एन.के. भारती के नेतृत्व में एएनएम बिंदु देवी, एएनएम किरण देवी और आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने जांच अभियान चलाया। पहले दिन करीब 100 से ज्यादा संदिग्ध मरीजों के ब्लड सैंपल लिए गए हैं। टीम ने बताया कि सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। गांव की कुल आबादी करीब 7000 है और हर घर में कोई न कोई बुखार से पीड़ित है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

चेतगंज नक्कटैया मेले की लाग विमान झांकियों की बुकिंग कल से शुरू

विश्व प्रसिद्ध चेतगंज नक्कटैया मेले में लाग विमान झांकियों की बुकिंग 26 अक्तूबर शुरू होगी, जो 28 अक्तूबर तक शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक होगी। बुकिंग की व्यवस्था सेल टैक्स कार्यालय के बगल में स्थित शक्ति माता मंदिर परिसर में की जाएगी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने।उन्होंने बताया कि समिति के प्रधानमंत्री भोलानाथ जायसवाल बुकिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। समिति ने बनारस और आसपास के सभी लाग विमान झांकी संचालकों से निर्धारित समय पर पहुंचकर अपनी बुकिंग सुनिश्चित कराने की अपील की है।

संकल्प अन्न क्षेत्र ने प्रसाद वितरण कर दिया सेवा का संदेश

संकल्प संस्था की ओर से चौक स्थित कन्हैयालाल गुलालचंद सर्राफ प्रतिष्ठान के समक्ष संकल्प अन्न क्षेत्र के माध्यम से प्रसाद वितरण एवं जल सेवा की गई। भगवान श्री संकटमोचन हनुमान जी को भोग अर्पित करने के बाद राहगीरों, श्रमिकों और जरूरतमंदों को खिचड़ी, हलवा, चने की घूघरी एवं फल वितरित किए गए।इस अवसर पर गीतिका जैन ने कहा कि जब किसी भूखे व्यक्ति को भोजन मिलता है और उसके चेहरे पर संतोष

दिखाई देता है, तो मन को एक अलग ही सुकून मिलता है। सेवा कार्य में श्रीमती मृदुला रानी अग्रवाल, श्रीमती गीता जैन एवं गीतिका जैन का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर संकल्प संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन, गिरधर दास अग्रवाल (मद्रास क्लॉथ सेंटर), संतोष अग्रवाल (कर्णघंटा), श्रीमती रमन लता अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल (गिरिराज), राजेंद्र अग्रवाल (माड़ी वाले), लल्लन चुरमुरा, सचिन श्रीवास्तव, उदय प्रताप श्रीवास्तव, रवि (हुंडी वाले), अशोक जी (घासी टोला), प्रमोद, रितिक एवं भैयालाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सेना में भर्ती युवाओं को मिला देश सेवा करने का संदेश

भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना युवाओं के लिए गर्व की बात है। इसी उद्देश्य से १०० यूपी बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को अग्निवीर भर्ती योजना की जानकारी दी गयी। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छावनी स्थित सेना भर्ती कार्यालय के स्टाफ ने कैडेटों को भर्ती प्रक्रिया और जरूरी योग्यताओं के बारे में बताया। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान सेना भर्ती कार्यालय के सूबेदार मेजर ने कैडेटों को अग्निवीर भर्ती के लिए जरूरी शर्तों, चयन प्रक्रिया और आवेदन से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने सेना में अधिकारी बनने के विभिन्न रास्तों के बारे में भी बताया। इस दौरान कैडेटों ने भर्ती से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने जवाब दिया। सूबेदार मेजर ने कहा कि भारतीय सेना में शामिल होना युवाओं के लिए गौरव की बात है। सेना युवाओं को देश सेवा का अवसर देती है। उन्होंने कैडेटों को सेना में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सेना भर्ती कार्यालय वाराणसी के स्टाफ, १०० यूपी बटालियन एनसीसी के पीआई स्टाफ, एएनओ और विभिन्न जनपदों से आये कैडेट मौजूद रहे।

शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षक, अभिभावक और प्रशासनिक तंत्र एकजुट होकर करें कार्य- वाइसचांसलर

अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र (आईयूसीटीई), वाराणसी में भारतीय ज्ञान परम्परा की पुनप्रतिष्ठा विषयक पर द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रथम दिवस का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य एवं विषय स्थापना करते हुए प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि भारत ने ज्ञान को कभी खोया नहीं है, बल्कि उसे देखने की दृष्टि अवश्य खो दी है, यही कारण है कि आज इसकी पुनर्प्रतिष्ठा आवश्यक हो गई है। मुख्य वक्ता विज्ञान विहार, विशाखापत्तनम के पूर्व प्राचार्य श्री डी. रामकृष्ण राव ने कहा कि हमें मुख्य रूप से मूलभूत चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, क्योंकि चुनौतियों को स्वयं स्वीकार करना होगा और उनका समाधान भी स्वयं ही खोजना होगा। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को केवल औपचारिक ज्ञान के केंद्र न रहकर समाज के प्रति अपनी जवाबदेही को भी समझना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षक, अभिभावक एवं प्रशासनिक तंत्र जैसे सभी हितधारक एकजुट होकर कार्य नहीं करेंगे, तब तक शैक्षिक लक्ष्यों की वास्तविक प्राप्ति संभव नहीं होगी।गोबिंद चंद्र महंत, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, विद्या भारती ने कहा कि शिक्षा संस्थान केवल ज्ञान प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण के उत्तरदायी हितधारक भी हैं।केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के वाइस चांसलर प्रोफेसर वांगचुक दोर्जे नेगी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा विविध सांस्कृतिक एवं दार्शनिक परंपराओं का संगम है, जिसे संरक्षित एवं पुनर्जीवित करना वर्तमान पीढ़ी का उत्तरदायित्व है। अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर प्रेम नारायण सिंह, निदेशक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वस्थ संस्कार, आत्मबोध एवं आचार्य की विशेषताओं से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉक्टर राजा पाठक ,डॉक्टर कुशाग्री सिंह,अवनीश भटनागर, डी. रामकृष्ण राव ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुनील कुमार त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर प्रदीप जायसवाल किया।

काशी से पुडुचेरी तक चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस, प्रस्तावित टाइम टेबल जारी

रेलवे बोर्ड की मंजूरी का इंतजार, दक्षिण भारत जाने वाले यात्रियों को मिलेगी सुविधा

काशीवासियों के लिए शानदार खबर है। कैंट रेलवे स्टेशन से पुडुचेरी तक नई अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस ट्रेन का प्रस्तावित टाइम टेबल इंटरनेट मीडिया पर सामने आया है। हालांकि, ट्रेन के संचालन को लेकर रेलवे बोर्ड की अंतिम मंजूरी और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। प्रस्तावित समय-सारिणी के अनुसार, ट्रेन कैंट स्टेशन से प्रत्येक मंगलवार रात ८.३० बजे रवाना होकर गुरुवार शाम ४.३० बजे पुडुचेरी पहुंचेगी। वापसी में पुडुचेरी से प्रत्येक शुक्रवार सुबह ११.४५ बजे प्रस्थान कर रविवार सुबह ७.४५ बजे वाराणसी पहुंचेगी। इस तरह एक तरफ की यात्रा में लगभग ४४ घंटे लगेंगे।

२७ स्टेशनों पर प्रस्तावित ठहराव:-प्रस्ताव के मुताबिक, ट्रेन का ठहराव प्रयागराज जंक्शन, सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, बैतूल, आमला, नागपुर, सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, ओंगोल, बिट्रगुंटा, नायडूपेट, गुडूर, गुम्मिडीपुंडी, पेरंबूर, अरक्कोणम, काटपाडी, विल्लुपुरम और तिरुवन्नामलई सहित विभिन्न स्टेशनों पर प्रस्तावित है। इस ट्रेन के शुरू होने से दक्षिण भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों, श्रद्धालुओं और विद्यार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। हालांकि, प्रस्तावित समय-सारिणी और ठहराव में रेलवे की अंतिम स्वीकृति के बाद बदलाव संभव है। फिलहाल ट्रेन के संचालन की तारीख और अन्य विवरणों को लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी बंद, यात्री ने दर्ज करायी शिकायत

कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर नौ पर शनिवार को स्वचालित सीढ़ी बंद होने से नाराज यात्री ने सुविधा व्यवस्था पर सवाल उठाए। शिवपुर निवासी डाक्टर ओपी चौधरी ने परिवाद पुस्तिका में शिकायत दर्ज कराई। डाक्टर चौधरी के अनुसार, वह ट्रेन संख्या २२५०० वंदे भारत एक्सप्रेस से देवघर जाने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर स्वचालित सीढ़ी बंद मिली। उन्होंने बताया कि इससे पहले आठ अक्टूबर और ३० सितंबर को भी सीढ़ी बंद होने की शिकायत की गई थी। स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विदाई कराकर लौट रहे युवक को गाड़ी से खींचकर पीटने में चार पर केस दर्ज

चौबेपुर। क्षेत्र के जाल्हूपुर में भाई की पत्नी की विदाई कराकर लौट रहे युवक को रास्ते में गाड़ी रोककर खींचने और मारपीट करने का मामले दो नामजद समेत चार पर प्राथमिकी दर्ज। पीड़ित अमित यादव निवासी बीरसिंहपुर, सैदपुर, गाजीपुर ने चौबेपुर थाने में तहरीर देकर तीन नामजद समेत चार लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, वह २० अक्टूबर को भाई की पत्नी की विदाई कराने जाल्हूपुर आया था। दोपहर करीब २.५० बजे विदाई कराकर लौटते समय करीब १०० मीटर आगे मखन्चू यादव निवासी गोपालापुर, कृष्णा पांडेय निवासी जाल्हूपुर और दो अज्ञात लोगों ने उसकी गाड़ी रोक ली। आरोप है कि उसे गाड़ी से खींचकर दूसरी गाड़ी में बैठा लिया गया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से पीटा गया। मारपीट में युवक को चोटें आईं। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए उसे रास्ते में उतारकर आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आवश्यक काररवाई की जाएगी।

सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव स्थगित, १३ नवंबर को सुनवाई

सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, चेतगंज वाराणसी के वर्ष २०२६-२७ के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देश पर अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। बार काउंसिल ने २२ अक्टूबर २०२६ को पत्र जारी कर एक अक्टूबर २०२६ के पूर्व आदेश के तहत चल रही चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। आदेश के अनुसार, एक पक्ष को सुनवाई का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। संबंधित मामले की सुनवाई के लिए १३ नवंबर २०२६ की तिथि निर्धारित की गई है। सुनवाई और अगले आदेश तक चुनावी प्रक्रिया स्थगित रहेगी।

कैंट फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराई बाइक, एक युवक नीचे गिरा, दो घायल

सिगरा थाना क्षेत्र के फ्लाईओवर के पिलर नंबर ७४-७५ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक सवार ३/३५, बड़ीबाग चुंगी, थाना-गोराबाजार, गाजीपुर निवासी प्रमोद कुमार वर्मा (२८ वर्ष) पुत्र रमाकांत वर्मा और समीर शर्मा (२६ वर्ष) पुत्र अनिल शर्मा एक व्यक्ति फ्लाईओवर से नीचे जा गिरा, जबकि दूसरा व्यक्ति ऊपर ही घायल अवस्था में मिला। दुर्घटना में दोनों लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार थे और वे कैंट ओवरब्रिज से तेज गति से गुजर रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। टक्कर के बाद एक व्यक्ति उछलकर फ्लाईओवर से नीचे गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और चौकी प्रभारी रोडवेज तथा चौकी प्रभारी विद्यापीठ को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम कैंट ओवरब्रिज के पिलर नंबर ७४ के पास पहुंची, जहां एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला और उसके शरीर से खून बह रहा था। पुलिस ने तत्काल उसे नियमानुसार अस्पताल भिजवाया। मौके पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम फ्लाईओवर के ऊपर पहुंची, जहां दूसरा घायल व्यक्ति और उससे कुछ दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल पड़ी मिली।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए 'खुली-ई' निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सूचना सं:** NER-BSB0SnT-OT-62-2026 **कार्य का नाम:** वाराणसी मंडल के फेफना स्टेशन पर 750 मीटर की एक अतिरिक्त माल शेड लाइन का प्रावधान तथा वाराणसी मंडल के बलिया और फेफना स्टेशनों पर बर्थिंग ट्रैक एवं जलभराव वाले ट्रैक खंडों में मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर के प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹33680582.42 **बयाना की राशि:** ₹673600.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत :** Rs 00.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह। **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 16.11.2026 को 15.00 बजे: नोट:** 1. ई-निविदा दिनांक 16.11.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

मं०रे०प्र० (सि०एवंदू०सं०)/वाराणसी

मुजाधि/सिंगनल-138

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

दरभंगा - पुणे एक्सप्रेस की एसी बोगी में महिला का पर्स चोरी

दरभंगा - पुणे एक्सप्रेस की एसी बोगी में सवार महिला का चोरों ने पर्स गायब कर दिया। जिसमें एक जोड़ी बाली, चांदी का पायल, घर की चाभी एवं आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी सामान रखे थे। बिहार के समस्तीपुर निवासी सुशील कुमार चौधरी ने लिखित शिकायती पत्र में बताया कि वह गत दस अक्टूबर को गाड़ी संख्या - ११०३४ दरभंगा - पुणे एक्सप्रेस के ए -1 बोगी में अपनी पत्नी रंजू चौधरी के साथ यात्रा कर रहे थे। ट्रेन बनारस स्टेशन पर पहुंची तो पर्स गायब था।

सूचना

मैं, योगेश भूरारिया, स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार भूरारिया का पुत्र, निवासी जे-12/34, सी-4, बलभद्रदास कॉलोनी,धूपचंडी वाराणसी - 221001, यह घोषणा करता हूँ कि दिनांक 29.05.2003 को श्रीमती राजकुमारी माहेश्वरी (पत्नी श्रीराम माहेश्वरी) और श्रीमती सुषमा माहेश्वरी (पत्नी बृजेश माहेश्वरी) द्वारा निष्पादित मूल हस्तांतरण समझौता, क्रमांक 968, का अंतिम पृष्ठ (एक पृष्ठ) खो गया है; यदि किसी को यह मिले तो कृपया इसे आज से 7 दिनों के भीतर मुझे लौटा दें। साथ ही, यदि किसी व्यक्ति, बैंक/वित्तीय संस्था का कोई दावा, अधिकार, आपत्ति या कोई अन्य दावा हो, तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की तिथि (आज) से 7 दिनों के भीतर दस्तावेजी साक्ष्य सहित मुझे सूचित करें, अन्यथा किसी भी दावे, अधिकार या आपत्ति को माफ कर दिया गया माना जाएगा या उस पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत मेख विकास खण्ड कासिमाबाद, गाजीपुर

पत्रांक- मेमो / निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-10-4-2026

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मेख में डिजीटल लाइब्रेरी, नाली निमार्ण एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना का कार्य आदि हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.10.2026 से दिनांक 28.10.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो कि दिनांक 29.10.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड जनपद में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.स.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1.	डिजीटल लाइब्रेरी		997000.00
2.	नाली निमार्ण		
3.	स्मार्ट क्लास		

नियम व शर्ते-
1- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जाएगी।
2- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान और सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं।
3- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5- सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जाएगा।
6- आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होना चाहिए सलग्न जाय।
7- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जाने अनिवार्य होगी।
8- निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है हथोहस्ताक्षरी का होगा।

प्रिंस कुमार गुप्ता — सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) ग्राम पंचायत मेख ,विकास खण्ड-कासिमाबाद जनपद गाजीपुर

बाबूलाल — ग्राम प्रधान / प्रशासक ग्राम पंचायत-मेख विकास खण्ड कासिमाबाद जनपद- गाजीपुर

कार्यालय: ग्राम पंचायत मैरीटार वि.खं. बेरूआरबारी बलिया

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में बी-रामजी/ पंचवा, छठा राज्य वित्त/ पन्द्रहवां और सोल. हवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय एवं अन्य मदों/ योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 03 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल. 6. एस्बेस्ट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति नग 7 ह्यूम पाइप 300,350,450,600,900 एम.एम.पी.3 प्रति नग 8. सोलर लाईट प्रति नग, 9- इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार 10. पटिया जी. आई. पाइप, पी. बी. सी. पाइप, साकेत प्रति नग 11. मोटा बालू प्रति घन मीटर, 12. ईंट गिट्टी 20 एम.एम. / 40 एम.एम. प्रति घन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ।। हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि. ग्रा.। प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

ओम प्रकाश चौहान, सचिव, ग्राम पंचायत मैरीटार, वि.ख.-बेरूआरबारी बलिया

श्रीमती सुनीता देवी, ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत मैरीटार, वि.ख.-बेरूआरबारी बलिया

कार्यालय ग्राम पंचायत डूमरडीहा वि.खं दुद्धी, जनपद- सोनभद्र

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग / तेरहवां वित्त आयोग/चौहदवां वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा अन्य प्राप्त निधियों द्वारा ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों हेतु वाणिज्यकर/आयकर में पंजीकृत फर्मो से ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणानुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 25.10.2026 से दिनांक 29.10.2026 तक पूर्वाह्न 10.00 बजे से 12.00 बजे तक ग्राम प्रधान सचिव कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 03.11.2026 को 2.00 बजे समिति (टेण्डरदाताओं) को उपस्थित रहना चाहते हैं, के समक्ष खोला जायेगा।

क्र.सं	विवरण	मात्रा	दर
01	ईट, शौचालय/ईट प्रथम श्रेणी 150 नाली व खडंजा/ईट व गिट्टी 20 एम.एम. 40 एम. एम	प्रति हजार घन मीटर	
02	इण्टरलाकिंग ईट प्रथम श्रेणी 200 160 60 एम.एम/ सीमेंटेड इण्टर/ रबर, सोल्ड लाकिंग ईट आदि	प्रति हजार	
03	बालु, मोरम सीमेंट, डाला गिट्टी/स्टोन ब्लास्ट, भस्सी 22.4 एम. एम. (अलग अलग)	प्रति घन मीटर	
04	सरिया / एसबेस्टस सीट/गैलेनाइट पाइप/सीट/शौचालय/शौचालय दक्कन /कमोड/टीन सीट/दरवाजे/खिड़की/टाइल्स/प्लास्टिक/पेंट/सीट पेंट/ डिस्टेम्पर/ प्राइमर, डीपीसी पाउडर आदि	कुंतल/अदद	
05	हयूप पाइप एम.एन.पी.वी./ होम पाइप 600/900 एम.एम. 350/एम. एन.पी.-3 आदि	नग/अदद	
06	स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट बल्ब, तार सी.एफ.एल. बल्ब आदि	प्रति नग	
07	इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प सम्बन्धित सामग्री आदि एवं पानी की टंकी पानी टैंकर समरसेबल पाइप रिबोर /बोर आदि	अदद	
08	शवदाह गृह हेतु एंगील, एलवेस्ट इंरिक्सा, ठेला गाडी आदि	प्रति कुंतल	
09	पेवर्स ब्लाक ईट आदि एवं अन्य आवश्यकतानुसार	प्रति नग	

प्रतिबन्धित शर्ते 1. टेण्टर फार्म उपरोक्त कार्यालय दिवस में 500 रुपया जमा कर प्राप्त व जमा किया जा सकता है। 2. निविदा में दरें सभी कर सहित एवं लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 3. कार्य विवरण एवं सामग्री सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है, सामग्री की आपूर्ति स्वीकृति होने के उपरान्त की जायेगी। 4. जमानत धनराशि परियोजना लागत का 5 प्रतिशत जमा होगी जिसे कार्य पूर्ण होने पर वापस किया जायेगा। खराब सामग्री की दशा में जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 6. बिना कारण बतायें किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। 7. अनुबन्ध स्वीकृत होने के पश्चात दर संशोधित होने अथवा एक माह के अन्दर आपूर्ति करना अनिवार्य है।

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत डुमरडीहा विख. दुद्धी सोनभद्र

ग्रा.पं./ग्रा.वि.अधिकारी, ग्राम पंचायत डुमरडीहा विख. दुद्धी सोनभद्र

श्रमिक एक्सप्रेस की एसी बोगी से आभूषणों से भरा ट्रॉली बैग चोरी

श्रमिक एक्सप्रेस की एसी बोगी में उचक्कों ने यात्री का ट्रॉली बैग गायब कर दिया। जिसमें पायल, चांदी का डारकस,मंगलसूत्र, चांदी का हल्का पायल, मेंहदीझालर, बाली, बाजूचांदी, सोने का ढोलना, ब्रासलेट, सोने की जियुतिया समेत कपड़े रखे थे। सतना रेलवे पुलिस ने जीरो मुकदमा दर्ज करके उसे कैंट जीआरपी को स्थानांतरित कर दिया। आशुतोष कुमार नामक यात्री ने लिखित शिकायती पत्र में बताया कि वह गाड़ी संख्या - १९०५२ श्रमिक एक्सप्रेस के बी - ५ में अपनी पत्नी और बच्चे के साथ छपरा से बोस्तान की यात्रा कर रहे थे। गत छह अक्टूबर को सुबह कैंट स्टेशन से ट्रेन गुजरने के दस मिनट बाद उनकी नींद खुली तो नीचे देखा तो उनका ट्रॉली बैग गायब था।बैग में पायल,चांदी के आभूषण, मंगलसूत्र, बालियां, बाजूबंद, सोने का ढोलना, ब्रेसलेट, सोने की जिउतिया समेत अन्य आभूषण और कपड़े रखे थे। घटना की शिकायत के बाद रेलवे पुलिस ने काररवाई शुरू कर दी है।

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना-मैं **भागवत राम** पुत्र सवा. इलाल पता पूर्वी पारसी थाना अनपरा सोनभद्र अपने पूरे होशो हवाश और बहुत विचार करने के बाद अपने पुत्र **कृष्णचंद्र वैश्य** पुत्र भागवत राम को अपनी चल अचल संपत्ति और अपने सभी प्रकार के रिश्तों से दिनांक 22 10. 2026 से बेदखल कर रहा हूं।

सूचना-सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड पर मेरा नाम ALSHAB AHAMED पुत्र FAKHRUDDIN है जो गलत है। मेरा सही नाम ALSHAB SHAIKH पुत्र FAKHARUD-DIN AHAMED है जो मेरे हाईस्कूल प्रमाणपत्र में दर्ज है। यही नाम आधार पर होना चाहिए। **ALSHAB SHAIKH** पुत्र FAKHARUDDIN AHAM ED ग्राम चिउटहरा पोस्ट बेला कलिचपुर,सिधौना, मेंहनाजपुर आजमगढ़

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी संख्या 281026 892 में मेरा नाम सुनीलधर द्विवेदी अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र में मेरा नाम लल्लन धर द्विवेदी है जो सही है सुनीलधर द्विवेदी व लल्लन धर द्

बेलइसा मंडी में अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं हटाने पर मंडी समिति की बड़ी काररवाई

आजमगढ़। बेलइसा स्थित मंडी परिसर में शनिवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ मंडी समिति

अफरा-तफरी

एक दिन की मोहलत, अतिक्रमण हटाने का खर्च संबंधित से वसूला जायेगा

ने बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की। मंडी समिति के डायरेक्टर के निर्देश पर मंडी सचिव मंगल यादव के नेतृत्व में पहुंची टीम ने चिह्नित दुकानों को हटवाया। अचानक हुई कार्रवाई से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान करीब 10 दुकानों को हटाया गया। मंडी सचिव शिव मंगल यादव ने बताया कि जिन दुकानदारों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था,

उन्हें पहले ही नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया, जिसके बाद मंडी समिति को कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि शिकायतों के माध्यम से यह जानकारी भी सामने आई थी कि कुछ दुकानदारों ने खुद अवैध कब्जा कर रखा था और उस स्थान पर दूसरे लोगों से दुकानें लगवाकर उनसे किराया वसूल रहे थे। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंडी समिति ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानों

कुछ दुकानदारों ने खुद अवैध कब्जा कर रखा था, हटायी गयीं १० दुकानें

में सामान रखकर कब्जा जमाए लोगों ने उसे हटाने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। इस पर उन्हें एक दिन की मोहलत दी गई, ताकि वे अपना सामान स्वयं हटा सकें। मंडी सचिव ने स्पष्ट किया कि पहले जारी नोटिस में यह चेतावनी भी दी गई थी कि मंडी समिति द्वारा अतिक्रमण हटाने में होने वाला खर्च संबंधित अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। इसी क्रम में अब खर्च की वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी।

५० प्रतिशत अनुदान पर किसानों को मिलेंगे रबी फसलों के बीज

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। रबी सीजन में किसानों को बेहतर एवं उन्नत खेती के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुदानित दर पर विभिन्न फसलों के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विकास खंड मुहम्मदपुर के राजकीय कृषि बीज भंडार गंभीरपुर में गेहूं, चना, मटर, सरसों एवं मसूर के उन्नतशील और प्रमाणित बीज उपलब्ध हैं। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी कृषि रवि कुमार ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत किसानों को रबी सीजन की फसलों के बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इच्छुक किसान स्वयं अथवा जन सेवा केंद्र के माध्यम से बीज की बुकिंग कराकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि समय से बीज की बुकिंग कराकर अनुदान योजना का लाभ उठाएं और उन्नतशील बीजों के माध्यम से बेहतर उत्पादन प्राप्त करने का प्रयास करें। बीज बुकिंग या योजना का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की कठिनाई अथवा समस्या होने पर किसान विकास खंड मुख्यालय मुहम्मदपुर से संपर्क कर सकते हैं।

न्याय की लड़ाई आखिरी स्तर तक लड़ेंगे- रामाश्रय

सगड़ी, आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के सहनुपुर गांव में 19 अक्टूबर की देर शाम दबंगों द्वारा

दबंगों ने युवक को नंगा कर गांव में घुमाया, प्राइवेट पार्ट काटने का प्रयास

अजीत विश्वकर्मा पुत्र गोरख विश्वकर्मा को 1 वर्ष पूर्व प्रेम प्रपंच के मामले को लेकर बाइक से जाते हुए प्राथमिक विद्यालय के पास रोक लिया और मारा पीटा एवं नंगा कर दिया। उसके प्राइवेट पार्ट को चाकू से काटने का प्रयास किया और चाकू से हमला कर आंख निकालने का भी प्रयास किया गया था। वह एक साल बाद बैंगलोर से अपने गांव सहनुपुर पहुंचा था। सूचना पर दो घण्टे बाद पुलिस ने पहुंचकर तहरीर लेकर मुकदमा तो दर्ज कर लिया, पर अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार काफी परेशान है। इसको लेकर शुक्रवार को पूर्व मंत्री रामआश्रय विश्वकर्मा व अखिल

भारतीय विश्वकर्मा समाज के लोगों ने उसकी माता चंद्रकला, चाचा श्रीप्रकाश विश्वकर्मा एवं अजीत विश्वकर्मा से मिलकर भरोसा दिया कि हम न्याय की लड़ाई आखिरी स्तर तक लड़ेंगे। उन्होंने घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली और उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित रौनापार थाना प्रभारी से भी बात की और उसकी गिरफ्तारी न होने के संबंध में पूरी जानकारी ली। कहा कि लोकतंत्र में इस तरह से किसी भी व्यक्ति को नंगा करना, और पूरे गांव में नंगा कर घुमाना लोकतंत्र और कानून का हनन है। सबसे शर्मनाक है कि गांव के लोग इतनी बड़ी घटना को लेकर चुप बैठे हुए हैं। उनके साथ अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के दिनेश विश्वकर्मा, मुसाफिर विश्वकर्मा, हरिकेश विश्वकर्मा, वीरेन्द्र विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा,अम्बिका शर्मा, मिन्टू प्रजापति, अमरनाथ मौर्य, राजेश यादव आदि भी रहे।

सुपर्णखा की नक कटैया और सीताहरण का हुआ मंचन

माहुल, आजमगढ़। श्रीराम जानकी रामलीला समिति माहुल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में शुक्रवार की रात राम वनवास, राम-केवट संवाद, सुपर्णखा की नाक कटैया, खर-दूषण वध एवं सीता हरण का मंचन किया गया। शुरुआत प्रभु श्रीराम एवं लक्ष्मण झांकी की आरती से की गई। उसके बाद राम और भक्त केवट संवाद का मंचन किया गया। वनवास के दौरान रावण की बहन सुपर्णखा से राम की मुलाकात एवं राम के इशारे पर लक्ष्मण द्वारा उसका नाक काटने लेने का मंचन देख लोग भाव विभोर हो गए। नाक काटने की जानकारी होने पर खर दूषण राक्षसों के साथ पहुंचकर राम को युद्ध के लिए ललकारता है। खर दूषण वध होते ही राक्षसों में हाहाकार मच जाता है। इसी क्रम में सीता हरण और मारीच वध का मंचन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता सुजीत जायसवाल आशु, अध्यक्ष संजय मोदनवाल, उपाध्यक्ष अमित अग्रहरि, प्रबंधक अखिलेश अग्रहरि, मोहन मोदनवाल, प्रकाश अग्रहरि, संतोष सोनी, महेंद्र विश्वकर्मा आदि रहे।

आज बाधित रहेगी कई क्षेत्रों की बिजली

आजमगढ़। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड आजमगढ़ ने बताया कि 25 अक्टूबर को विद्युत उपकेन्द्र 33/11 केवी पुरानी जेल की विद्युत आपूर्ति सुबह 7 बजे से 6 घण्टे तक बाधित रहेगी। मुख्य रूप से लालडिग्गी, हरवंशपुर, डीएम ऑफिस फीडरों से पोषित मोहल्ले मातबरगंज, रोडवेज, कुर्मीटोला, गुरुटोला, लालडिग्गी, सदावर्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, अनन्तपुरा, कटरा, कोलघाट, कोलबाज बहादुर, मड़या जयरामपुर, सिविल लाइन इत्यादि की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेंगी। इस दौरान नरौली बस स्टैण्ड से बवाली मोड़ के बीच रोड चौरीकरण हेतु विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा।

चुनाव के दिन मनाही के बाद भी चला शराब बिक्री का खेल

आजमगढ़। शिक्षक एमएलसी के चुनाव के दिन शासन की ओर से शराब बिक्री पर रोक लगाए जाने के बाद भी

बरदह और मुबारकपुर क्षेत्र में 186 पाउच देसी शराब व बाइक बरामद

जिले में अवैध रूप से बिक्री का खेल खेलने वाले सक्रिय रहे। पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों स्थानों से पुलिस ने 186 पाउच देसी शराब व एक बाइक बरामद कर लिया। बरदह थाने के एसआई उमाशंकर सिंह की टीम शुक्रवार को क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर ग्राम महुजा नेवादा में अपने घर के सामने अवैध रूप से देसी शराब बेच रही महिला को गिरफ्तार किया गया। पकड़ी गई मंशा देवी पत्नी विनोद कुमार

उसी गांव की निवासी बताई गई है। उसके पास से 135 पाउच 200 मिली का विन्डीज लाइम पैक बरामद किया गया।

इसी दिन चौकी प्रभारी कस्बा मुबारकपुर धर्मेन्द्र शर्मा की टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बावन बीघा मैदान, शहीदनगर इस्लामपुरा के पास से दो लोगों को अवैध देसी शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों में संजय चौहान पुत्र बाबूलाल चौहान निवासी प्यारेपुर व इसी गांव के प्रेम चन्द पुत्र मुन्नीलाल शामिल हैं। पूछताछ में बताया कि वे शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करते हैं। चुनाव के कारण शराब की दुकानें बंद होने का फायदा उठाकर वे रोडवेज

आरोपियों में घर के बाहर अवैध रूप से बिक्री करने वाली महिला भी शामिल

स्थित देसी शराब की दुकान से शराब लाए थे तथा मोटरसाइकिल पर बोरी में रखकर बम्हौर एवं अन्य स्थानों पर ऊंचे दामों में बेचने जा रहे थे। शराब बिक्री से प्राप्त लाभ को आपस में बराबर बांट लेते थे। संजय चौहान ने पूर्व में भी अवैध शराब बिक्री के मामले में पकड़े जाने की बात बताई। रोडवेज स्थित देशी शराब की दुकान की संलिप्तता के संबंध में जांच की जा रही है। आरोपियों के पास से 51 टेट्रा पैक विन्डीज लाइम, 520 रुपये नकद व एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

रानी की सराय में नम आंखों से दी गयी देवी मां को विदाई

रानी की सराय, आजमगढ़। कस्बे के मेले में स्थापित सभी प्रतिमाओं का शुक्रवार को धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान घरों के बाहर खड़े लोग नम आंखों से मां को विदाई दी। विसर्जन देर रात तक चला और डीजे कंपटीशन खूब हुआ। कस्बे के मेले में इस बार 13 पूजा कमेटियों द्वारा प्रतिमा स्थापित की गई थी। गुरुवार भोर तक मेला चलने के बाद विसर्जन में समिति जुट गई। दिन में पूजन के बाद ट्रैक्टर ट्राली पर सजावट के साथ प्रतिमा रखकर कस्बे में भ्रमण शुरू हुआ। देर शाम से देर तक विसर्जन चला। डीजे प्रतिस्पर्धा भी खूब रही। बड़े वाहनों के लिए चार दिन पहले से रूट डायवर्ट रहा। युवा गानों पर थिरकते रहे जबकि डीजे की आवाज से हृदयरोगी घरों में दुबके रहे।

जिले में ३१ अक्तूबर, एक व दो नवंबर को लगेगा विधानसभावार रोजगार मेला

आजमगढ़। सहायक निदेशक सेवा योजना राममूर्ति ने बताया कि 31 अक्टूबर को श्रीकृष्ण गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय लालगंज, एक नवंबर को पटेल मेमोरियल इंटर कालेज अतरौलिया एवं दो नवंबर को कृषक इण्टर कालेज सर्वोदय नगर मार्टीनगंज दीदारगंज में एक दिवसीय विधानसभावार वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जनपद के ऐसे बेरोजगार युवक व युवतियां जिनकी शैक्षिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आइटीआइ, पालिटेक्निक, स्नातक, परास्नातक हैं एवं जिनकी आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच है, वे मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में अन्नपूर्णा रिक्रूटमेंट रिसर्च सेंटर, डिक्सन टेक्नालाजी लिमिटेड, एनएसडीसी इंटरनेशनल लिमिटेड, एशियन इलेक्ट्रानिक कंपनी, डस्की स्टालिन एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, टीआरएस कंसलटेंसी सल्यूश, श्री गणेशा कंसलटेंसी एंड मैनपॉवर सर्विस सहित प्रत्येक रोजगार मेले में नीजी क्षेत्र की लगभग 25 से 30 कंपनियां प्रतिभाग कर रही है। जिनका वेतन 12 हजार रुपये से 35 हजार रुपये तक है। मेले में प्रतिभाग करने के लिए सभी बेरोजगार अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर रोजगार मेलों में रिक्तियां देखने के लिए क्लिक करें। विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आइडी का प्रयोग कर आनलाइन व आफलाइन आवेदन करते हुए अवसर का लाभ उठाएं।

मंदिरों और आश्रमों में कल मनेगी वाल्मीकि जयंती

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि शासनादेश के क्रम में 26 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद के विभिन्न मंदिरों एवं आश्रमों में चयनित कलाकारों द्वारा भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अंतर्गत अलंकार सिंह द्वारा भैरव बाबा मंदिर, संतोष मिश्रा द्वारा हनुमान मंदिर हरिहरपुर, राजेश कुमार प्रजापति द्वारा श्री चन्द्रमा ऋषि आश्रम, आदर्श मिश्रा द्वारा रामजानकी मंदिर ब्रह्मस्थान, विकास चौरसिया द्वारा रामजानकी मंदिर गुरुटोला, अर्पित मिश्रा द्वारा श्री बड़ा गणेश मंदिर लालडिग्गी, तुषार सिंह द्वारा पातालेश्वर मंदिर बेलइसा, शीतला मिश्रा द्वारा हनुमान मंदिर बिलरियागंज, चन्द्रशेखर यादव द्वारा दुर्वासा ऋषि आश्रम फूलपुर तथा आदित्य मिश्रा द्वारा श्री दत्तात्रेय आश्रम निजामाबाद में कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

जिले के पवन कुमार को मिला जल प्रहरी सम्मान

आजमगढ़। जल एवं नदी संरक्षण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान मिली है। नई दिल्ली स्थित विश्व युवक केंद्र में 23 अक्टूबर को आयोजित सातवें जल प्रहरी सम्मान समारोह में जिले के डॉ. पवन कुमार को सम्मानित किया गया। जिले के लिए यह पहला जल प्रहरी सम्मान है। यह सम्मान जलवायु अनुकूलन न्यास द्वारा दिया गया है, जो कि नीति आयोग भारत सरकार द्वारा समर्थित है। इसके संयोजक अनिल सिंह सागर हैं। इस बार जल प्रहरी निर्णायक मंडल के अध्यक्ष भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई रहे। समारोह में देशभर के लगभग 31 जल संरक्षकों को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश से छह लोगों का चयन हुआ, जिनमें डॉ. पवन कुमार भी शामिल हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. पवन कुमार ने इस उपलब्धि को आजमगढ़ की जनता, लोक दायित्व और जल संरक्षण के लिए कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को समर्पित किया।

तीन दिवसीय चिकित्सकीय कार्यशाला का समापन

आजमगढ़। राजकीय मेडिकल कालेज व सुपर फैसिलिटी अस्पताल के आडिटोरियम हाल में शनिवार को सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित तीन दिवसीय बेसिक कोर्स कार्यशाला का समापन हुआ। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के निर्देश पर 22 अक्टूबर से चल रही कार्यशाला में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें चिकित्सा शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण तकनीकों और आधुनिक शैक्षणिक पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया गया। एनएमसी द्वारा नामित आब्जर्वर डा. मनस्वी चौबे ने कहा कि चिकित्सा शिक्षकों के शैक्षणिक कौशल का विकास गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए जरूरी है। यह पाठ्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और पदोन्नति से जुड़ी निर्धारित आवश्यकताओं की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कार्यशाला चिकित्सा शिक्षा के स्तर में सुधार और भावी चिकित्सकों को बेहतर प्रशिक्षण देने में सहायक होगी। प्रधानाचार्य डा. बीडी सिंह और कार्यक्रम समन्वयक डा. मनीषा उपाध्याय

एसआईआर रद करने, ज्ञानेश के इस्तीफे तक जारी रहेगी लड़ाई

आजमगढ़। संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रीय आह्वान पर शनिवार को कुंवर सिंह उद्यान से नेहरू हाल होते हुए

देश में १३ करोड़ से ऊपर मतदाताओं का नाम काट दिया गया

जिला मुख्यालय तक मार्च निकाला। मार्च में लोग एसआइआर रद करने और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के माध्यम से एक ज्ञापन राष्ट्रपति को सम्बोधित एवं जिला प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया कि एसआइआर रद किया जाए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा लिया जाए। वक्ताओं ने कहा कि 13 करोड़ से ऊपर मतदाताओं का

नाम फार्म 6 में बदलाव कर काट दिया गया और अब चुनाव आयुक्त इस गलती को स्वीकार कर रहे हैं। यह सारा खेल भाजपा को सत्ता में बनाए रखने के लिए किया जा रहा है इसीलिए गृहमंत्री अमित शाह ताल ठोक कर कह रहे हैं कि भाजपा 2047 तक सत्ता में बनी रहेगी, तो कभी कह रहे हैं हम लोग सत्ता में तीस साल तक बने रहेंगे। वहीं तहबरपुर के चिरावल निवासी की कोइनहा बाजार में हुए एक्सीडेंट में मौत के विरोध कर रहे लोगों पर पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को भी वापस लेने और पीड़ितों के साथ न्याय की मांग की गयी। नेतृत्व अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण आदि ने किया।

इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे किसान नेता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

कलान, आजमगढ़। सोशलिस्ट किसान सभा महासचिव राजीव यादव के घर घिनहापुर में गुरुवार की देर रात पुलिस ने छापेमारी की, जिसकी पूर्वांचल किसान यूनियन सहित तमाम किसान संगठनों ने कड़ी निंदा की। पूर्वांचल किसान यूनियन महासचिव वीरेन्द्र यादव ने कहा कि पुलिस की यह कार्रवाई लोकतंत्र का गला घोंटने जैसी है। जो पुलिस सड़क हादसे के दोषियों को पकड़ नहीं पाई, वह रात में किसान नेता राजीव यादव के घर में दबिश देकर डराना चाहती है। किसान नेता पुलिस की धमकी से डरने वाले नहीं हैं। फर्जी मुकदमे में जेल भेजे गए युवाओं के इंसाफ की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी, चाहे इसके लिए सड़क से लेकर अदालत तक जाना पड़े। वीरेन्द्र यादव ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि किसान नेताओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विशेष अभियान दिवस पर एसडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

लालगंज, आजमगढ़। मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को एसडीएम लालगंज नेहा मिश्रा ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ संख्या 150, 151, 152, 139, 140, 94, 95, 96, 219 और 220 पर बीएलओ के कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बीएलओ रजिस्टर का अवलोकन करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए भरे जा रहे फॉर्म-6 तथा मतदाता सूची में संशोधन और अस्पष्ट फोटो के सुधार के लिए फॉर्म-8 की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद बीएलओ से अभियान की प्रगति की जानकारी ली और नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। विशेष अभियान दिवस का उद्देश्य किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़ने से छूटने न देना है। मतदाताओं को जागरूक करते हुए यह सुनिश्चित करें कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

राष्ट्रीय अखण्डता दिवस के रूप में मनेगी पटेल जयंती

आजमगढ़। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रमुख सचिव, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग के निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय एकीकरण योजना के अंतर्गत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय अखण्डता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे विकास भवन स्थित सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष/जिला एकीकरण समिति की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा।

भगवान राम का जन्म होते ही पंडाल में गूंजा जयकारा

लालगंज, आजमगढ़। बहादुरपुर की रामलीला के दूसरे दिन राम का जन्म होते ही पंडाल में जयकारा

बहादुरपुर की रामलीला के दूसरे दिन कई प्रसंगों का मंचन

लगने लगा। राजा दशरथ को पुत्र के चिंता में व्याकुल देख वशिष्ठ जी ने श्रृंगी ऋषि को बुलवाकर पुत्रेष्ठ यज्ञ कराया, जिससे उनकी मनोकामना पूर्ण हुई। दशरथ जी को चार पुत्र की प्राप्ति हुई। राम का जन्म होते ही पंडाल में बैठे सभी लोग जयकारा लगाने लगे। दूसरी तरफ विश्वामित्र के यज्ञ को राक्षसों द्वारा भंग किया गया और विश्वामित्र दशरथ के यहां राम और लक्ष्मण को लेने आ गए। राम, लक्ष्मण को लेकर वन को चले गए। वन में पहुंचते ही ताड़का का वध किया। उसके बाद आश्रम पहुंचे और वहां पर यज्ञ किया। यज्ञ को भंग करने आए मारीच, सुबाहु का राम और लक्ष्मण ने संहार किया और विश्वामित्र जी का यज्ञ पूर्ण कराया। यज्ञ पूर्ण होते ही विश्वामित्र जी राम जी को अपने सारे दिव्यास्त्र दिये। वहां से आगे बढ़े और राम ने अहिल्या का उद्धार किया। पुन: आगे बढ़े जनकपुर पहुंचकर विश्राम आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। दशरथ-अमित सिंह, वशिष्ठ-अमित शर्मा, विश्वामित्र-राहुल यादव, सुमंत-सोनू गुप्ता, राम-अंस राय, लक्ष्मण-सिद्धू राय, ताड़का-कल्लू यादव, मारीच-शिवम मौर्य, सुबाहू-धीरज यादव, मंत्री-सुरेंद्र राय तथा व्यास पीठ पर विजई राय व विशाल तिवारी ने अपना किरदार निभाया।

विकास कार्यों की जांच में नहीं मिली फाइल, सचिव ने बतायी वजह

भीरा, आजमगढ़। ठेकमा ब्लाक के बरदह गांव में विकास कार्यों की जांच के दौरान संबंधित फाइल उपलब्ध नहीं होने से जांच प्रक्रिया प्रभावित होने का मामला सामने आया है। निर्धारित जांच के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे थे, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव राधेश्याम यादव फाइल उपलब्ध नहीं करा सके। सचिव राधेश्याम यादव ने बताया कि उनके बच्चे की तबीयत खराब होने के कारण वह फाइल नहीं ला सके। शिकायतकर्ता ब्रजमोहन कुमार ने आरोप लगाया कि उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उनका कहना है कि ग्राम विकास कार्यों में कथित तौर पर फर्जी काम कराए गए हैं, इसी वजह से जांच के दौरान फाइल उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने इस मामले की सूचना जिलाधिकारी को भी दे दी है।

मारा गया कुंभकरण और मेघनाथ, सुलोचना का अग्नि में प्रवेश

मेंहनगर, आजमगढ़। कस्बे के गोला बाजार में चल रही रामलीला के तेरहवें दिन मंच संचालक राम कुबेर द्वारा श्री रामचंद्र जी की आरती हुई। कमेटी के कला निर्देशक डॉ. परमेश्वरी दयाल ने रामचन्द्र के गले में माला पहनाकर लीला का शुभारम्भ कराया। रामलीला के प्रथम चरण में रावण के राज्य दरबार में मंत्रणा होती है और रावण जब मूर्छित हुए लक्ष्मण को जिंदा होने की खबर सुनता है, तो अपने सोते हुए भाई कुंभकरण को जगाने के लिए अपने दरबारीयों को भेजता है, लेकिन दरबारी बहुत तरीके से कुंभकरण को जगा कर हार मान जाते हैं। तब रावण जाकर खुद कुंभकरण को जगाता है और उसके जगाने के बाद रावण अपनी पूरी वृत्तांत सुनाकर कुंभकरण को युद्ध क्षेत्र में भेजता है। वहां पर कुंभकरण और राम की सेना में घमासान युद्ध होता है तथा अंत में राम जी के बाणों से कुंभकरण मारा जाता है। कुंभकरण के मरने के पश्चात रावण मेघनाथ को युद्ध में भेजता है। मेघनाथ और लक्ष्मण में घमासान युद्ध होता है और लक्ष्मण जी के बाणों से मेघनाथ मारा जाता है। मेघनाथ के मरने के बाद लक्ष्मण जी मेघनाथ का सिर लेकर चले जाते हैं और मेघनाथ का हाथ सुलोचना की गोद में आकर गिरता है जिससे सुलोचना विचलित हो जाती है और रावण से आज्ञा लेकर रामादल में अपने पति का कटा हुवा शीश लेने के लिए जाती है और पति का कटा हुआ शीश लेकर सुलोचना सती होने के लिए अग्नि में प्रवेश कर जाती है।

ऐतिहासिक मेले से पहले ही भक्ति के रंग में रंगा अतरौलिया बाजार

मां दुर्गा के भव्य 'आगमन' का उल्लास, जयकारों संग थिरके नगरवासी

अतरौलिया, आजमगढ़। नगर में आगामी 25 अक्टूबर से शुरू होने वाले ऐतिहासिक तीन दिवसीय मेले

उत्साह

वार्ड नंबर एक के श्री गणेश त्रिमुहानी पर स्थापित होगी प्रतिमा

को लेकर कस्बा पूरी तरह भक्तिमय माहौल में रंग गया है। मेले के शुभारंभ से पूर्व गुरुवार की देर शाम 'श्री गणेश त्रिमुहानी' समिति द्वारा माता रानी की प्रतिमा का भव्य 'आगमन' कराया गया। डीजे और भक्ति गीतों की धुन पर नगरवासी जमकर थिरके और माता रानी की अगवानी करते हुए जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान कर

दिया। राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले 10-11 वर्षों से लगातार प्रतिमा स्थापित की जा रही है, लेकिन इस बार का आगमन बेहद खास रहा। अतरौलिया बाजार में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर 'आगमन उत्सव' का आयोजन हुआ। स्थानीय निवासी अमित जायसवाल के अनुसार, यात्रा में 500 से 600 से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे अबीर-गुलाल उड़ाते और नाचते-गाते शामिल हुए। हिमांशु विनायकर ने बताया कि देर शाम माता के आगमन के साथ ही पूरे नगर में उत्सव का माहौल बन गया है।

अतरौलिया का तीन दिवसीय मेला 25 से 28 अक्टूबर तक चलेगा। रोजाना दोपहर बाद से लेकर अगले दिन भोर में 3 से 4 बजे तक भारी भीड़ उमड़ती है।

लालगंज में पूजा पंडालों को अंतिम रूप देने में जुटे कारीगर

लालगंज, आजमगढ़। नगर में 25 अक्टूबर से लगने वाले तीन दिवसीय मेले के दो दिन पहले जहां समितियों द्वारा पूरे तन मन के साथ लगकर पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा बाजार के दोनों छोर पर ठेले को समुचित स्थान मुहैया कराये जाने सम्बन्धी सहित रोड डायवर्जन के लिए भी रणनीति बनाई जा रही है। बाजार में कई वर्षों से दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता था, लेकिन विसर्जन के दिन मंगलवार होने के कारण इस बार तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। पहले दिन मेला रहता है, तो दूसरे व तीसरे दिन पूजा समितियों द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत कर कंपटीशन करते हुए झांकी निकालने की व्यवस्था की जा रही है। मूर्ति विसर्जन चौथे दिन सायं 05 बजे से 10 बजे रात्रि तक किया जायेगा। मेले में 23 पूजा पंडाल लगाए जाएंगे। पूजा पंडाल महासमिति के अध्यक्ष सहादुर सोनकर ने बताया कि 26 अक्टूबर को भरत मिलाप व 27 अक्टूबर को भी मेला लगाया जाएगा। पीयूष गुप्ता, शिव कुमार, प्रदीप गुप्ता, ऋषभ, प्रदीप जायसवाल, संतोष साहू, विशाल सोनकर, हर्ष सोनकर आदि पूजा पंडाल की व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

उर्स में दिया गया सबसे बेहतर व्यवहार करने का संदेश

अतरौलिया, आजमगढ़। क्षेत्र के ग्राम सरैया पहाड़ी में शुक्रवार की रात मदरसा अरबिया फैज ए नईमी के संस्थापक कारी मोहम्मद असगर का 23 वां वार्षिक उर्स और जलसा-ए-ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया, जिसमें सबसे बेहतर व्यवहार का संदेश दिया गया। अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अब्दुल बारी नईमी आजमी पेश इमाम जामा मस्जिद अतरौलिया एवं मदरसा अरबिया फैज ए नईमी सरैया पहाड़ी ने की। मौलाना मोहम्मद अब्दुल रब आ़मी उस्ताद मदरसा अरबिया फैज ए नईमी सरैया और मौलाना शमीम अहमद पूर्व प्रधान सरैया की कयादत और कारी जुनैद सुल्तानपुरी, नूरल हसन जहांगीर गंजवी के संचालन में मुमताज अहमद टांडवी, हेलाल अहमद टांडवी , मौलाना हामिद रजा असगर नेवारी और हन्जला ने नात पेश किया। मौलाना मोहम्मद फिरोज अहमद अलीमी संत कबीर नगर ने सच्चाई अपनानें और बुराई से दूर रहने पर जोर दिया। मौलाना मोहम्मद अब्दुल बारी नईमी आजमी ने माता-पिता से अच्छा व्यवहार करने का संदेश दिया। आखिर में कन्वीनर कारी मोहम्मद अब्दुल बाकी मिस्बाही ने लोगों का शुक्रिया अदा किया।

साइबर ठगी के शिकार तीन के खाते में १२ हजार कराये वापस

आजमगढ़। रौनापार और फूलपुर थानों की पुलिस ने साइबर ठगी के तीन शिकारों के खाते में 12 हजार रुपये वापस कराकर राहत दी

रौनापार और फूलपुर थानों की साइबर हेल्प डेस्क की काररवाई

है। रौनापार क्षेत्र की महिला को कम दामों में सोना एवं आईफोन उपलब्ध कराने का लालच दिया गया। इसके झांसे में आकर उसने 14 अप्रैल को साइबर अपराधी द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कैनर पर 69 हजार भेज दिए। ठगी का एहसास होने पर महिला ने शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद साइबर टीम द्वारा संबंधित बैंकों से ई-मेल एवं वार्ता के माध्यम से समन्वय स्थापित कर धनराशि में से 19,830.76 विभिन्न खातों में होल्ड कराए गए। होल्ड धनराशि में से 4 हजार रुपये वापस कराए गए। इसी थाना क्षेत्र की महिला को लेटर/स्पीड पोस्ट शीघ्र पहुंचाने के नाम पर साइबर अपराधी द्वारा फोन कर एक लिंक भेजा गया। महिला द्वारा लिंक खोलने पर उनका मोबाइल फोन हैक हो गया तथा 11 फरवरी को उनके खाते से कुल 81,155 रुपये कट गए। ठगी की जानकारी होने पर महिला ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत साइबर टीम द्वारा संबंधित बैंकों से ई-मेल एवं वार्ता के माध्यम से समन्वय स्थापित कर धनराशि में से 27,225.59 रुपये विभिन्

७६ जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, डीएम ने दिया आशीर्वाद

नवदंपतियों को मिले उपहार, वधुओं के खाते में भेजे जायेंगे ६४ हजार रुपये

सिकंदरपुर (बलिया)। गांधी इंटर कॉलेज सिकंदरपुर का परिसर शनिवार को 76 जोड़ों के नए जीवन की शुरुआत का साक्षी बना। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर-वधुओं ने एक-दूसरे का हाथ थामकर साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया। इस दौरान परिजनों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने नवदंपतियों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह जीवन की नई शुरुआत है। पति-पत्नी को आपसी प्रेम, विश्वास और सहयोग के साथ परिवार की जिम्मेदारियां निभानी चाहिए। उन्होंने बेटियों को बोझ न समझने और उन्हें शिक्षा व आत्मनिर्भरता के अवसर देने की अपील की। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक वधू के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 64 हजार रुपये भेजे जाएंगे। उन्होंने नवविवाहित महिलाओं से इस धनराशि का सदुपयोग करने और संभव हो तो रोजगार या छोटे व्यवसाय में लगाकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। योजना के अंतर्गत प्रत्येक विवाह पर एक लाख रुपये खर्च करने का प्रावधान है। इसमें 64 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, 21 हजार रुपये की घरेलू सामग्री तथा 15 हजार रुपये आयोजन और भोजन आदि व्यवस्थाओं के लिए निर्धारित हैं। समारोह में नवदंपतियों को 27 प्रकार की घरेलू उपयोग की सामग्री देने की व्यवस्था की गई थी। इनमें साड़ी, कपड़े, स्टील के बर्तन, प्रेशर कुकर, कड़ाही, ट्रॉली बैग, दीवार घड़ी, पंखा, आयरन प्रेस, चादर सहित अन्य सामान शामिल रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि शेष सामग्री निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत और रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। समारोह में सीडीओ आलोक कुमार, जिला विकास अधिकारी आनंद प्रकाश, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमेश कुमार, उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, क्षेत्राधिकारी राकेश सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन, विनोद कुमार बिंद, ब्लॉक प्रमुख केशव चौधरी, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने में तेजी लायें बीएलओ-डीएम

डीएम और एसपी ने मतदाता पंजीकरण कैंपों का किया निरीक्षण

बलिया। निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे नागरिकों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के नाम जुड़वाने के लिए शनिवार को विभिन्न विद्यालयों में लगाए गए कैंपों का जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कैंपों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित बीएलओ से मतदाता पंजीकरण की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मुरली मनोहर इंटर कॉलेज, कुंवर सिंह इंटर कॉलेज, उच्च विद्यालय जीरबस्ती तथा प्राथमिक विद्यालय जीरबस्ती में संचालित कैंपों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से अब तक मतदाता सूची में जोड़े गए नामों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित किसी भी पात्र नागरिक का नाम जोड़ने में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया गंभीरता से पूरी की जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में छूटे हुए मतदाताओं और पहली बार मतदान के योग्य युवाओं को चिह्नित कर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

विवाहिता, बच्चों को पीटने के मामले में पति समेत पांच पर मुकदमा

बैरिया (बलिया)। विवाहिता और उसके तीन बच्चों के साथ कथित तौर पर मारपीट कर घर से निकालने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बैरिया पुलिस ने शुक्रवार देर शाम पति, सास, ससुर और दो देवरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। लोकधाम, ठेकहां निवासी अनिता देवी पत्नी भीम यादव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी 20 मई 2016 को भीम यादव के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें खुशी (8 वर्ष), मुन्ना कुमार (7 वर्ष) और नीशू (4 वर्ष) शामिल हैं। विवाहिता के अनुसार शादी के बाद से ही ससुराल के लोग उसके साथ मारपीट करते और अपमानित करते थे। वह बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सब कुछ सहन करती रही। आरोप है कि छह सितंबर को उसे और उसके बच्चों को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद से उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। अनिता देवी ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को लेकर वह चांददियर पुलिस चौकी और बैरिया थाने पहुंची,लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर पति भीम प्रसाद, सास भागमनी देवी, ससुर रामकृपाल तथा देवर ओमप्रकाश और जयप्रकाश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

नगरा (बलिया)। नगरा-भीमपुरा मार्ग पर कसेसर पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल नगरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को जिला सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। भीमपुरा थाना क्षेत्र के बड़ी औराईकला निवासी पिंटू राम (35 वर्ष) नगरा स्थित अपनी बुआ के घर से बाइक से अपने घर औराईकला जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ से मधुबन थाना क्षेत्र के महुई फतेहपुर निवासी मोहित कुमार (26 वर्ष) भीमपुरा की तरफ से नगरा आ रहा था। कसेसर पेट्रोल पंप के पास दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने भीमपुरा पुलिस को सूचना दी है।

प्रत्येक जिले में चलेगा वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान-अनिल भारद्वाज

बलिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के पर्यवेक्षक तथा पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि देश में लोकतंत्र, संविधान और आम नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी ने निर्णायक संघर्ष छेड़ दिया है। मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं, एसआईआर प्रक्रिया को लेकर उठ रहे गंभीर सवालों तथा चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कांग्रेस द्वारा जताई गई चिंताओं को लेकर पार्टी का यह अभियान अब गांव-गांव, गली-गली और प्रत्येक मतदान केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। शनिवार को पार्टी कार्यालय पर स्वागत के बाद पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज मीडिया से मुखातिब थे। बताया कि 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक 'वोट बचाओ देश बचाओ चौपाल' अभियान के अंतर्गत देशभर में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ प्रस्तावित महारैली के लिए भी व्यापक जनसंपर्क और संगठनात्मक तैयारियां की जाएंगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक, पूर्व विधायक सुधीर राय, दिग्विजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, सच्चिदानंद तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, जैनेंद्र पाण्डेय मिंटू, विजय मिश्रा, उषा सिंह, संतोष चौबे, सिद्धनाथ तिवारी, अमरनाथ राम, अबुल फैज, विवेक ओझा, अभिजित तिवारी सत्यम अरुण कुमार, वंश बहादुर भारती, हरदिया पाण्डेय, बबलू शर्मा, राजेश राय, राजेंद्र प्रसाद, अंजनी कुमार, गिरीश कांत गांधी, मणिनाथ तिवारी, महाप्रसाद चौबे, शशिकांत मिश्रा, राहुल चौबे, अरुण श्रीवास्तव, राशिद कमाल आदि मौजूद रहे।

आस्था के नाम पर देर रात तक डीजे का शोर, लोग परेशान

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के नाम पर देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाए जाने और रातभर बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि लगातार चार दिनों से मूर्ति विसर्जन जुलूसों के दौरान पूरी रात बिजली काट दी जा रही है। इससे बिजली पर निर्भर कुटीर उद्योग-धंधे और रोजगार प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, ट्रकों के पीछे लगाए गए बड़े-बड़े डीजे पर तेज आवाज में बज रहे गीत-संगीत से हृदय रोगियों,बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार,बैरिया और रानीगंज बाजार में डीजे की तेज आवाज और कंपन से कई घरों एवं दुकानों की घड़ियां तथा खिड़कियों के शीशे टूटकर गिर गए। लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों के प्रति सम्मान के बावजूद ध्वनि की सीमा, आम लोगों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए। देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजने से विद्यार्थियों, बीमार लोगों और बुजुर्गों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि इन समस्याओं के बावजूद संबंधित जिम्मेदार अधिकारी प्रभावी नियंत्रण करते नजर नहीं आ रहे हैं। कुछ स्थानों पर पुलिस की आपत्ति के बाद पूजा समितियों के सदस्यों और पुलिसकर्मियों के बीच कहासुनी होने की भी बात सामने आई है। ऐसे में प्रशासन की भूमिका को लेकर लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। उनका प्रयास है कि सभी स्थानों पर मूर्तियों का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो जाए।

फेफना खेल महोत्सव' क्लस्टर दो खेलों का आगाज

चितबड़ागांव चेयरमैन अमरजीत सिंह ने किया उद्घाटन

बलिया। जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव के क्लस्टर दो की प्रतियोगिता का आगाज शनिवार को चंद्रशेखर स्टेडियम पियरियां में हुआ। चितबड़ागांव चेयरमैन अमरजीत सिंह ने मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। पूर्व मंत्री एवं खेल महोत्सव के आयोजक उपेंद्र तिवारी ने अमरजीत सिंह संग पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया। जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में किसान इंटर कॉलेज, जगदीशपुर ने पियरियां को 13-09 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में सिंहाचवर ने 12-08 किसान इंटर कॉलेज को से पराजित कर फाइनल अपने नाम किया। एथलेटिक्स में 100 मीटर जूनियर बालिका में में ज्योति गुप्ता प्रथम, नमिशा यादव द्वितीय व मुस्कान तृतीय, 100 मीटर जूनियर बालक में अयान खान प्रथम, आरिफ अंसारी द्वितीय व जिशान तृतीय, 100 मीटर सब जूनियर बालिका में दीक्षा प्रथम, आराध्य द्वितीय व अनुष्का तृतीय, 100 मीटर सब जूनियर बालक में राहुल यादव प्रथम, आदित्य पासवान द्वितीय व जिगर तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका सच्चिदानंद राय, विनय राय, अनूप राय, मोहम्मद शमशाद, रोहित राजभर, शिवदयाल यादव, सचिन उपाध्याय, अजय यादव, दीपक कुमार सिंह, सरदार वर्मा, सीमा देवी, नूरजहां, पंकज कुमार यादव आदि ने निभाई। संचालन नीरज राय ने किया।

भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र का वर्णन सुन भक्ति में डूबे श्रद्धालु

नरहीं (बलिया)। उजियार गांव के गंगा तट पर स्थित गंगा भवन में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पंडित सरल जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोकुल-वृंदावन की दिव्य लीलाओं तथा गोवर्धन पूजा और गोवर्धन धारण के प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। कथा स्थल पर लगातार भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजते रहे और पूरा वातावरण कृष्णमय बना रहा। कथा में पंडित सरल जी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि नंदलाल की बाल लीलाएं प्रेम, निश्छलता, सरलता और आनंद की प्रतीक हैं। भगवान की लीलाएं केवल मनोरंजन का विषय नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से भक्त और भगवान के बीच प्रेम, विश्वास और समर्पण के भाव को समझने का अवसर मिलता है। पंचम दिवस की कथा में माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं और माता यशोदा के साथ उनके वात्सल्यपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया गया। इन प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान श्रीकृष्ण के जयघोष से कथा स्थल का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कथा के दौरान गोवर्धन पूजा एवं गोवर्धन धारण के प्रसंग का विशेष रूप से वर्णन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने की प्रेरणा दी।

संयुक्त किसान मोर्चा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

सौंपा ज्ञापन, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने, एसआईआर प्रक्रिया रद करने की मांग

बलिया। संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी कार्यक्रम के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें पद से हटाने और उनके विरुद्ध आपराधिक मुकदमा चलाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। मांग पत्र में आरोप लगाया गया कि देशभर में करोड़ों मतदाताओं के नाम अलोकतांत्रिक तरीके से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को रद्द करने, हटाए गए मतदाताओं के नाम बिना शर्त दोबारा सूची में शामिल करने और इस प्रक्रिया के आधार पर चुनाव करा चुके राज्यों में बनी सरकारों को निलंबित करने की मांग की। किसानों की लंबित मांगों को लेकर भी मोर्चा ने सरकार को घेरा। मांग पत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, किसानों और मजदूरों के सरकारी व निजी कर्ज माफ करने, आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवारों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की गई। परमात्मानंद राय, लक्ष्मण पांडेय, कृष्णदेव सिंह, बसंत सिंह, सुरजीत श्रीवास्तव, कन्हैया शाही, बलवंत यादव, भरत गोंड, जमुना प्रसाद वर्मा, रामकुंवर चौहान, लक्ष्मण यादव आदि मौजूद रहे।

मोदी-योगी की योजनाओं के लिए पदयात्रा करेंगी विजयालक्ष्मी सिंह

बैरिया (बलिया)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपलब्धियों,जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद भरत सिंह की पुत्री विजयालक्ष्मी सिंह रविवार से बैरिया विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा शुरू करेंगी। 85 किलोमीटर लंबी यह पदयात्रा आठ दिनों में पूरी की जाएगी। इसका शुभारंभ रविवार सुबह जयप्रकाश नगर स्थित जेपी ट्रस्ट से होगा।जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के पूर्व कुलपति डॉ. हरिकेश पार्टी का झंडा दिखाकर पदयात्रा को रवाना करेंगे। शनिवार को बैरिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विजयालक्ष्मी सिंह ने बताया कि पदयात्रा के दौरान वह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद करेंगी। खासकर महिलाओं की समस्याओं को करीब से समझने के साथ ही गांवों की बुनियादी जरूरतों और स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेंगी। इन समस्याओं के समाधान के लिए वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष मुद्दों को उठाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास के अनेक कार्य हुए हैं। इसके बावजूद बैरिया विधानसभा क्षेत्र में कई समस्याओं का समाधान किया जाना बाकी है। बाढ़ और नदी कटान से होने वाली क्षति, सड़क, बिजली, चिकित्सा तथा उच्च शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी पहल की आवश्यकता है।

पूर्व ग्राम प्रधान का निधन, शोक

हल्दी बलिया)। विकास खंड बेलहरी के ग्राम पंचायत मुड़ाडीह की पूर्व ग्राम प्रधान नीतू सिंह का शनिवार की सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह वर्ष 2015 से 2020 तक ग्राम प्रधान रहीं। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, शनिवार की सुबह करीब नौ बजे नीतू सिंह को हार्ट अटैक आया। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए बलिया से मऊ ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। नीतू सिंह अपने पीछे पति राजीव सिंह डब्लू, दो पुत्रों और एक पुत्री को छोड़ गई हैं।

आरएसएस के १०१ वर्ष पूर्ण होने पर निकला पथ संचलन

सिकंदरपुर (बलिया)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 101 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को सिकंदरपुर नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर, किला के पोखरा से निकले पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान स्वयंसेवकों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों के साथ सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी भाग लिया। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर चौक, बस स्टेशन, बेल्थरा मार्ग, बाजार मोड़, सोनार गली और आनंदी चौक होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। कतारबद्ध होकर एक साथ कदमताल करते स्वयंसेवक लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। संचलन के माध्यम से संगठन, अनुशासन और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया गया। जिला कार्यवाह सतीश तिवारी ने संघ की कार्यपद्धति और संगठनात्मक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सह जिला संचालक लालबचन तिवारी, नगर संचालक दिनेश, सह जिला कार्यवाह प्रेम प्रकाश राय, जिला शारीरिक प्रमुख विवेकानंद, जिला सेवा प्रमुख रजनीश श्रीवास्तव, राजधारी सिंह, संजीव कुमार वर्मा, अशोक राजभर, संजय जायसवाल, प्रमोद गुप्ता, सच्चिदानंद सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर इधर भी

बांस काटने के विवाद में मारपीट, युवक घायल

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के रक्सा डैनिया गांव में हिस्सेदारी की जमीन से बांस काटने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित हरिकेश यादव ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, रक्सा डैनिया गांव निवासी हरिकेश यादव पुत्र स्व. शिवपूजन यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 22 अक्टूबर को उनके पुत्र संतोष यादव अपनी हिस्सेदारी से चार बांस काटकर घर लाए थे। इसी बात को लेकर उनके पट्टीदार उमाशंकर यादव पुत्र देवराज यादव, राजकुमार यादव पुत्र देवराज यादव, विनोद यादव पुत्र उमाशंकर यादव और एक अन्य व्यक्ति ने कथित तौर पर उन्हें और उनके पुत्र दीपक यादव को गाली-गलौज की। आरोप है कि इसके बाद विपक्षी लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और मारपीट करने लगे। इस घटना में दीपक यादव को काफी चोटें आईं। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक पर लाठी-डंडों से हमला, हालत गंभीर

सिकंदरपुर (बलिया)। खेजुरी थाना क्षेत्र के कसमापुर और बालूपुर गांव के बीच शनिवार को एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना शिव मंदिर के समीप हुई। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, कासमपुर गांव निवासी 30 वर्षीय मुकेश तिवारी शनिवार को किसी कार्य से क्षेत्र में निकले थे। इसी दौरान कसमापुर और बालूपुर गांव के बीच स्थित शिव मंदिर के पास कुछ लोगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक खेजुरी सुशील कुमार दुबे ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

रामलीला में नारद मोह का हुआ सजीव मंचन

बेल्थरारोड (बलिया)। क्षेत्र के उधरन में श्री रामलीला समिति कुटी के तत्वाधान में गुरुवार की रात मुकुट, गदा पूजन के साथ ही श्रीरामलीला का शुभारंभ हुआ। रामलीला का शुभारंभ पंडित स्वर्गीय रामधारी मिश्रा जी ने किया था। पंडित कौशल किशोर मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं प्रबंधक टीएन मिश्रा रहे। रामलीला में नारद मोह और देवराज इंद्र के रंगारंग महोत्सव की अत्यंत सुंदर और मनमोहक लीला प्रस्तुत हुई। विश्वमोहिनी का स्वयंबर था। देवर्षि नारद ने भगवान विष्णु से आकर्षक रूप पा लिया। स्वयंवर के दिन विश्वमोहिनी अचानक प्रकट हुई। स्वयंवर हाल की परिक्रमा करने के बाद वरमाला भगवान विष्णु के गले में डाल दी। यह देख नारद अत्यंत क्रोधित हो गए तथा विष्णु को श्राप दिया कि जिस तरह मैं पत्नी वियोग में तड़प रहा हूं उसी तरह त्रेता युग में तुम भी पत्नी बिना तड़पोगे। राहुल सिंह, विद्याभूषण मिश्रा, परमात्मानंद मिश्रा, पुष्कल सिंह पप्पू, नारायण चौहान, सुरेशदास जी महाराज, अंबेश सिंह चुनमुन आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संचालन प्रमोद शर्मा ने किया।

थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम- एसपी, निस्तारण शून्य

बाउंड्री गिराने और महिला उत्पीड़न की शिकायत पर जतायी नाराजगी

सिकंदरपुर (बलिया)। स्थानीय कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन विवाद, मारपीट और पारिवारिक उत्पीड़न सहित विभिन्न मामलों से जुड़ी आठ शिकायतें सामने आईं, लेकिन मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। दो मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों से जवाब तलब किया और जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में जजौली गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद पुत्र शिवपूजन गुप्ता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि विपक्षियों ने जबरन उनकी जमीन की बाउंड्री गिरा दी है। शिकायत सुनने के बाद जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद राजस्व कर्मचारियों से मामले की जानकारी मांगी, लेकिन संबंधित लेखपाल उपस्थित नहीं मिले। जिलाधिकारी ने जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने और मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, क्षेत्राधिकारी राकेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह आदि मौजूद रहे। **नरहीं।** शनिवार को नरहीं थाने पर सामाधान दिवस के मौके पर आठ मामले आए जिसमें से सात मामलों का निस्तारण कर दिया गया। नरहीं थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल ने बताया कि सात मामले राजस्व से जबकि एक मामला पुलिस से संबंधित था कुल आठ मामले आए जिसमें से सात मामलों का निस्तारण कर दिया गया। **बैरिया।** बैरिया थाने में शनिवार को क्राइम इंस्पेक्टर अवधेश मिश्र की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल सात मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के अलावा राजस्व निरीक्षक अजीत सिंह और अजीत श्रीवास्तव मौजूद रहे। **बेल्थरारोड।** उभांव थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम शरद चौधरी, तहसीलदार राजू कुमार की देख - रेख में किया गया। इस मौके पर कुल 13 आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए। एक आवेदन मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।

पंचायत भवन पर भी नहीं मिलते जिम्मेदार कर्मचारी

सुखपुरा (बलिया)। ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। गांवों में पंचायत भवनों को प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की मंशा भी इसी उद्देश्य से जुड़ी है, ताकि ग्रामीणों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए तहसील मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। लेकिन मौजूदा स्थिति में सरकार की इस मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। मौजा बांसपाली, सुल्तानपुर और बांसेराम के ग्रामीणों की परेशानी यह है कि संबंधित लेखपालों के बैठने का कोई स्पष्ट और निर्धारित स्थान सामने नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को यह पता लगाने में कठिनाई होती है कि अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए वे लेखपाल से आखिर कहां मिलें। पंचायत भवन पर भी लेखपालों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं होने से लोगों को निराश होकर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों को आय, जाति और निवास प्रमाणपत्रों के सत्यापन, वरासत, भूमि संबंधी विवाद, राजस्व अभिलेखों में सुधार तथा अन्य जरूरी कार्यों के लिए लेखपालों की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन जब संबंधित कर्मचारी के बैठने का स्थान और मिलने का समय ही स्पष्ट न हो, तो आम लोगों की परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है। ग्रामीणों को अपने जरूरी काम के लिए बार-बार इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिससे समय और पैसे की बर्बादी होती है। अब देखना यह है कि संबंधित राजस्व विभाग इस समस्या पर कब संज्ञान लेता है और मौजा बांसपाली, सुल्तानपुर व बांसेराम के ग्रामीणों को लेखपालों से मिलने के लिए एक निश्चित स्थान और समय कब उपलब्ध कराया जाता है।

थाना समाधान दिवस : ९२ शिकायतों में से ६० का निस्तारण

शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न की जाए, डीएम और एसपी ने भदोही थाने में सुनीं समस्याएं

ज्ञानपुर। जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। भदोही थाने में जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने जनसुनवाई कर शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिले के सभी थानों में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 92 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 71 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित और 21 पुलिस विभाग से जुड़ी थीं। प्राप्त शिकायतों में से 46 राजस्व संबंधी और 14 पुलिस संबंधी मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित

अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करने को कहा। विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच करने तथा नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न की जाए और प्रत्येक मामले में गुणवत्ता व समयबद्धता का ध्यान रखा जाए। संयुक्त टीमों के माध्यम से भूमि विवादों का समाधान कराने का उद्देश्य फरियादियों को अलग-अलग विभागों के चक्कर लगाने से बचाना और उनकी समस्याओं का उचित समाधान सुनिश्चित करना है। शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य पुलिस और राजस्व से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर उनका प्रभावी निस्तारण करना है।

एक जनवरी को १८ वर्ष के होने वाले युवा करायें मतदाता पंजीकरण-डीएम

ज्ञानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी 705 मतदान केंद्रों के 1404 मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने और निर्वाचक

नामावली को त्रुटिरहित बनाने के लिए कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार तथा पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विधानसभा क्षेत्र भदोही के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाव, मदरसा अरबिया मदीतुल इल्म पीरखानपुर सहित अन्य स्थलों पर पहुंचकर मतदाता सूची और संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। डीएम ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का पंजीकरण प्राथमिकता से कराया जाए। साथ ही मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित और दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं का निर्धारित प्रक्रिया के तहत सत्यापन कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाए रखना निर्वाचन से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बीएलओ निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट भी अभियान में सहयोग करें और पात्र लोगों को पंजीकरण के लिए प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं सहित सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क करें। विशेष अभियान की निगरानी के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला सहित सभी उप जिलाधिकारी और तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे।

लटके तार की चपेट में आने से छात्र की मौत

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के केदारपुर शुक्लान गांव में 11 हजार वोल्ट के लटकते विद्युत तार की चपेट में आने से इंटरमीडिएट के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था, जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केदारपुर शुक्लान निवासी कृष्णकांत शुक्ला का 18 वर्षीय पुत्र अर्पित शुक्ला इंटरमीडिएट का छात्र था। बताया जाता है कि उसके घर पर रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा था। काम पूरा होने के बाद अर्पित लोहे की सीढ़ी, जो दूसरे के घर से लाई गई थी, वापस लौटाने जा रहा था। इसी दौरान गांव के पास से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नीचे लटक रहे विद्युत तार को ऊंचा कराने के लिए कई बार विभाग से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने मांग की है कि लटकते तार को तत्काल सुरक्षित ऊंचाई पर कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अर्पित की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। माता-पिता की इकलौती संतान होने के कारण परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के करुण क्रंदन से गांव का माहौल गमगीन हो गया।

खेतों में बोरिंग कराने पर किसानों को मिलेगा ५० प्रतिशत अनुदान

ज्ञानपुर। किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से योगी सरकार द्वारा लघु सिंचाई योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत खेतों में बोरिंग कराने पर किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ ही बोरिंग के विद्युतीकरण के लिए 68 हजार रुपये का अनुदान अलग से दिए जाने का प्रावधान है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए निजी संसाधन विकसित करने में आर्थिक मदद मिलेगी और फसलों की सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भरता कम करने में सहायता मिलेगी। सहायक अभियंता लघु सिंचाई लखो हसन ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 में भदोही जिले के 197 किसानों को इस योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें गहरी बोरिंग करने वाले 85 व मध्यम बोरिंग करने वाले 112 किसान शामिल हैं। बताया कि खेत में पानी उपलब्ध होने से किसान अपनी जरूरत के अनुसार खेतों में सिंचाई की व्यवस्था विकसित कर सकेंगे। समय पर पानी उपलब्ध होने से फसलों की देखभाल आसान होगी और खेती-किसानी के कार्यों को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने में मदद मिलेगी। बताया कि जिले में योजना के माध्यम से अब तक गहरी बोरिंग कराने वाले 260 किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है। इसी प्रकार मध्यम बोरिंग कराकर अनुदान प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या 267 हो चुकी है। खेती में सिंचाई की उपलब्धता किसानों की आय और फसल उत्पादन से सीधे जुड़ी होती है।

मतदेय स्थलों पर सुझाव-आपत्तियां देने की अंतिम तिथि २५ अक्तूबर

ज्ञानपुर। जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं समायोजन के बाद प्रकाशित आलेख्य सूची पर सुझाव एवं आपत्तियां देने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जनसामान्य और राजनीतिक दल निधारित समयसीमा के भीतर अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के प्रावधानों के तहत मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची प्रकाशित की गई है। इस संबंध में सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए 19 अक्टूबर 2026 को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी। अब सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने जनसामान्य एवं सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि मतदेय स्थलों के संबंध में कोई सुझाव या आपत्ति हो तो निर्धारित तिथि तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।

दीपावली से पहले पुलिस का बड़ा एक्शन, २६ क्विंटल से अधिक अवैध पटाखे बरामद

गोपीगंज। दीपावली से पहले अवैध पटाखों के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए भदोही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गोपीगंज कोतवाली पुलिस ने दो

स्थानों पर छापेमारी कर 2653 किलोग्राम यानी 26.53 क्विंटल पटाखे बरामद किए हैं। बरामद पटाखों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। मामले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, एक स्थान पर लाइसेंस की निर्धारित सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण किया गया था, जबकि दूसरी दुकान पर बिना लाइसेंस पटाखे रखकर बेचने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में 23 अक्टूबर की रात मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने ग्राम सोनखरी स्थित आरबी ट्रेडर्स की दुकान व गोदाम तथा गोपीगंज कस्बे के छोटी चौराहा स्थित बरनवाल बुक डिपो पर एक साथ छापेमारी की। पुलिस के मुताबिक, सोनखरी से 2049.04 किलोग्राम और छोटी चौराहा स्थित बुक डिपो से 603.96 किलोग्राम पटाखे बरामद हुए। कुल बरामदगी 2653 किलोग्राम रही। इनमें बुलेट बम, मीना बम, हाइड्रो बम,

पिता-पुत्र गिरफ्तार, लाइसेंस की सीमा से छह गुना अधिक पटाखों का भंडारण करने का आरोप

चटाई बम, फुलझड़ी और रॉकेट सहित कई प्रकार के पटाखे शामिल हैं। पूछताछ में मुख्य आरोपी अंकुर बरनवाल ने बताया कि आरबी ट्रेडर्स के नाम से उसके पास 450 किलोग्राम तक पटाखों के भंडारण और बिक्री का लाइसेंस है। पुलिस के अनुसार, दीपावली पर अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से निर्धारित सीमा से करीब छह गुना अधिक पटाखे जमा किए गए थे। आरोप है कि सोनखरी से पटाखे लाकर उसके पिता कृष्ण मुरारी बरनवाल की छोटी चौराहा स्थित बुक डिपो की दुकान पर भी बिना लाइसेंस बिक्री की जा रही थी। पुलिस ने गोपीगंज कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 427/2026 के तहत विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी में मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकुर बरनवाल और कृष्ण मुरारी बरनवाल, निवासी छोटी चौराहा, गोपीगंज के रूप में हुई है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार ओझा, रामध्यान यादव, कांस्टेबल मनोज कुमार यादव, सुनील वर्मा, अतुल कुमार और महिला कांस्टेबल आकांक्षा देवी शामिल रहीं।

पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का निर्देश

एएसपी ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ की गोष्ठी, सुनीं समस्याएं

ज्ञानपुर। पुलिस लाइन ज्ञानपुर के सभागार में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आयोजित गोष्ठी का उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच संवाद बढ़ाना तथा उनकी समस्याओं

का समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान एएसपी ने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पुलिस की कार्यप्रणाली और क्षेत्र की परिस्थितियों से भली-भांति परिचित होते हैं। ऐसे में कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों या असामाजिक तत्वों से संबंधित कोई सूचना मिलने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को लेकर भी संबंधित थाने या उच्चाधिकारियों से नि:संकोच संपर्क कर सकते हैं। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

विद्यार्थियों ने दी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा

भदोही। नगर के वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में इंटर-स्कूल नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने समूहों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, पाक-कला तथा टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिना आग या गैस का उपयोग किए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं आकर्षक व्यंजन तैयार किए। इनमें कैरेट स्वीट, स्वीट डोनट, बिस्कुट सैंडविच, चॉकलेट ब्रेड, चिप्स चाट, तिल लड्डू, भेलपुरी, पानीपुरी, मिक्स फ्रूट चाट, स्वीट कॉर्न, ओट्स लड्डू, पीनट चाट, ड्राई फ्रूट बॉल्स, ब्रेड पिज्जा, वेज रैप्स, खमण ढोकला, शुगर-फ्री एनर्जी बॉल्स सहित अनेक व्यंजन शामिल रहे। विद्यार्थियों ने व्यंजनों की सजावट, आकर्षक प्लेटिंग और रंग संयोजन के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया। विभिन्न नवीन एवं फ्यूजन व्यंजनों ने प्रतियोगिता को और भी रोचक बना दिया। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता, पौष्टिकता तथा कम लागत में आसानी से उपलब्ध सामग्री के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी मेहरा एवं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत व्यंजनों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया। विद्यार्थियों से व्यंजनों में प्रयुक्त सामग्री, पोषण तत्वों, बनाने की विधि, स्वच्छता और स्वास्थ्य लाभ से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनका उन्होंने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास, स्वच्छता और सामूहिक कार्य भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों में स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करने, पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा व्यावहारिक जीवन कौशल को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

एक नवंबर को कार्पेट एक्सपो मार्ट में लगेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

ज्ञानपुर। समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नवंबर को कार्पेट सिटी स्थित कार्पेट एक्सपो मार्ट में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसके प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर, ज्ञानपुर से प्रचार वाहन रवाना किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित होने वाले इस शिविर के लिए जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चन्द ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिविर का उद्देश्य समाज के निबज्ल वर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम डॉ. अमित वर्मा, अपर जिला जज एवं मेगा शिविर की नोडल अधिकारी पुषा सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद मिश्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव हरकिरन कौर सहित न्यायालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनपद के समस्त पात्र लाभार्थियों, जरूरतमंदों, दिव्यांगजनों, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से अपील की गई है कि वे एक नवंबर को सुबह 10 बजे कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी, भदोही में आयोजित मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें।

जान से मारने की धमकी देने का आरोप

ऊंज। थाना क्षेत्र के सहसीपुर गांव में पट्टीदारों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी नगीना देवी पत्नी कमलेश कुमार ने अपने पट्टीदारों धीरज, चंदा देवी, खुशी और दिनेश कुमार पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। नगीना देवी के अनुसार, आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की और पैर से पेट में वार किया। आरोप है कि फावड़े से पैर पर प्रहार कर उनका पैर तोड़ दिया गया। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीडिता ने ऊंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल नगीना देवी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए डीघ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

साइबर ठगी के पीड़ित को पुलिस ने वापस कराये पैसे

ज्ञानपुर। एपीके फाइल के माध्यम से साइबर ठगी के शिकार हुए औराई थाना क्षेत्र के बेजवां निवासी साजिद अली को भदोही पुलिस ने राहत दिलाई है। साइबर क्राइम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी गई 66 हजार रुपये की पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस के प्रति आभार जताया। पुलिस के अनुसार, बेजवां निवासी साजिद अली पुत्र अनीष अली के साथ क्का फाइल के जरिए 66 हजार रुपये की साइबर धोखाधड़ी हुई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और ठगी गई पूरी रकम वापस कराने में सफलता हासिल की।

सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर बने पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

विदाई गीतों पर नम हुईं आंखें

गोपीगंज। नगर के काली देवी स्थित मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति (शिवम क्लब) की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का शुक्रवार को हनुमानगढ़ी तालाब में विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इससे पहले नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान मां के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर आने की कामना की। विसर्जन यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे विदाई गीतों ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। मां की विदाई के समय कई भक्तों की आंखें नम हो गईं। श्रद्धालु 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे लगाते हुए मां दुर्गा से अगले वर्ष फिर आगमन की प्रार्थना करते रहे। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की। इस वर्ष समिति की ओर से गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर करीब 75 लाख रुपये की लागत से भव्य दुर्गा पूजा पंडाल तैयार कराया गया था। नवरात्र के दौरान यह पंडाल आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। प्रतिमा विसर्जन के साथ ही नौ दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव का समापन हो गया। शोभायात्रा और विसर्जन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। वहीं, नगर पालिका की ओर से साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस दौरान रामकृष्ण खट्टू, मोहित उमर, कुलदीप सेठ, शनि गुप्ता, जुगनू, सूरज, राजकुमार कौशल, विजय, संजय साहू, महेश पंडा, आलोक अग्रवाल, संजय गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

लालानगर में खड़े मालवाहक में भिड़ा ऑटो, चालक घायल

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के लालानगर टोल प्लाजा के पास शनिवार को एक तेज रफ्तार ऑटो सड़क किनारे खड़े मालवाहक में जा घुसा। हादसे में ऑटो चालक मामूली रूप से घायल हो गया, जबकि ऑटो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि माधोसिंह, औराई निवासी असलम खान गोपीगंज की तरफ से खाली आटो लेकर अपने घर लौट रहा था। गोपीगंज से औराई की तरफ जाते समय लालानगर टोल प्लाजा के पास तेज गति के कारण ऑटो असंतुलित हो गया और सड़क किनारे खड़े मालवाहक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो का अगला हिस्सा मालवाहक में फंस गया। हादसे में चालक असलम खान को मामूली चोटें आईं।

पीईटी परीक्षा की तैयारियां पूरी, १३ केंद्रों पर ३३,९८४ अभ्यर्थी होंगे शामिल

२५, ३० अक्तूबर और एक नवंबर को दो पालियों में होगी परीक्षा, हर केंद्र पर स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) की तैयारियां शनिवार शाम तक पूरी कर ली गईं। जिले में 25 और 30 अक्तूबर तथा एक नवंबर को 13 केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी। दो पालियों में होने वाली परीक्षा में कुल 33,984 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को पारदर्शी और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। जिले में प्रत्येक पाली में 5,664 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित होगी। जिलाधिकारी शैलेष कुमार की संस्तुति पर शिक्षा विभाग ने केंद्राध्यक्षों के साथ स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निर्धारित कर दी है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में जिला स्तरीय अधिकारियों, तहसीलदारों और उपजिलाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गई है। परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकम्रियों की तैनाती रहेगी। शनिवार को केंद्रों पर कर्मचारियों ने डेस्क स्लिप लगाने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। परीक्षा से पहले तैयारियों को पूरा करने के लिए केंद्रों पर कर्मचारी जुटे रहे। प्रदेश में विभिन्न सरकारी पदों पर भर्ती के लिए पीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। ऐसे में परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में उत्सुकता है। प्रशासन का प्रयास है कि परीक्षा निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। जिले में पीएम श्री विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, काशी नरेश विश्वविद्यालय के दो केंद्र, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर और गोपीगंज, मदर हलीमा पब्लिक स्कूल भदोही, काशीराज महाविद्यालय इंटर कॉलेज औराई, बुनमैक्स कॉन्वेंट स्कूल गोधना, सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर और गोपीगंज, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही, गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज गोपीगंज और टेंडर हार्ट्स स्कूल घोसिया को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

मजबूत लोकतंत्र के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी-एसडीएम

घोसिया। केशव प्रसाद राल्ही पीजी कॉलेज में शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता जागरूकता संगोष्ठी एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम औराई शिवेन्द्र कुमार वर्मा ने युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम शिवेन्द्र कुमार वर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक त्रिपाठी और उपप्राचार्य डॉ. कुलदीप पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि जागरूक मतदाता ही सशक्त और जीवंत लोकतंत्र की आधारशिला हैं। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके प्रत्येक युवा को मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान के संवैधानिक महत्व, नए मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया और निर्वाचन में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. आलोक त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों का दायित्व विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ ही जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उपप्राचार्य डॉ. कुलदीप पाण्डेय और प्रशासनिक अधिकारी इंजीनियर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने भी विद्यार्थियों से मतदाता जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान एसडीएम ने प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं जिम्मेदारी के साथ मतदान करने की सामूहिक शपथ दिलाई। इसके बाद पात्र विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए संबंधित फॉर्म भरे। कार्यक्रम में डीन डॉ. मेघा बरनवाल, विभागाध्यक्ष डॉ. नीतू शुक्ला, विकास राय, अतुल चतुर्वेदी, अनुराधा यादव, प्रिया मिश्रा, अंजनी कुमार, रूपेश यादव, शिव कुमार मिश्र, अवधेश पाण्डेय, सूरज कुमार, अजय पटेल, अरविन्द मौर्या, सुरेश यादव, सुमन प्रियांगी, राहुल यादव, राजकुमार यादव और पुस्तकालयाध्यक्ष आशिष बिन्द सहित महाविद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन मनोज चौबे ने किया।

भरत मिलाप और शोभायात्रा को लेकर पुलिस ने किया रूट का निरीक्षण

ज्ञानपुर। खमरिया और उगापुर में 25 अक्तूबर को आयोजित होने वाले भरत मिलाप, शोभायात्रा और जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए भदोही पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ आयोजन मार्गों का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात और प्रभारी निरीक्षक औराई ने कस्बा खमरिया एवं उगापुर में स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जुलूस मार्ग, भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग और रूट डायवर्जन की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत शनिवार को भदोही जिले में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकी पुलिस ने स्कूल-कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। उन्हें छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। साथ ही किसी भी तरह की परेशानी होने पर बिना डर और संकोच के पुलिस से शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए संचालित सरकारी योजनाओं, महिला अधिकारों, पॉक्सो एक्ट और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।

कुएं में गिरी महिला को पुलिस ने सुरक्षित निकाला

गोपीगंज थाना क्षेत्र के जंगीगंज बाजार में शनिवार सुबह किसान सेवा सहकारी समिति के पास स्थित एक गहरे कुएं में गिरी 40 वर्षीय महिला को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला मानसिक रूप से कमजोर बताई गई है। पुलिस ने उसके भाई को मौके पर बुलाकर महिला को सकुशल सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह यूपी-112 को सूचना मिली कि जंगीगंज में एक महिला कुएं में गिर गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी 5529 और जंगीगंज

३५ साल पुरानी लड्डू गोपाल की मूर्ति, चांदी की बांसुरी चोरी

ओबरा(सोनभद्र)। नगर के हंस वाहिनी नगर बिल्ली स्थित प्रसिद्ध मां शारदा शक्ति पीठ मंदिर (शारदा पीठ) में बीती रात बेखौफ चोरों ने ताला तोड़कर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल होकर राधे-कृष्ण के गर्भगृह के पट का ताला तोड़ दिया। चोर वहां से लगभग 30 से 35 साल पुरानी भगवान लड्डू गोपाल की पीतल धातु की ऐतिहासिक मूर्ति लगभग 300 ग्राम वजनी पीतल की व चांदी की बांसुरी, चांदी की माला, चांदी की नथिया और पीतल के अन्य कीमती पात्र चुरा ले गए। इसके अलावा पास में स्थित शारदा माता के चौनल को भी तोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वह ताला नहीं टूटा। चोरी की यह पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। ताला टूटा देख परिजनों के उड़े होश, समिति व पुलिस को दी सूचना घटना

मां शारदा शक्तिपीठ की चोरी से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश

का क्रम तब शुरू हुआ जब मंदिर के नियमित सेवादार के थोड़ा अस्वस्थ होने पर उनकी माताजी तड़के मंदिर का चौनल खोलने पहुंचीं, जो रोजाना 4:30 बजे खुलता है। माता जी जब चौनल पर पहुंचीं तो ताला पहले से खुला देखकर वापस घर लौट आईं और परिजनों को बताया। सेवादार ने अपने बेटे से पूछा कि क्या रात में ताला बंद करना भूल गए थे, जिस पर बेटे ने मना किया। इसके बाद जब सेवादार खुद मौके पर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत मंदिर समिति के पदाधिकारियों को फोन किया। समिति के लोग मौके पर पहुंचे और भोर में लगभग 4:45 बजे के आसपास डायल 112 व ओबरा पुलिस को सूचना दी। चोरी की खबर फैलते ही सुबह 6 बजे से ही स्थानीय निवासियों, श्रद्धालुओं और बच्चों की भारी भीड़ मंदिर प्रांगण में एकत्र हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र थाना प्रभारी प्रसून श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रहरि द्वारा मामले में लिखित प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया जा रहा है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस प्रशासन हर एंगल से मामले की लगातार सूक्ष्मता से जांच कर रहा है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। कुछ ही दिनों पहले जनपद के चोपन नगर स्थित काली मंदिर में भी ऐसी ही चोरी की घटना हुई थी। अब शारदा मंदिर में हुई इस वारदात से आम जनमानस में गहरा आक्रोश और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। भगवान के धाम तक को न छोड़ने वाली इस घटना ने मानवीय मूल्यों और सुरक्षा व्यवस्था दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रहरि, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, सचिव तारकेश्वर केसरी, उमाशंकर अग्रहरि, लक्ष्मी नारायण अग्रहरि, शिवजी अग्रहरि, सुभाष अग्रहरि, सत्यनारायण अग्रहरि, जय नारायण अग्रहरि, मनोज दुबे, राजेश केसरी व गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी में किया एस्ट्रो लैब का लोकार्पण

सोनभद्र। जनपद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी, रॉबर्ट्सगंज में स्थापित महर्षि आर्यभट्ट एस्ट्रो लैब का लोकार्पण जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय उपस्थित रहे। सोनभद्र को डेटा-आधारित निपुण भारत मॉनिटरिंग डैशबोर्ड पर तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए नीति आयोग द्वारा सम्मानित किया गया था। इस उपलब्धि के तहत जनपद को 2 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी। इसी धनराशि से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अंतरिक्ष विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराने तथा विद्यालय में नवाचारपूर्ण शिक्षण वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से महर्षि आर्यभट्ट एस्ट्रो लैब की स्थापना की गई है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जनपद को सम्मानित किया जाना अधिकारियों एवं शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस उपलब्धि के तहत प्राप्त प्रोत्साहन राशि

दो लाख रुपये की सहायता राशि से स्थापित हुआ महर्षि आर्यभट्ट एस्ट्रो लैब

का उपयोग विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए करना एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि एस्ट्रो लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अंतरिक्ष की अवधारणाओं को केवल पुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय मॉडल, विभिन्न गतिविधियों एवं प्रयोगात्मक अनुभवों के जरिए समझने का अवसर मिलेगा। इससे बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान की क्षमता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि महर्षि आर्यभट्ट एस्ट्रो लैब विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान, सौरमंडल, ग्रहों, उपग्रहों एवं अंतरिक्ष विज्ञान की मूल अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से समझने में सहायक होगी। गतिविधि-आधारित शिक्षण से बच्चों में प्रश्न पूछने, अवलोकन करने, तार्किक ढंग से सोचने तथा नई चीजें सीखने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि जनपद की शैक्षिक उपलब्धियों का लाभ सीधे विद्यार्थियों तक पहुंचे और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक विज्ञान, तकनीक एवं नवाचार से जुड़ने के बेहतर अवसर प्राप्त हों। उन्होंने यह भी कहा कि सीएसआर फंड के माध्यम से जनपद के अन्य विद्यालयों में भी एस्ट्रो लैब स्थापित करने की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी, ताकि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी ने कहा कि डेटा-आधारित मॉनिटरिंग का वास्तविक महत्व तभी है, जब उससे प्राप्त निष्कर्षों एवं उपलब्धियों को धरातल पर सकारात्मक बदलाव में परिवर्तित किया जाए। निपुण भारत मॉनिटरिंग डैशबोर्ड पर जनपद की उपलब्धि के फलस्वरूप प्राप्त प्रोत्साहन राशि से एस्ट्रो लैब की स्थापना करना परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण का उदाहरण है। साक्ष्य-आधारित निर्णय एवं संसाधनों का सुनियोजित उपयोग विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

राजस्व के ४८, पुलिस से सम्बंधित ९ मामलों का निस्तारण

सोनभद्र। जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जनता की समस्याओं की सुनवाई कर उसका समाधान किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त अनेक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किए जाने पर बल दिया गया, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रत्येक प्रकरण का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। थाना समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बंधित 10 तथा राजस्व से सबंधित 106 प्रार्थना पत्र पूर्व से लंबित पड़े थे, इसके साथ ही आज पुलिस से सम्बंधित 13 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें 9 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया, इसी प्रकार राजस्व विभाग से सम्बंधित 55 प्रार्थना पत्रों में से 48 का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

साइबर अपराध के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक

बीजपुर(सोनभद्र)। अक्टूबर माह में चलाए जा रहे विशेष साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में 24 अक्टूबर को थाना बीजपुर पुलिस की टीम ने हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल बीजपुर में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत बालिकाओं से संवाद कर उनकी सुरक्षा अधिकारों और सहायता के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए मोबाइल फोन को सुरक्षित रखने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड न करने तथा साइबर ठगी से सतर्क रहने की जानकारी दी।

एनटीपीसी सिंगरौली के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में १५० ग्रामीण लाभान्वित

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी सिंगरौली की नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत आह्वाहन हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत कोटा बस्ती में निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एनटीपीसी संजीवनी चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लगभग 150 ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं की सुविधा प्रदान की गई।शिविर का आयोजन डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा डॉ. ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में ग्राम प्रधान प्रमोद तिवारी के समन्वय से किया गया। इस दौरान चिकित्सकीय टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। बीपी और ब्लड शुगर की भी हुई जांच शिविर में डॉ. राहुल कुमार यादव एवं डॉ. रजित कुमार यादव की चिकित्सकीय टीम ने सर्दी-खांसी, बुखार, गैस्ट्रोएंटेराइटिस, कमर दर्द, कुपोषण, संक्रामक रोगों तथा स्त्री रोग संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की। मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। इसके साथ ही उच्च रक्तचाप और मधुमेह की समय पर पहचान के लिए रक्तचाप एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। जिन मरीजों को विशेष चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता थी, उन्हें विशेषज्ञ परामर्श के लिए एनटीपीसी संजीवनी चिकित्सालय रेफर किया गया। नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति किया जागरूक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और बीमारियों की समय पर पहचान आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं अन्य सामान्य बीमारियों के प्रति जागरूक रहने और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर समय से चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। शिविर का संयोजन सुश्री इरम फातिमा, प्रशासनिक अधिकारी एवं सीएसआर टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान परसवार राजा अविनाश कुमार की भी सक्रिय सहभागिता रही।

ट्रेलर में पीछे से भिड़ी निजी बस, पांच यात्री घायल

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर थाना क्षेत्र के मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर देवरी-बभनडीहा गांव के बीच शनिवार सुबह एक निजी बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में बस में सवार पांच यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) म्योरपुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे रेणुकूट से यात्रियों को लेकर निजी बस छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जा रही थी। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर देवरी-बभनडीहा गांव के पास पहुंचने पर आगे चल रहे ट्रेलर के

गंभीर हालत में महिला जिला अस्पताल रेफर, रेणुकूट से अंबिकापुर जा रही थी बस

चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे पीछे चल रही बस ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर के कारण बस के आगे बैठे पांच यात्री घायल हो गए। घायलों में छत्तीसगढ़ निवासी 25 वर्षीय मुसर्रत खातून, काचन निवासी 25 वर्षीय रुखसार, म्योरपुर निवासी 19 वर्षीय नेहा, रेणुकूट निवासी 24 वर्षीय तराना बानो और काचन निवासी 50 वर्षीय अशोक शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी म्योरपुर पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल मुसर्रत खातून को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

दोबारा कैसे खुल रहे हैं सील किये गये अस्पताल-धर्मवीर

स्वास्थ्य विभाग की काली करतूत से बढ़ रहें मौत के आंकडे, जिम्मेदार नोडल अधिकारी पर अबतक क्यों नहीं हुई कारवाई

धर्मवीर तिवारी

सोनभद्र । सन् 1989 को मिर्जापुर जिले से अलग होकर नया जिला सोनभद्र, बना तो लोगों को लगा कि अब जिले का, विकास होगा और लोगों के चेहरे और जीवन में खुशहाली लौटेगी। लेकिन लम्बे समय तक नक्सल फिर अवैध खनन और अब अवैध अस्पताल में हो रही मौतों ने जिले को एक बार फिर सूबे में चर्चा में ला दिया है। लगातार चल रही अवैध अस्पतालों को लेकर बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा की वे पूरे प्रकरण को मुख्यमंत्री के सामने जल्द उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सोनभद्र में गरीबों की जिंदगी का कोई मोल नहीं है। जिस तरह से गरीब दलालों के चंगुल में फंसकर अवैध प्राइवेट अस्पताल में जाकर अपनी जान गवां रहे हैं, यह बेहद गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कई केसों में जिस तरह से आशाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के नोडल की भी भूमिका सामने आ रही है वह स्वास्थ्य विभाग और सोनभद्र के लिए चिंताजनक है। अब आशा भी चन्द पैसों के लिए प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को भेजने का काम कर रही हैं। नोडल द्वारा 50 हजार से एक लाख रूपये लेकर अवैध अस्पतालों को चलवाया जा रहा है धर्मवीर तिवारी ने कहा कि लगातार पूरे जिले में अस्पताल खुल रहे हैं और धड़ल्ले से इलाज हो रहे हैं। उन्होंने नोडल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति अवैध अस्पतालों को रोकने और कार्यवाही के लिए हुई है लेकिन नोडल तभी नजर आते हैं जब कोई घटना घट जाती है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने पूछा कि आखिर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अवैध अस्पतालों की सूची क्यों नहीं जारी करते। उन्होंने कहा कि हैरानी इस बात की होती है कि निजी घरों में भी अस्पताल चल रहा है, आखिर उन्हें लाइसेंस कैसे मिल जा रहा। डॉ. तिवारी ने आरोप लगाया कि रॉबर्ट्सगंज में लगभग 23, घोरावल में 19 और दुद्धी में 14 अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही अवैध पैथोलाजी भी मौत बांटने का काम कर रहे हैं, जब सोनभद्र मुख्यालय पर 7 रेडियोलाजिस्ट है तो 16 डाईगोनीस्टिक सेंटर का लाइसेंस कैसे दिया गया इसकी निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर बार घटना के बाद अस्पताल सील किया जाता है और फिर कुछ दिनों बाद खुल जाता है। अस्पताल के मामलों में जिलाधिकारी को तत्काल हस्तक्षेप करके सीएमओ और नोडल के खिलाफस्पेशल जाँच कराकर कार्यवाही करनी चाहिए उन्होंने सीएमओ से भी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि जब तक जिम्मेदारी तय नहीं होगी घटनाएं घटती रहेगी। डॉ तिवारी ने कहा कि लगातार गरीबों की हो रही मौत और उनके साथ हो रहे शोषण को लेकर वे जल्द मुख्यमंत्री को पत्रक सौंपेंगे।

दुष्कर्म के आरोप में वांछित आरोपी गिरफ्तार

ओबरा(सोनभद्र)। जुगैल थाना क्षेत्र में बालिका से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। आरोपी की पहचान धीरज यादव पुत्र विद्यामनी यादव, निवासी ग्राम चकाड़ी, थाना ओबरा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे महलपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर को बालिका घर से दुकान पर सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान आरोपी पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। मामले में 23 अक्टूबर को मिली तहरीर के आधार पर थाना जुगैल में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (2) (वी) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस टीम में जुगैल थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा, हेड कांस्टेबल शिवदास यादव तथा कांस्टेबल दिलबर खान और अजय कुमार शामिल रहे।

भक्ति भजन से होता है कल्याण-दयाशंकर

रेणुकूट(सोनभद्र)। महाबली फि टनेस अरेना गांधी मैदान रेणुकूट पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। पूजन का प्रारंभ राम दरबार एवं बजरंगबली का पूजा करके और दीप प्रज्वलित करके प्रारंभ हुआ। पाठ का आयोजन कर रहे सोनभद्र के प्रसिद्ध भजन गायक दयाशंकर गुप्ता ने बताया कि भक्ति भजन करने से कल्याण होता है। भक्ति गीतों के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान उपस्थित लोग भजन पर भाव विभोर होते रहे और एक से बढ़कर एक भजन के प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ जिसमें सबका मन मोह रखा था। इस आयोजन में प्रमुख भजन गायक दयाशंकर गुप्ता, अनिल शाह ,हीरा राय, आकाश राय ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान रेणुकूट व्यापार मंडल अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता, उपस्थित रहे। महाबली फिटनेस अरेना के प्रमुख कोच राजेश सिंह ने बताया कि रेणुकूट में लोगों के स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेणुकूट बाजार में मेन रोड पर खोला गया है, सभी को उचित दर पर सुविधाजनक स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस दौरान महाबली फिटनेस अरेना के स्वामी रविंद्र गुप्ता अमित मौर्य, राजेश सिंह, विजय सिंह, रामचंद्र सोनीआदि उपस्थित रहे। भजन के उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ।

डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो गंभीर घायल

लिलासी(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में शुक्रवार की रात छठी कार्यक्रम में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सीएचसी म्योरपुर से जिला अस्पताल रेफर, परिजनों ने किया हंगामा

सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बभनी थाना क्षेत्र के घघरी निवासी 22 वर्षीय श्रीराम अपनी बहन के यहां गोविंदपुर में आयोजित छठी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। उसके साथ नवाटोला निवासी उदय कुमार भी था। श्रीराम के अनुसार, उसने डीजे संचालक से डीजे चालू करने को कहा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि डीजे संचालक ने कड़े से हमला कर श्रीराम और उदय कुमार को घायल कर दिया। पुलिस दोनों घायलों को सीएचसी म्योरपुर ले गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान घायलों के परिजन सीएचसी में ही इलाज कराने की मांग को लेकर चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों से उलझ गए। हंगामा बढ़ने पर स्वास्थ्यकर्मियों ने म्योरपुर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद परिजन दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए।

एटीएस फिटनेस सेंटर पर अवैध वसूली के आरोप

सोनभद्र। हिंदुआरी स्थित ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) फिटनेस सेंटर की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को परिवहन विभाग ने गंभीरता से लिया है। वाहन स्वामियों और ट्रांसपोर्टरों ने निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूलने तथा बिना वाहन को सेंटर पर लाए ही फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने के आरोप लगाए हैं। फिटनेस सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस बंद होने का मामला भी सामने आया है। एआरटीओ प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिकायती प्रकरण की जांच कराई जायेगी। यदि जांच में आरोप सही पाया जाता है तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। एआरटीओ प्रशासन कौशल कुमार सिंह ने बताया कि कुछ ट्रांसपोर्टरों और स्कूल प्रबंधकों की ओर से एटीएस सेंटर को लेकर शिकायतें मिली हैं। विभाग इन शिकायतों को गंभीरता से ले रहा है। वाहनों के फिटनेस के लिए शासन की ओर से निर्धारित शुल्क ही देय है। वाहन स्वामियों को अतिरिक्त धनराशि देने की आवश्यकता नहीं है। निर्धारित शुल्क की जानकारी संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध है और भुगतान के बाद रसीद भी दी जानी चाहिये। इसके बावजूद निर्धारित शुल्क से ज्यादा लिया जाना एक गंभीर प्रकरण है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि सेंटर पर निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि मांगने के साक्ष्य मिलते है तो सम्बंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। एआरटीओ ने बताया कि सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस कंपनी की ओर से बंद किए जाने की समस्या भी संज्ञान में आई है। इसके कारण विभागीय अधिकारियों को सेंटर की गतिविधियों की लगातार निगरानी करने में परेशानी होती है। इस मामले में उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एटीएस सेंटरों पर वाहनों की तकनीकी जांच और फिटनेस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखना जरूरी है। किसी भी स्तर पर निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर सेंटर का संचालन निरस्त कराने के लिए भी कदम उठाए जा सकते हैं।

एआरटीओ ने शिकायतों को गंभीरता से लिया, कारवाई के लिए उच्चाधिकारियों को लिखा पत्र

कंचन ज्वेलर्स डकैती कांड का आखिरी आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली। जयंत स्थित कंचन ज्वेलर्स में हुई सनसनीखेज डकैती के मामले में सिंगरौली पुलिस ने छठवें और अंतिम आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राहुल कुमार को जयंत पुलिस ने साइबर सेल सिंगरौली और आरपीएफ जबलपुर की मदद से जबलपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक, आरोपी चेन्नई से लौटने के बाद दोबारा वहां जाने की फिराक में था। उसकी गिरफ्तारी के साथ ही 17 सितंबर को हुई इस वारदात में शामिल सभी छह आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गए हैं। आरोपी के कब्जे और निशानदेही पर 11 सोने के जेवर, चांदी की दो मूर्तियां, 4,750 रुपए नकद, एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के लिए करीब एक महीने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। योजना के तहत झारखंड के गढ़वा जिले में हथियारों के बल पर दो अपाचे मोटरसाइकिलें लूटी गईं और उन्हें उत्तर प्रदेश के अनपरा में पहुंचाया गया। इनका इस्तेमाल डकैती के दौरान किया जाना था। पुलिस के मुताबिक, चार बदमाश दुकान के भीतर लूटपाट कर रहे थे, जबकि दो बाहर निगरानी कर रहे थे। तीन-चार राउंड फायरिंग के बाद आरोपी दोनों अपाचे मोटरसाइकिलों पर सवार होकर मस्जिद तिराहे की ओर से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज से लेकर अंतरराज्यीय समन्वय तक, ऐसे खुला मामला घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट टीम की मदद से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए। आरोपियों की तलाश में मध्यप्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी पुलिस ने दबिश दी। मुखबिरों से मिली सूचना और तकनीकी साक्ष्यों को जोड़कर फरार आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की गई। कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन, डीआईजी रीवा क्षेत्र हेमंत सिंह चौहान के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक सिंगरौली शियाज के.एम. के नेतृत्व में की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर हेमंत कुमार सिंह और चौकी प्रभारी जयंत निरीक्षक पवन कुमार सिंह की निगरानी में विभिन्न टीमों ने कार्रवाई की। मामले में थाना विंध्यनगर में अपराध क्रमांक 461/2026 दर्ज है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है और अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की जानकारी संबंधित राज्यों की पुलिस से जुटाई जा रही है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

चेन्नई से लौटकर फिर जाने की फिराक में था राहुल, जबलपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया, छह बदमाशों ने तीन बार की थी दुकान की रेकी

संघर्ष समिति ने स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

विंढमगंज(सोनभद्र)। रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग पूरी नहीं होने से रेल रोको संघर्ष समिति ने स्टेशन अधीक्षक आलोक अकेला को ज्ञापन सौंपा। रेल रोको संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र एडवोकेट ने कहा कि रांचीदृचोपन एक्सप्रेस और स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर लंबे समय से उठ रही मांग पर अब तक ठोस पहल नहीं होने से एक बार फिर आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। क्षेत्रवासियों ने रेलवे प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की मांग करते हुए स्पष्ट किया है कि मांग की अनदेखी जारी रही तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। झारखंड राज्य के गढ़वा जिला अनुसूचित, जनजाति के अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि विंढमगंज रेलवे स्टेशन के आदिवासी एवं ग्रामीण अंचल के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है।

दुद्धी को जिला बनाओ को लेकर विरोध प्रदर्शन

दुद्धी(सोनभद्र)। जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा ने शनिवार को जिला बनाओ विकास कराओ की आवाज जोरदार ढंग से बुलंद करते हुए, कचहरी के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा का समूह न्यायिक कार्य से विरत रहकर कोर्ट परिसर के मेन गेट पर जिला बनाओ विकास कराओ के नारे लगाये। वक्ता रामपाल जौहरी, सत्यनारायण यादव, राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार जनमत का सम्मान कर भावनाओं को समझें और दुद्धी को जिला बनाएं। जिला बनाओ की आवाज दो दशक से ज्यादा दिनों से उठाई जा रही है। हमारी मांग है कि चुनावी सभा मे कहा जाता है कि सभी मानकों को पूरा करने वाले दुद्धी को सरकार द्वारा जिला बनाई जाएगी। लेकिन सरकार बनने के बाद अभी तक कोई भी निर्णय नही लिया जा रहा है। 2017 से 2025 तक जिला बनाओ पर भाजपा सरकार सिर्फ धोखा ही दिया है। प्रदेश में आठ ऐसे जिले हैं जो दुद्धी जिला के आबादी के बराबर में भी नही हैं। मानक का बहाना बताकर सरकार टाल रही है। अधिवक्ता समूह ने जमकर नारेबाजी किया।

डीसीएफमें चेयरमैन ने भूमि पूजन कर किया कार्य का शुभारंभ

दुद्धी(सोनभद्र)। नगर पंचायत दुद्धी क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए वार्ड संख्या 5 में डूडा से लाखों की लागत से बनने वाले सीसी रोड के निर्माण का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन कर किया। चेयरमैन कमलेश मोहन ने कहा कि नगर क्षेत्र में बेहतर सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। सीसी रोड बनने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जुबेर आलम,वार्ड सभासद शाहनवाज खान,आनंद कुमार,अन्नू,आमे

सुभाषित *अपने स्वत्व और अधिकारोंकी रक्षाके लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। अन्यायका प्रतिकार आवश्यक है। पलायन नहीं, पुरुषार्थका चयन करना चाहिए।* ❐ *भीष्म पर्व*

चीनका फिर दुस्साहस

यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि अरुणाचलमें चीनसे लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध अब भी जारी है। इसकी आधिकारिक रूपसे पुष्टि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीटी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूरने की है। उन्होंने गुरुवारको स्वीकार किया कि अरुणाचल प्रदेशमें भारतीय और चीनी सैनिकोंके बीच कई स्थानोंपर जुलाईसे जारी तनावकी स्थिति अब भी बनी हुई है। भारत-चीनके सैनिकोंके बीच जुलाईके आखिरमें जिस इलाकेमें आमना-सामना हुआ था, वह बेहद संवेदनशील है। यह अरुणाचल प्रदेशके ऊपरी सुबनसिरी जिलेमें स्थित ताकसिंग-माजा-असफिला सेक्टर है जो भारतकी अग्रिम चौकियों, सैनिकोंकी आवाजाही और सीमापर नियंत्रणसे जुड़ा है। यह पूरा इलाका भारतके लिए बेहद अहम है, क्योंकि ताकसिंग पहुंचने वाली तामा चुंग चुंग-ताकसिंग सड़क सैनिकों, रसद और रक्षा सामग्रीके लिए कठिन पहाड़ी भू-भाग और खराब मौसमके कारण क्षेत्रमें सड़क सम्पर्क मजबूत होना सैन्य तैयारियोंका मजबूत हिस्सा है। इसीलिए चीनकी गिद्ध दृष्टि इस क्षेत्रपर टिकी हुई है, क्योंकि भारत इस क्षेत्रमें मजबूत स्थितिमें है जिससे तनाव बना हुआ है। हालांकि परराष्ट्र मंत्रालयने इस बारेमें स्थिति साफ नहीं की है लेकिन आईटीबीपी महानिदेशकके टकरावके दावेको खारिज भी नहीं किया है। परराष्ट्र मंत्रालयके प्रवक्ताने सफाई देते हुए इतना जरूर कहा है कि जब चीनी सेना गश्तके पहलेसे तय तौर-तरीकोंसे पीछे हटती है तो सीमावर्ती क्षेत्रोंमें स्थिति समय-समयपर बिगड़ जाती है। यह स्थिति भारत और चीन दोनों देशोंके हितोंके लिए शुभ संकेत नहीं है। चीनकी ये हरकतें उसका दुस्साहस है जिसे किसी भी रूपमें स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बड़ी बात यह है कि वर्तमानमें भारतीय सीमामें अनेक निर्माण चल रहे हैं। खासकर जरूरी सड़कोंका निर्माण तेजीसे हो रहा है, ऐसेमें चीनकी सक्रियता कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। भारतको पूरी तरह सतर्क रहनेकी जरूरत है और हर स्थितिसे कड़ाईके साथ निबटना होगा। यह विडम्बना ही है कि चीन एक ओर भारतसे दोस्तीकी बात करता है और सहयोगका इरादा रखता है, वहीं दूसरी ओर टकरावकी साजिशें भी रचता है जो उसकी कथनी और करनीको उजागर करता है। द्विपक्षीय सम्बन्धोंके समग्र विकासके लिए सीमावर्ती क्षेत्रोंमें शान्ति और स्थिरता बनाये रखना दोनों देशोंके हितमें है। चीन कभी भी भारतके लिए विश्वसनीय नहीं रहा, इसलिए भारतको फूंक-फूंकर कदम रखना होगा। इस मुद्देपर देशके अन्दर किसी भी प्रकारकी राजनीति नहीं होनी चाहिए।

सुरक्षा मानकोंकी उपेक्षा

बिहारके सिवान जिलेमें पटाखा बनाते समय हुए भीषण विस्फोटने एक बार फिर शासन-प्रशासनकी कार्यप्रणालीपर गम्भीर सवाल खड़े कर दिये हैं। इस हादसेमें आठ लोगोंकी मौतकी आशंका है। विस्फोट इतना भयावह था कि दो मंजिला मकान ढह गया और घरसे करीब दो सौ मीटरकी दूरीतक शवोंके टुकड़े गिरे पड़े थे। तेज धमाकोंकी आवाजसे पूरे इलाकेमें दहशत फैल गयी और लोग जान बचानेके लिए इधर-उधर भागने लगे। यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्थामें सम्भावित लापरवाहीका भयावह उदाहरण है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसी घटनाओंके बाद ही प्रशासनकी नींद क्यों खुलती है? पटाखोंका निर्माण अत्यन्त जोखिमभरा काम है। इसके लिए वैध अनुमति, सुरक्षित भण्डारण, अग्निशमनकी व्यवस्था और निर्धारित मानकोंका पालन आवश्यक है, लेकिन सतत और मजबूत निगरानी तंत्रके अभावमें निर्धारित मानक दम तोड़ देते हैं। क्या नियमित निरीक्षणकी व्यवस्था केवल कागजोंतक सीमित है। देशके विभिन्न हिस्सोंमें पटाखा कारखानोंमें विस्फोट और आग लगनेकी घटनाएं अब आम हो गयी है। हर घटनाके बाद जांच मुआवजे, काररवाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनेके आश्वासन दिये जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। नतीजा यह है कि लापरवाहीकी कीमत आम लोगोंको अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। उन अधिकारियोंकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए जिनकी जिम्मेदारी पटाखा निर्माण और विस्फोटक सामग्रीके भण्डारणपर निगरानी रखना है। शासन-प्रशासनको हादसोंके बाद सक्रिय होनेकी जगह पहलेसे सतर्क रहना होगा। नियमित निरीक्षण, अवैध इकाइयोंपर कठोर काररवाई और सुरक्षा मानकोंका सख्तीसे पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। मृतकोंके प्रति सच्ची संवेदना तभी होगी जब ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति रोकनेके लिए मजबूत निगरानी तंत्रके साथ ही सम्बन्धित अधिकारियोंकी जवाबदेही तय होगी।

लोक संवाद

महिलाओंके लिए स्थान

महोदय,-कोचीनमें एक कॉन्फ्रेंसके दौरान, एक सुन्नी धर्मगुरुने कथित तौरपर कहा कि उनके धार्मिक ग्रंथ महिलाओंको घरके अन्दर रहनेकी सीख देते हैं और उन्हें सार्वजनिक जगहोंपर लानेसे भारी तबाही मच सकती है। मैंने घबराहटमें बाहर देखा। हर तरफ औरतें ही औरतें थीं। एक महिला बस चला रही थी। दूसरी सर्जरी कर रही थी। तीसरी अदालतमें केस लड़ रही थी। कई औरतें बच्चोंको पढ़ा रही थीं, कम्पनियां चला रही थीं, हवाई जहाज उड़ा रही थीं और जिलोंका प्रशासन संभाल रही थीं। सदियोंसे औरतें बराबरीका इनसान माने जानेके मामूली अधिकारके लिए संघर्ष कर रही हैं। फिर भी, जब भी वे आगे बढ़ती हैं, कोई न कोई धार्मिक किताब उठाता है, उसमेंसे अपनी सुविधाका एक वाक्य निकालता है और उनपर थोप देता है। उस किताबको शायद ही कभी उसके संदर्भको समझनेके लिए खोला जाता है। उसका इस्तेमाल बस एक ईंटकी तरह किया जाता है। पुराने जमानेके कई नियम ऐसे समाजोंमें बने थे, जहां जिन्दगी बिल्कुल अलग थी। पुरुष शिकार करते थे, लड़ाइयां लड़ते थे, खतरनाक इलाकोंसे गुजरते थे और घरसे बाहर रहकर कमाते थे। औरतें आम तौरपर बच्चोंकी सुरक्षा करती थीं और घर संभालती थीं। वे नियम उस दौरके हालातके हिसाबसे थे। लेकिन आज लड़ाइयां सैटेलाइट, कम्प्यूटर, इंटेलिजेंस और टैक्नोलॉजीसे लड़ी जाती हैं। औरतें सेनामें सेवा देती हैं, हवाई जहाज उड़ाती हैं, मिसाइलें डिजाइन करती हैं और सरकारें चलाती हैं। अब शारीरिक ताकत यह तय नहीं करती कि समाजमें कौन योगदान दे सकता है। दिमाग तय करता है। शायद यही बात कुछ पुरुषोंको डराती है। एक पढ़ी-लिखी औरत सवाल कर सकती है। एक आजाद औरत अन्यायके खिलाफ आवाज उठा सकती है। एक आत्मविश्वाससे भरी औरत यह पूछ सकती है कि जो पुरुष उसे धर्मग्रंथोंका हवाला दे रहा है, उसने कभी उन बातोंका जिक्र क्यों नहीं किया, जिनमें दया, न्याय, विनम्रता और संयम बरतनेकी सीख दी गयी है। धर्मको लोगोंको ऊपर उठाना चाहिए, न कि उन्हें कमरोंमें बंद करना चाहिए। हर धर्ममें सम्मान, करुणा और न्यायके बारेमें सुन्दर बातें कही गयी हैं। लेकिन जब धर्मग्रंथोंको उनके संदर्भसे अलग करके पुरुषोंके विशेषाधिकारको बनाये रखनेके लिए इस्तेमाल किया जाता है तो इससे धर्म मजबूत नहीं होता। इससे धर्म ऐसा लगने लगता है जैसे वह ज्यादती करने वालोंका साथ दे रहा हो। ऐसी बातें इसलिए भी खतरनाक हैं क्योंकि ये उन परिवारोंपर असर डालती हैं, जहां शिक्षा कम है। एक कंट्रोल करने वाला पति इन्हें सुनकर सोचता है कि उसके बर्तावको परमात्माकी मंजूरी मिल गयी है। एक डरी हुई बेटीको पढ़ाईसे रोक दिया जाता है। एक काबिल पत्नीको काम करनेसे रोका जाता है। जुल्मको अचानक धार्मिक भाषा मिल जाती है। यदि महिलाओंके सार्वजनिक जगहोंपर आनेसे भारी तबाही होती है तो शायद जो चीज तबाह हो रही है, वह समाज नहीं, बल्कि पुरुषोंका दबदबा है। और प्यारे पाठको, यह तबाही तो जश्न मनाने लायक हो सकती है। तो सज्जनों, महिलाओंको घरपर रहनेके लिए कहनेसे पहले, याद रखें कि आपकी जान बचाने वाला डाक्टर, आपके अधिकारोंकी रक्षा करने वाला जज या आपका प्लेन उड़ाने वाला पायलट कोई महिला हो सकती है और यदि इससे भी आपको परेशानी होती है तो शायद आपको ही घरपर रहना चाहिए। **-दिलशाद बेगम, वाया ईमेल।**

सियासी दलोंको सर्वोच्च संदेश

सुप्रीम कोर्टने साफ कर दिया है कि वह राजनीतिक दलोंकी सत्ताको लेकर चल रही मारामारीके बीच अखाड़ा नहीं बनेगा। सुप्रीम कोर्ट सिर्फ कायदे-कानून और संविधानके दायरेमें रहकर ही काम करेगा। यह संदेश सुप्रीम कोर्टने तमाम राजनीतिक दलोंको दिया, जो सर्वोच्च न्यायालयके जरिये राजनीतिक फायदा उठानेका प्रयास कर रहे हैं।

❐ **योगेन्द्र**

सुप्रीम कोर्टके बारेमें कोई गलतफहमी या अफवाह फैले, इससे पहले ही मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए पत्रकार वार्ता आयोजित की। सीजेआईने यह कदम इसलिए उठाया कि नेता कहीं बातका बतंगड़ नहीं बना दे और उसमें सुप्रीम कोर्टको इसमें नहीं घसीट लें। लोकसभामें विपक्षके नेता राहुल गांधी और राज्यसभामें विपक्षके नेता मल्लिकार्जुन खरगेने प्रधान न्यायाधीशको पत्र लिखकर मुलाकातका समय मांगा था कि वे उन्हें एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे, जिसमें वोट चोरी रोकने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे, मतदाता सूचीके एसआईआरको रोकने और पुन: मतपत्र प्रणालीपर लौटनेकी मांग की गयी थी। सुप्रीम कोर्टके मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतने यह मांग यह कहते हुए ठुकरा दी कि यदि सुनवाई चाहते हो तो रिट याचिका दायर करो। सीजेआईने राहुल गांधीके आधिकारिक ईमेलके जवाबमें कहा कि इस तरहकी मुलाकात उचित नहीं होगी, क्योंकि जिन मुद्दोंपर चर्चाकी मांग की गयी है, वे पहलेसे ही सुप्रीम कोर्टमें विचाराधीन हैं।

इसीके साथ सीजेआईने दूरदर्शिता अपनाते हुए अगले ही दिन प्रेस कांफ्रेंस करके स्थिति स्पष्ट कर दी, ताकि राजनीतिक दल उसकी बातोंका गलत मतलब नहीं निकाल पायें और सुप्रीम कोर्टको राजनीतिक विवादमें नहीं घसीट सकें। सीजेआई सूर्यकांतने यह भी स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्थाके तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तरपर सरकारके कामकाजमें दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओंको अपने मौलिक अधिकारोंकी रक्षाके लिए न्यायिक पक्षमें अदालतका दरवाजा खटखटानेकी छूट है। सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें एक दो बार ही ऐसा हुआ है, जब सुप्रीम कोर्टकी तरफसे मीडियाके जरिये कोई जानकारी दी गयी है, वरना तो मीडिया ही सुप्रीम कोर्टके फैसलों और सुनवाईकी जानकारी देता है। भारतीय सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें जजों द्वारा मीडियासे सीधे संवाद करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करनेका सबसे चर्चित मौका १२ जनवरी २०१८ को आया था। सुप्रीम कोर्टके चार वरिष्ठ न्यायाधीशों जस्टिस जे. चेलामेश्वर, जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस मदन बी. लोकूर और जस्टिस कुरियन जोसेफने एक ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। भारतीय न्यायिक इतिहासमें यह पहला अवसर था जब वर्तमान जजोंने इस तरह मीडियाको संबोधित किया था। इन जजोंने तबके मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रके खिलाफ रोस्टर और प्रशासनिक कामकाजको लेकर सार्वजनिक सवाल उठाये थे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट अपनी अधिकांश जानकारी और फैसले आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों, अपनी वेबसाइट और सुनवाईके जरिये ही साझा करता है। हालके दौरमें अदालतने न्यायिक कार्यवाहीके लाइव-स्ट्रीमिंग और उसके डिजिटल क्लिप्सके कमर्शियल इस्तेमालको लेकर भी कड़े नियम तय किये हैं। सीजेआई सूर्यकांतने मीडियाके सामने स्पष्ट किया था कि मुझे कल बैठकके अनुरोधके संबंधमें एक पत्र मिला था। मैंने कल रात ही उसका जवाब दे दिया था, जिसमें उन कारणोंका उल्लेख किया गया था कि मैं क्यों नहीं मिल पाऊंगा। सीजोईने आगे कहा, सुप्रीम कोर्टके दरवाजे सभीके लिए खुले हैं।

किसी भी आम नागरिक या निर्वाचित निकायके सदस्यकी किसी भी याचिकाका स्वागत है। हर भारतीय नागरिकको अदालतका दरवाजा खटखटानेका अधिकार है। हम उनकी चिन्ताओंको सुनेंगे और कानूनके तहत जो भी उचित होगा, वह करेंगे। सुप्रीम कोर्टसे स्थिति स्पष्ट होनेके बाद इंडिया गठबंधनके दलोंके पास अपनी मांगोंको लेकर कानूनी प्रक्रिया अपनानेका एक ही रास्ता बचा था, वह था रिट याचिकाके जरिये न्याय का तकाजा। इंडिया गठबंधनके नेताओंने सुप्रीम कोर्टतक पैदल मार्च निकाला और रिट याचिका दायर की, जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत ११ विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। इसमें चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पार्टी बनाया गया है। दरअसल इससे पहले सीजेआईसे अकेले ही मुलाकातकी मांग करके कांग्रेसने यह साबित करनेकी कोशिश की थी, इंडिया गठबंधनका नेतृत्व वही करती है। बाकी सब उसके पीछे हैं, किन्तु सीजेआई द्वारा मिलनेसे इनकार करनेसे कांग्रेसको अपने दावमें सफलता नहीं मिल सकी। जब सीजेआईने मिलनेसे इनकार कर दिया और कानूनी तरीका अपनानेकी सलाह दी, तब गठबंधनके बाकी नेताओंको भी साथ लेकर याचिका दायर की गयी। सुप्रीम कोर्टने जाहिर कर दिया कि गैर-कानूनी और गैर-संवैधानिक तरीकेसे इंडिया गठबंधनके नेताओंके मंसूबे कामयाब नहीं होने देगा। जो भी करेगा संविधानके दायरेमें करेगा, अन्यथा सुप्रीम कोर्टकी साखपर भी बट्टा लग सकता है।

यह भी निश्चित है कि कांग्रेस और विपक्षी दलोंको कोई खास सफलता सुप्रीम कोर्टसे हाथ नहीं लगने वाली, सिवाय एसआईआरमें कुछ प्रशासनिक आदेश निर्देशके, क्योंकि ज्ञानेश कुमारको हटाया नहीं जा सकता, उन्हें संविधानका संरक्षण प्राप्त है। केवल संसदमें महाभियोगके जरिये ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारको हटाया जा सकता है, वह इसलिए पूरा नहीं होगा कि संसदमें मोदी सरकारका बहुमत है। इससे पहले भी राजनीतिक इरादोंको पूरा करनेके विपक्षी दलोंके मंसूबोंपर सुप्रीम कोर्ट पानी फेर चुका है। नवम्बर २०२४ में सुप्रीम कोर्टने देशमें चुनावोंमें धांधलीका आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिकाको खारिज कर दिया था। पीठने कहा था कि जब आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएमसे छेड़छाड़ नहीं होती। जब आप चुनाव हार जाते हैं तो छेड़छाड़ हो जाती है। कोर्टने याचिकाकर्तापर तीखा व्यंग्य करते हुए पूछा कि ये याचिका दायर करने संबंधित आपको शानदार विचार कैसे मिला। इसी तरह सुप्रीम कोर्टने अप्रैल २०२३ में १४ विपक्षी दलोंकी सीबीआई और ईडीकी काररवाईके लिए नेताओंके लिए अलगसे गाइडलाइंस बनानेके निर्देश देनेसे इनकार कर दिया था। कोर्टने कहा था कि विपक्षी नेताओंके खिलाफ ईडी और सीबीआईके ज्यादा केस दिखाने वाले आंकड़ोंके आधारपर केवल नेताओंके लिए गाइडलाइनकी मांग नहीं कर सकते हैं। उन्हें अभियोजनसे कोई छूट नहीं मिलती है। कोर्टने कहा कि नेता आम नागरिकोंके बराबर ही होते हैं। इसके बाद कोर्टने याचिकाको वापस लेनेकी अनुमति दे दी। राजनीतिक दलोंके मामलेमें दूरी बनाये रखनेके सुप्रीम कोर्टके नजरियेसे साफ है कि इंडिया गठबंधनको अपने राजनीतिक मुद्दोंकी लड़ाई जनताकी अदालतमें लड़नी होगी। सत्ता किसे देनी है और किसे नहीं, इसका फैसला मतदाता ही करेंगे।

सीजेआई सूर्यकांतने स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्थाके तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तरपर सरकारके कामकाजमें दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओंको अपने मौलिक अधिकारोंकी रक्षाके लिए न्यायिक पक्षमें अदालतका दरवाजा खटखटानेकी छूट है। सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें एक दो बार ही ऐसा हुआ है जब सुप्रीम कोर्टकी तरफसे मीडियाके जरिये कोई जानकारी दी गयी है। अक्सर मीडिया ही सुप्रीम कोर्टके फैसलों और सुनवाईकी जानकारी देता है। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में जजों द्वारा सीधे प्रेस कॉन्फ्रेंस करनेका सबसे चर्चित मौका १२ जनवरी २०१८ को आया था।

मामूली अपराधकी सजा मृत्युदण्ड?

पिछले सप्ताह सऊदी अरबमें दो बंगलादेशी नागरिकोंको बिना किसी गहन न्यायायिक विचारणके ही मृत्यदण्ड दे दिया गया। इसे फांसी या मृत्युदण्ड कहना समझमें नहीं आता। यह सीधे राज्य प्रायोजित हत्या है।

❐ **हृदयनारायण दीक्षित**

मनुष्य हजारों वर्षसे समाज बनाकर चल रहा है। इसीलिए मनुष्यको सामाजिक प्राणी भी कहा जाता है। समाज का निर्माण सौ-दो सौ साल पुरानी घटना नहीं है। मनुष्यने समाज रचा। समाजके सदस्योंने अपने लिए आचार संहिता बनायी। प्राचीन कालमें स्वयं अपनी गढ़ी आचार संहिताको लेकर उसने समाजका संचालन किया। सामाजिक अनुबंध सिद्धांतके जन्मदाताओंमें हॉब्सका नाम बहुत पुराना है। उन्होंने लिखा है कि प्रारम्भमें व्यवस्था अराजक थी। उन्होंने इसे प्रकृतिकी स्थिति माना। अनुमान है, उन्होंने उसी अराजक व्यवस्थासे मुक्त होनेके लिए एक सामान्य शपथपत्र या एफिडेविट दोहराया होगा। हॉब्सके ग्रंथ 'लेवियाथन' में शपथपत्रमें लिखा गया है, मैं अपने ऊपर शासन करनेका अधिकार इस एक मनुष्य या मनुष्योंकी इस सभाको देता हूं और इसे अधिकृत करता हूं, इस शर्तपर कि तुम भी अपने ऊपर शासन करनेका अधिकार इसी मनुष्य या मनुष्योंकी इस सभाको अर्पित करो। इसके सभी कार्योंको इसी रूपमें स्वीकार करो। समाजके जन्म और विकासका अध्ययन करने वाले अधिकांश विद्वानोंने समाजके जन्मके संदर्भमें लगभग यही विचार व्यक्त किये हैं। उत्तर वैदिक कालमें कथा है कि समाजकी दशा अराजक हो गयी थी। अराजकतासे पीड़ित लोग मनुके पास गये। उन्होंने मनुसे शासक हो जानेकी प्रार्थना की। मनुने इनकार किया। इस काममें एकत्रित सभी लोगोंने प्रस्तावित शासक-प्रजाको खेती की उपजका एक भाग देते रहने और आज्ञा मानते रहनेका आश्वासन दिया। मनु शासक बननेको तैयार हो गये।

समाजमें शांति व्यवस्था बनाये रखनेका काम नेशन स्टेटका होता है। शासन व्यवस्थाके संचालनमें सबसे खास बात है दण्ड। दण्ड देनेकी व्यवस्थाके चलते अपराध घटते बढ़ते रहे। देश कालके अनुसार दण्डका स्वरूप भिन्न-भिन्न तरहका था। गुप्त शासकोंके शासनमें उच्च कोटिकी प्रशासनिक व्यवस्था थी। उस समय भारतीय दण्ड व्यवस्थाके कानून भी सरल और उदार थे। अपराधोंकी गुणताके आधारपर दण्ड दिया जाता था। प्राण दण्ड नहीं दिया जाता था। चीनी यात्री फाह्यानने यहांके शासनकी प्रशंसा की है। भिन्न-भिन्न राजाओं, तानाशाहों, बादशाहोंने अपने अपने ढंगसे दण्ड व्यवस्थाको लागू करनेका उपक्रम किया है। दण्ड कई प्रकारके होते हैं। लेकिन प्राणदण्ड हमेशा ही बहसका मुद्दा रहा है। प्राण प्रकृतिका उपहार हैं। शान्ति व्यवस्था बनाये रखनेके लिए शासक अर्थदण्ड, कारागार जैसे दण्ड देते रहे हैं। भारतके राष्ट्रजीवनमें प्राणदण्डको अच्छा नहीं माना जाता। प्राणदण्ड वैसे भी बहसका विषय है। एक पक्ष चाहता है कि प्राणदण्ड न दिया जाय। दूसरा पक्ष आतंकवादी घटनाओं जैसे अपराधोंमें प्राणदण्ड देनेको पक्षधर है। लेकिन मनुष्यका जीवन प्रकृतिका असाधारण उपहार है। दुनियाके ११२ देश अपने यहां प्राणदण्डकी व्यवस्था खत्म कर चुके हैं। जान पड़ता है कि इसीके समानांतर सऊदी अरब, कुवैत, कतर आदि देशोंमें प्राणदण्डकी घटनाएं बढ़ रही हैं। भारतकी स्थिति अलग है। यहां संविधान (अनुच्छेद २१) में साफ-साफ कहा गया है कि किसी भी व्यक्तिको विधिक कार्यवाहीके बिना प्राण और दैहिक स्वतंत्रतासे वंचित नहीं किया जायगा। जहां भारतमें दण्डात्मक कार्यवाहीके प्रयोगमें अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है, वहीं पिछले सप्ताह सऊदी अरबमें दो बंगलादेशी नागरिकोंको बिना किसी गहन न्यायायिक विचारणके ही मृत्यदण्ड दे दिया गया। इसे फांसी या मृत्युदण्ड कहना समझमें नहीं आता। यह सीधे राज्य प्रायोजित हत्या है। फांसी दी गयी। उनके घर वालोंको भी सूचित नहीं किया गया। किसी भी स्तरपर उसका अपराध नहीं बताया गया। दोनों बंगलादेशी थे और रोजगारके सिलसिलेमें सऊदी अरब गये थे। नजरुल इस्लाम और स्वीटी अख्तरको मक्काकी एक मस्जिदमें 'गम्भीर अनैतिक कृत्य' का दोषी बताया था। यह सजा इस्लामी शरिया कानूनके तहत न्यायधीशके विवेकाधिकार (ताजीर) से दी गयी। इस घटनाकी पहलेसे कोई सूचना न मिलनेके कारण बंगलादेश सरकारने सऊदी अरबसे आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा है।

अपराधकी गुरुताके अनुसार ही दण्ड दिये जाते हैं। लेकिन सऊदी अरब, बहरीन, कतर आदिमें अपराधकी गुरुतापर सम्यक विचार नहीं होता। ऐसे देशोंमें इस्लामिक कानून-शरियाके अनुसार किसी भी व्यक्तिका जीवन छीन लिया जाता है। हमारे पड़ोसी पाकिस्तानमें ईशनिन्दा कानून है। इस्लामिक शरीयामें अल्लाह और उसके पैगम्बर एवं कुरानकी कथित निन्दापर प्राणदण्डका प्राविधान है। पाकिस्तानमें कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्तिपर ईश निन्दाका आरोप लगाता है। न्यायायिक विचारण होता है और उसे मृत्युदण्ड दे दिया जाता है। बंगलादेशी नागरिकोंके प्राणदण्ड घोषित करने और उसे क्रियान्वित करनेमें अनावश्यक रूपसे जल्दबाजी की गयी है। अंधविश्वासको ही राजधर्म मानना और इसी आधारपर अपने ही नागरिकोंको मारते जाना मानवताके प्रति अपराध है। विश्व स्तब्ध है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं ऐसे प्राणदण्ड व्यवस्थाको लेकर असहाय दिखायी पड़ती हैं। यह विषय गम्भीर है। इसपर संयुक्त राष्ट्र सहित सभी मंचोंपर विमर्श करना चाहिए। जीवनका अधिकार मौलिक है। यह मनुष्य प्रदत्त नहीं है। इसपर बहसकी गुंजाइश है। सवाल उठते हैं कि व्यक्तिके मौलिक अधिकारोंकी तरह राष्ट्र राज्यके भी अधिकार क्यों नहीं हो सकते। कोई व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारकी आड़में राष्ट्र राज्यके अस्तित्वके लिए ही खतरा बन सकता है। तब राष्ट्र राज्य भी व्यक्तिकी तरह अपनी आत्मरक्षाके लिए यथावश्यक कार्रवाई करेगा। सभी राष्ट्रोंको ऐसे खतरनाक मौकोंपर काररवाई करनेके लिए स्थापित कठोर विधिकी व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसी विधि पारदर्शी हो। आरोपीको अपना स्पष्टीकरण देनेके लिए पर्याप्त अवसर देती हो। दुख इस बातका है कि सऊदी अरबके ताजे मामलेमें ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

परमात्माका सानिध्य

❐ **ओशो**

परमात्मामें हम हैं, परमात्मासे बिलकुल दूरी नहीं है। उसीमें पैदा हुए हैं, उसीमें जी रहे हैं तो पता नहीं चलता उसका। वायुमंडलका ही उदाहरण ले लो। चारों तरफसे हम उससे घिरे हुए हैं, क्या उसका अहसास होता है हमें। पता चलता है। नहीं चलता पता। ऐसे ही परमात्मासे हम घिरे हुए हैं, परमात्माका पता नहीं चलता। तो उसकी कृपाका भी पता नहीं चलता। जैसे हम किसीके प्रेममें होते हैं तो वह व्यक्ति आपको सिर्फ फूल लाकर दे तो आपके लिए बहुत बड़ी संपदा हो गयी वह। आपका जीवन ही खिल जाता है। आपका जीवन ही उस फूलकी सुगंधसे भर जाता है और प्रेम जब संबंध बन जाता है तो क्या कुछ नहीं किया जाता एक-दूसरेके लिए। क्या पता चलता है। क्या हम धन्यवादसे भरते हैं। क्या कुछ अहसास हो पाता है फिर। नहीं हो पाता। प्रेममें अहसास हो रहा था कि अगला व्यक्ति हमारे लिए क्या कर रहा है। संबंध बना अहसास खत्म हो गया। हमारे शरीर स्वस्थ है, हम इस संसारमें जी पा रहे हैं भली-भांति। क्या-क्या खजाना दिया है इस शरीरमें प्रभुने। परमात्माका द्वार भी दिया है इसीके भीतर। इसी घटके भीतर, इसी देहके भीतर सब कुछ उसने दे दिया और चैतन्य भी दिया जो कि सब कुछ महसूस करता है। वह अंतर्यामी यहीं बैठा हुआ है आकर और क्या चाहिए तो कितनी बड़ी कृपा है उसकी। हमें क्यों कृपा महसूस नहीं होती, क्योंकि अभी हम भक्त नहीं हुए। भक्ति आयी नहीं है अभी। इसको ऐसे समझो। भक्ति क्या है। कैसे हम परमात्माके कितने-कितने निकट हो गये, कितने हम करीब होते जा रहे हैं परमात्माके यह भक्ति है। हमारी दूरी, हमारा फासला परमात्मासे कम होता जा रहा है। एक बच्चा है वह अपने माता-पिताके पास बड़ा होता है। माता-पिता क्या कुछ नहीं करते बच्चेके लिए। आप सभी माता-पिता हैं, जानते हैं, लेकिन बच्चे बड़े होकर या उस समय क्या वह धन्यवाद महसूस करते हैं। क्या वह कृपा महसूस करते हैं माता-पिताकी करते हैं क्या। नहीं करते। क्योंकि वह इतने शुरूसे साथ रहते हैं, वहीं जन्म लिया साथ रहते-रहते वह संवेदना ही नहीं है, लेकिन वह अहसास ही नहीं बचा। क्योंकि वह अधिकार मान लेते हैं। ऐसे ही परमात्मामें हम हैं। परमात्मामें हम हैं तो इसलिए हमें पता ही नहीं चलता कि परमात्मा हमारे लिए क्या कर रहा। कहते हैं कि हर चीजके पीछे कोई न कोई अदृश्य शक्ति छिपी होती है, लेकिन हम उसे पहचान नहीं पाते।

प्रसिद्धि पानेके चक्करमें कानूनको चुनौती

❐ **रोहित माहेश्वरी**

देशमें संघटित अपराध और गैंगस्टरोंकी बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्थाके लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हालके महीनोंमें साबरमती जेलमें बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोईके सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहोंने देशके कई राज्योंमें सुरक्षा एजेंसियोंकी नाकमें दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियोंको निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्याकी वारदातोंने शासन-प्रशासनके इकबालपर बड़े सवाल खड़े किये हैं बीते दिनों बालीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफपर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। जो बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्थाको खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान एवं रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरोंके निशानेपर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्रकी राजधानी मुंबईमें अब भी संघटित अपराध कानून व्यवस्थाके लिए गम्भीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिसकी खुफिया सूचनाओंकी मददसे कोटा रेलवे स्टेशनसे तीन संदिग्ध हमलावरोंको राजस्थान पुलिसने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफकी कारपर गोलीबारीके बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुडमें अंडरवर्ल्डका पुराना खौफ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुडमें अंडरवर्ल्डके पुराने खौफकी वापसीका संकेत है या इसे एक अलग घटनाके तौरपर देखा जाना चाहिए।

देशमें कानून-व्यवस्थाके समांतर अपराधकी सत्ता चलाने वाले गिरोहोंका इतिहास पुराना रहा है। बेशक समयके साथ अपराधी संघटनोंके नामकरण और अपराधके तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊदसे लेकर छोटे राजनके गैंगवारकी साक्षी रही है। अब वहां नये सिरेसे गैंगस्टरोंका दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलोंको महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसाकी इक्का-दुक्का घटनाओंके रूपमें नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तवमें ये समाजमें लगातार गहरी होती जाती एक गम्भीर समस्याके लक्षण हैं। यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरोंकी कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाजमें रक्तबीजोंकी तरह लगातार बढ़ते जायंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विताका खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होनेसे समाजको ही भुगतना पड़ेगा।

पुलिसकी शुरुआती जांचसे पता चला है कि इस हमलेके संदिग्ध हमलावरोंमेंसे एकका संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोहके कथित साथीसे है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर सुर्खियोंमें आये लॉरेंस बिश्नोई साल २०१५ से जेलमें बंद है। ऐसेमें सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षामें जेलमें बंद लॉरेंस बिश्नोईका नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधोंमें संलिप्तताके रूपमें कैसे उछाला जाता है। भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप एवं अमेरिकामें सक्

समुद्र में तेल और गैस की खोज के जोखिम को कम करने के लिए वित्तीय सहायता देगी सरकार

नयी दिल्ली। सरकार 84,084 करोड़ रुपए की %समुद्र मंथन% योजना के तहत गहरे समुद्र में तेल एवं गैस की खोज के जोखिम को कम करने के लिए कंपनियों को वित्तीय सहायता देगी। इसके तहत 56 खोजी कुओं की लागत का 50 प्रतिशत तक और चार भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले कुओं की लागत का पूरा खर्च निर्धारित सीमा के भीतर सरकार उठाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। इसका उद्देश्य गहरे समुद्र में तेल और गैस की खोज को प्रोत्साहन देना और आयातित हाइड्रोकार्बन पर भारत की निर्भरता को कम करना है।

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने दिशानिर्देशों की प्रस्तावना में समुद्र मंथन योजना को हाल के वर्षों में तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन के क्षेत्र में सबसे महत्वाकांक्षी पहल बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारत के तेल एवं गैस भंडार में 60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकते हैं। दिशानिर्देशों के तहत, 56 खोजी कुओं के लिए सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपए प्रति कुआं और भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले चार कुओं के लिए 1,350 करोड़ रुपये प्रति कुआं तक सहायता देगी। इन चार कुओं के लिए सहायता केवल सरकारी कंपनियां या उनके नेतृत्व वाले गठजोड़ हासिल कर सकेंगी।

योजना के तहत 400 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को गहरे समुद्र और 1,500 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को अति गहरे समुद्र की श्रेणी में रखा गया है। वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी। कुएं की स्वीकृत गहराई का 40 प्रतिशत काम पूरा होने पर मंजूर राशि का 40 प्रतिशत और कुएं की खुदाई पूरी होने तथा रिपोर्ट मंजूर होने के बाद शेष 60 प्रतिशत दिया जाएगा। सरकारी मदद की वसूली वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के सात साल बाद या जब कंपनी खोज और विकास लागत का 50 प्रतिशत वसूल कर लेगी, इनमें से जो पहले होगा, तब शुरू होगी। हालांकि निर्धारित सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को स्वयं उठाना होगा। समुद्र मंथन योजना के तहत साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसका उद्देश्य छोटे या ऐसे तेल-गैस भंडारों को उत्पादन व्यवस्था से जोड़ना है, जिनका अकेले दोहन आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं है। इसमें समुद्र के भीतर पाइपलाइन, प्रसंस्करण मंच और साझा उत्पादन इकाइयां शामिल हैं। साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए शुरुआत में महानदी बेसिन पर ध्यान दिया जाएगा, जबकि कच्छ बेसिन के लिए सांकेतिक राशि का प्रावधान है। इन परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंत्री की मंजूरी से पहले सार्वजनिक निवेश बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। इसके अलावा, तेल एवं गैस क्षेत्र के विनिर्माण और सेवा उद्योगों के लिए साझा सुविधाओं वाले औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की भी योजना है। दिशानिर्देशों के मुताबिक यह योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक चलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 तैयारी का वर्ष होगा, जबकि 2027-28 से 2030-31 तक इसका पहला चरण लागू किया जाएगा।

अडानी विंड को पांच बिजली उत्पादकों से 696.2 मेगावाट के ठेके मिले

नयी दिल्ली। अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पवन ऊर्जा कारोबार अडानी विंड को पांच बिजली उत्पादकों से कुल 696.2 मेगावाट क्षमता के ऊर्जा उत्पादक की आपूर्ति के ठेके मिले हैं। नए ठेके मिलने के साथ ही अडानी समूह के अलावा बाहर भी कंपनी का ग्राहक आधार बढ़ा है। ये ठेके ऐसे समय में मिले हैं, जब भारत का पवन ऊर्जा उद्योग अधिक क्षमता वाली टर्बाइन की ओर बढ़ रहा है और अडानी विंड गुजरात के मुंद्रा में अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने की तैयारी कर रही है। ठेके मिलने के बाद अब अडानी समूह से बाहर के स्वतंत्र बिजली उत्पादकों से कंपनी की कुल ठेका बुक एक गीगावाट (1,000 मेगावाट) के पार पहुंच गई है। ठेके के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, इनमें आरपी-संजीव गोयनका समूह की कंपनी पूर्वा ग्रीन पावर से 300 मेगावाट, बीसी जिंदल समूह की कंपनी जिंदल इंडिया पावर से 155 मेगावाट, एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी से 109.2 मेगावाट, आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स से 82.5 मेगावाट और इंटीग्रम एनर्जी से 49.5 मेगावाट के ठेके शामिल हैं। इन अनुबंधों के तहत 5.2 मेगावाट, पांच मेगावाट और 3.3 मेगावाट क्षमता वाले तीन प्रकार के पवन टर्बाइन जनरेटर की आपूर्ति की जाएगी। इन परियोजनाओं को कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र में स्थापित किया जाएगा।

नई खबर...

मोटोरोला ने की बिग बिलियन मोटो डील्स के तहत विशेष त्योहारी आफर्स की घोषणा

नई दिल्ली। मोबाइल टेक्नोलॉजी में दुनिया की अग्रणी और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल 2026 के दौरान बिग बिलियन मोटो डील्स के तहत अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन पोर्टफोलियो पर विशेष त्योहारी ऑफर्स की घोषणा की है। मोटोरोला के नए एआई इनोवेशन, प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम, प्रीमियम पैंटोन वैलिडेटेड डिजाइन, शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी इनोवेशन को एक साथ लाते हुए, इस कैंपेन का उद्देश्य हर वर्ग के ग्राहकों तक आधुनिक स्मार्टफोन अनुभव आसानी से पहुँचाना है। यह सेल अब फ्लिपकार्ट पर लाइव है और बिग बिलियन डेज सेल अवधि के दौरान जारी रहेगी। ऑफर्स के दौरान मोटोरोला के नये स्मॉर्टफोन मोटोरोला एज70 फ्यूजन, मोटोरोला एज70 प्रो, मोटोरोला एज70 प्रो प्लस, मोटो जी मैक्स, मोटो जी77 पॉवर, मोटो जी37 पॉवर एवं मोटोरोला सिग्नेचर पर ग्राहकों को आकर्षक छूट का आफर दिया जा रहा है।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना सं. 26/50 दिनांकः 23.10.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	70261207	ब्रश, पेंट एवं वार्निश, फ्लैट साइज 4 इंच (100 मिमी)	6872 नग	19.11.2026
2	38263128	पी ओ एच किट फॉर 11" बोगी माउंटेड ब्रेक सिलिंडर	1966 सेट	12.11.2026
3	38263177	नैरो जॉव एडाप्टर क्लास 'के'	14230 नग	16.11.2026
4	38263231	कास्ट स्टील बोल्स्टर	61 नग	08.12.2026
5	38263151	बॉडी साइड अरेंजमेंट कम्पलीट	35 सेट	10.12.2026
6	38261880	ब्रेक बीम फॉर कास्ट स्टील बोगी	677 नग	15.12.2026
7	38261602	37 एम एम पैकिंग फॉर बफर हाइट एडजस्टमेंट	4599 नग	17.12.2026
8	38263230	फ्लैप डोर अरेंजमेंट	2555 नग	22.12.2026
9	38261496	एक्सल कैप स्क्रू	336813 नग	25.11.2026
10	30262135	गाइड विद क्लोजिंग प्लेट फॉर एक्सल बॉक्स गाइड अरेंजमेंट	2349 नग	24.12.2026
11	20263510A	AC सर्किटब्रेकर 50A	670 नग	09.11.2026

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2421/26(K)

ओप्पो फाइंड एक्स10 सीरीज लॉन्च

ओप्पो इंडिया ने अपनी नई ओप्पो फाइंड एक्स10 सीरीज लॉन्च की है, जिसमें ओप्पो फाइंड एक्स10 और ओप्पो फाइंड एक्स10 प्रो मैक्स शामिल हैं। इसके साथ ही ओप्पो की इनोवेटिव और प्रीमियम फ्लैगशिप फाइंड एक्स सीरीज की 10वीं पीढ़ी की शुरुआत हो गई है। प्रीमियम स्मार्टफोन अनुभव का एक नया पैमाना तय करने के लिए तैयार की गई फाइंड एक्स10 सीरीज में शानदार टू-टू-लाइफ इमेजिंग, बेमिसाल परफॉर्मेंस, जबरदस्त बैटरी बैकअप और आकर्षक रिफाइंड डिजाइन का मेल है। इसके साथ ही, नया कलरओएस 17 यूजर्स को एक बेहतरीन और स्मूथ सॉफ्टवेयर अनुभव प्रदान करता है। ओप्पो ने अपने फ्लैगशिप कनेक्टेड इकोसिस्टम का विस्तार करते हुए ओप्पो एन्को एक्स4 और ओप्पो पैड मिनी भी पेश किए हैं, ताकि यूजर्स बिना किसी रुकावट के एक ही फ्लो में तस्वीरें ले सकें, कंटेंट बना सकें और शेयर कर सकें। कुल मिलाकर, यह पूरा फ्लैगशिप पोर्टफोलियो रोजमर्रा के अनुभव को और बेहतर बनाता है, जिससे हर एक शॉट, एडिट और शेयर बिल्कुल वास्तविक और उस पल के करीब महसूस होता है। लॉन्च के मौके पर ओप्पो इंडिया की कम्युनिकेशंस प्रमुख गोल्डी पटनायक ने कहा पिछली 10 पीढ़ियों से ओप्पो फाइंड एक्स सीरीज स्मार्टफोन इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ाती रही है।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। दाल मिलों की मांग बढ़ने से दलहनों में अरहर व उड़द के भाव 100/150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। मांग बढ़ने से ज्वार के भाव भी 200 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। माल्ट वालों की लिवाली बढ़ने से जौ की कीमतों में 25 रुपये की तेजी रही। जबकि उठाव न होने से काबली चने के भाव 300 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। सप्लाई कमजोर होने तथा मांग बढ़ने से खाद्य तेलों में सरसों व बिनौला तेल के भाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। आपूर्ति कमजोर होने से अखाद्य तेलों में मजबूती का रुख रहा। त्योहारी मांग निकलने तथा आवक कमजोर होने से गुड़ व शक्कर में मजबूती का रुख रहा। किराना जिंसों में मांग बढ़ने से काली मिर्च व बड़ी इलायची के भाव 5/30 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। जबकि उठाव न होने से मगजतरबूज के भाव 15 रुपये प्रति किलो तथा हल्दी के भाव 400 रुपये प्रति क्विंटल घट आ गए।

अनाज-दाल

माल्ट वालों की मांग बढ़ने तथा स्टाकिस्टों की बिक्वाली कमजोर होने से जौ के भाव 25 रुपये बढ़कर 3050/3100 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। हाजिर में माल की कमी के कारण ज्वार 200 रुपये बढ़कर पीली 3200/3400 रुपये तथा सफेद 4100/4300 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। दाल मिलों की मांग बढ़ने तथा आयातकों की बिक्वाली कमजोर होने से रंगूनी उड़द एसक्यू 100 रुपये बढ़कर 10150/10200 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सीमित बिक्वाली के कारण देसी उड़द के भाव भी 9100/9600 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। दाल मिलों की मांग से रंगूनी अरहर 150 रुपये बढ़कर 9900/9950 रुपये तथा देसी के भाव 100 रुपये बढ़कर 10400/10500 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। इसके समर्थन में अरहर दाल 100 रुपये बढ़कर 13100/13900 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। जबकि ऊंचे भाव पर ग्राहकी कमजोर होने से राजस्थानी चना 50/75 रुपये घटकर 7300/7325 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। चना दाल भी मांग कमजोर होने से 150/200 रुपये घटकर 8350/8750 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। काबली चना भी उठाव न होने से 300 रुपये घटकर महाराष्ट्र के भाव 8300/8500 रुपये प्रति क्विंटल रह गए।

तेल-तिलहन

राजस्थानी सरसों की बिजाई के रकबे में कमी आने के कारण स्टाकिस्टों की बिक्वाली घटने व तेल मिलों की मांग बढ़ने से सरसों के भाव 100 रुपये बढ़कर 8950/9000 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। सरसों में तेजी का रुख होने के कारण तेल मिलों की बिक्वाली सुस्त पड़ने से सरसों तेल भी 100 रुपये बढ़कर 17850 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। रिफाइंड वालों की मांग से बिनौला तेल भी 50 रुपये बढ़कर 14900 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि ऊंचे भाव पर ग्राहकी का समर्थन न मिलने से तिल तेल 400 रुपये मुलायम होकर 20100 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। औद्योगिक मांग निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिक्वाली कमजोर होने से अरंडी तेल के भाव 16800/16900 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

गुड़-चीनी

उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक का दबाव न बढ़ने तथा त्योहारी मांग निकलने से गुड़ पेड़ी के भाव 4900/5000 रुपये तथा ढैया के भाव 5200/5300 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। सीमित बिक्वाली के कारण खांडसारी के भाव भी 6000/6100 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। महाराष्ट्र के तेज समाचार आने तथा ग्राहकी निकलने व यूपी की मिलों द्वारा बिक्वाली कम किए जाने से हाजिर चीनी के भाव 5600/5900 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिक्वाली कमजोर होने से बड़ी इलायची 30 रुपये बढ़कर 1600/1650 रुपये तथा काली मिर्च के भाव 5 रुपये तेज होकर 820/870 रुपये प्रति किलो हो गए। जबकि मांग कमजोर होने से मखाना 15 रुपये घटकर 630/635 रुपये प्रति किलो पर आ गया। मुनाफा वसूली आने से हल्दी 400 रुपये घटकर ईरोड गट्ठा 23300/23400 रुपये तथा सेलम फली के भाव 24200/29600 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। त्योहारी सीजन होने के कारण मांग बढ़ने तथा आयातकों की बिक्वाली कमजोर होने से बादाम गिरी कैलिफोर्निया के भाव 1060/1130 रुपये तथा पिस्ता पेशावरी के भाव 4000/4100 रुपये प्रति किलो पर टिके रहे। बिक्वाली कमजोर होने से अंजीर के भाव 21800/53000 रुपये प्रति 40 किलो पर मजबूत रहे।

सर्राफा

वैश्विक बाजारों में मंदे समाचार आने से सोने के भाव 100 रुपये प्रति 10 ग्राम नीचे आ गए। उठाव न होने से चांदी में भी कारोबार कमजोर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग कमजोर होने से सोना 20 डॉलर घटकर 3995 डॉलर प्रति ओंस रह जाने तथा उठाव न होने से सोना 100 रुपये मुलायम होकर किलोबार 144900 रुपये तथा स्टैंडर्ड 145600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। विदेशों में चांदी के भाव भी 10 सेंट घटकर 5390 सेंट प्रति ओंस रह जाने व औद्योगिक मांग कमजोर होने से चांदी हाजिर के भाव 202000 रुपये प्रति किलो पर सुस्त रही। मांग कमजोर होने से चांदी सिक्के के भाव भी 100 रुपये घटकर 2200/2300 रुपये प्रति नग रह गए।

गुरमीत चौधरी, देबीना बनर्जी और ईशा मालवीय की धमाल विद पति पत्नी और पंगा में वापसी

कलर्स का 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा' एक ऐसे खास पल का गवाह बनने जा रहा है, जब गुरमीत चौधरी, देबीना बनर्जी और ईशा मालवीय एक बार फिर इस शो में साथ दिखाई देंगे। इस बार वे एक फिल्म के साथ आएंगे, जिसका जश्न मनाना है, और एक ऐसी कहानी के साथ, जो उनके इस जुड़ाव को फिर वहीं ले जाती है जहाँ से इसकी शुरुआत हुई थी। यह तिकड़ी 'तुम मेरे हो' के प्रमोशन के लिए शो में शामिल होगी, जिसका निर्माण देबीना ने किया है और जिसमें गुरमीत और ईशा मुख्य भूमिकाओं में हैं। जो एक सामान्य प्रमोशनल उपस्थिति जैसी लग सकती है, वह एक भावनात्मक घर वापसी में बदल जाती है। दिलचस्प बात यह है कि इस पेशेवर जुड़ाव के बीज भी इसी शो पर बोए गए थे। 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा' के मंच पर ही गुरमीत और देबीना की पहली मुलाकात ईशा से हुई थी, जिसने एक ऐसे जुड़ाव की नींव रखी, जिसे आगे चलकर बड़े पर्दे पर एक नया रूप मिला। निविया बॉडी मिल्क और ओआरएन.कॉम सह प्रस्तुत करते हैं 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा - जोड़ियों का रियलिटी चेक', फ्रेगरेंस पार्टनर एन्वी परफ्यूम, कुकिंग पार्टनर सिल्वर कॉइन चक्की फ्रेश आटा और स्पेशल पार्टनर कैडबरी सिल्क के साथ।

पशु चिकित्सालय दोहरीघाट मधुबन जनपद-मऊ

पत्रांकः यू0पी0आर0एन0एस0एस0/मऊ/ /2026-27/ दिनाँकः अक्टुबर/2026

सादर अवगत कराना है कि यू0पी0आर0एन0एस0एस0, निर्माण प्रखण्ड मऊ, के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जानी हैं, जिसका विवरण निम्नवत् हैं-

क्र0 सं0	नोटिस संख्या	निविदा अपलोड करने की तिथि	जनपद का नाम	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (रू0 लाख में)
1	16/UPRNSS/E-Tender/2026-27 Date- 23.10.2026	31-10-2026	मऊ	जनपद मऊ के पशु चिकित्सालय दोहरीघाट तह0 मधुबन मे नत्रजन की उपलब्धता हेतु क्रायोवैसल का क्रय एंव स्थापना योजनान्तर्गत निर्माण कार्य	2.41
2	17/UPRNSS/E-Tender/2026-27 Date- 23.10.2026	31-10-2026	बलिया	जनपद बलिया के पशु चिकित्सालय हनुमानगंज मे नत्रजन की उपलब्धता हेतु क्रायोवैसल का क्रय एंव स्थापना योजनान्तर्गत निर्माण कार्य	2.41
3	18/UPRNSS/E-Tender/2026-27 Date- 23.10.2026	31-10-2026	बलिया	जनपद बलिया के पशु चिकित्सालय रसड़ा में नत्रजन की उपलब्धता हेतु क्रायोवैसल का क्रय एंव स्थापना योजनान्तर्गत निर्माण कार्य	2.41

अधिशासी अभियन्ता
यू0पी0आर0एन0एस0एस0
निर्माण प्रखण्ड, मऊ।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0: PU-TDL-W-04-2026

निविदा सूचना (डबल-पैकेट)

ई-टेन्डर नं0: PU-CNB-W-04-2026 दिनांकः 22.10.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभि/परियोजना इकाई/कानपुर द्वारा ई-टेंडर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों/ज्वाइंट वेंचर फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए डबल-पैकेट सिस्टम पर खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यदि निविदा खुलने की तारीख पर अवकाश घोषित होता है या तकनीकी वजह से निविदा तय तिथि पर नहीं खुलती है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जाएगी।

कार्य का नामः उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के PRYJ-CNB सेक्शन में स्थित 13 स्टेशनों मनौरी (MRE), सैय्यद सरावां (SYWN), मनोहरगंज (MNJ), बिदनपुर (BDNP), सिराथू (SRO), अथसराय (ASCE), कनवार (KUW), कटोघन (KTCE), संतनरैनी (SNIE), फजुल्लापुर (FYZ), रमवा (RAMA), कुरास्तीकलां (KKS) और सरसौल (SSL) पर EI सिस्टम को बदलने के कार्य के अंतर्गत, स्टेशन सर्विस बिल्डिंगों का निर्माण और उससे जुड़े अन्य विविध कार्य।

कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 38,90,33,058.30 (अड़तीस करोड़ नब्बे लाख तैंतीस हज़ार अट्ठावन रुपये तीस पैसे मात्र)

धरोहर राशिः ₹ 77,80,700/- (केवल सतहत्तर लाख अस्सी हज़ार सात सौ रुपये)

निविदा प्रपत्र राशिः कुछ नहीं | कार्य पूरा करने की अवधिः 15 माह

निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र वेब पोर्टल www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

निविदा जमा करने की करने की अन्तिम तारीख एवं समयः दिनांक 23:11.2026,15:00 बजे तक

निविदा खुलने की तिथि एवं समयः दिनांक 23.11.2026, 15:30 बजे

निविदा खुलने का स्थानः निविदा उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभि/परियोजना इकाई/कानपुर के कार्यालय में ऑनलाइन पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खोली जाएगी खोली जाएगी।

ऑफर की वैधताः खुलने की तिथि से 90 दिन तक।

निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकारः रेलवे प्रशासन को किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित / संसोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिना धरोहर राशि के निविदाए निरस्त कर दी जाएगी। निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण रेलवे की वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। www.ireps.gov.in पर आमंत्रित किसी भी निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक निविदाकारों को www.ireps.gov.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। विस्तृत विवरण वेब साईट पर अवश्य देखें। निविदाकार उपरोक्त निविदा का धरोहर राशि केवल आन लाइन माध्यम से ही चुका सकते हैं। 2414/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय-उपनिदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.

नवीन मण्डी स्थल (नीबी), बेलइसा, आजमगढ़- 276001
ई-मेलः-mpnirmarn@gmail.com

पत्रांकः- नि0आ0/निविदा/2026-664 दिनांकः-24.10.2026

ई-निविदा सूचना

निम्न कार्य हेतु मण्डी परिषद, आजमगढ़ में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से अलग-अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 12.11.2026 को निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डर के माध्यम से आनॅ लाइन निविदा वेवसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 12.11.2026 के अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यो की निविदायें ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांकः 12.11.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे से कार्यालय में खोली जायेगी।

क्र. सं.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सहित) (रूपये में)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू.में)	धरोहर धनराशि (लाख रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	3054	मण्डी समिति आजमगढ़। सम्पर्क मार्ग छित्तरपुर नन्दांव मार्ग से सड़ना अनु. बस्ती तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं. 2.10 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1200502_1	6900.00	38.37	3.84	03 माह	'द'
2	3055	इटौरा स.मा. होते हुए इटौरा इसहाकपुर गोदमिया अनुसूचित बस्ती होते हुए वहरा कोठी से गेन नहर तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं. 1.50 किमी.) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1200504_1	5600.00	31.36	3.14	03 माह	'द'
3	3056	जौनपुर आजमगढ़ मार्ग से जिवली में श्री इलाका राय के घर के सामने से अनुसूचित बस्ती होते हुए सकरामऊ तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 0.85 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1200505_1	3000.00	16.50	1.65	03 माह	'द'
4	3057	डा. अम्बेडकर ग्राम सभा सद्दोपट्टी में स.मा. आजमगढ़ ठेकमा मार्ग से सद्दोपटटी यादव बस्ती तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं. 0.60 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1200506_1	2500.00	13.61	1.36	03 माह	'द'

1. शासनादेश स0415/78-2-2018-42 आई0टी0/20147/टी0सी0-49 दिनांक 22.6.2018 के क्रम में उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, आजमगढ़ के खाता संख्या 30394477683 में निविदा शुल्क तथा खाता संख्या 30394477887 में धरोहर धनराशि बैंक शाखा स्टेट बैंक आफ इण्डिया सिविल लाइन रैदोपुर, आजमगढ़, आई0एफ0एस0सी0 कोड संख्या SBIN0000014 में आन लाइन भुगतान करके यू0टी0आर0 नम्बर की रसीद निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा नॉन रेस्पोंसिव घोषित कर दी जायेगी।
2. शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, आजमगढ़

पत्रांकः- नि0आ0/ई-निविदा/2026-665 दिनांकः-24.10.2026

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांकः- 4566(i)/निविदा (प्र.ख.)-बलिया वृत्त/2026 दिनांकः- 17.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के ए.बी भवन श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के कॉलम सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2 कार्य का विवरण-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
कर्मचारियों/अधिकारियों के नये आवासीय भवनों का निर्माण के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	बलिया	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बलिया के परिसर मे टाईप-03 के 06 आवासों का निर्माण कार्य।	184.00	11.20	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस टी रू0 2590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता लो0नि0 वि0, आजमगढ़	ए बी

3 निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-06.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-13.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर साबमिट करने की अंतिम तिथि- 13.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जावेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:- 259184
दिनांकः- 22.10.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर

(Email ID:- sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांकः- 5208/एस.ई.टेण्डर/जौ.गा.वृत्त/2026 दिनांकः- 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, जो0नि0वि0 जौनपुर द्वारा प्रतिशत दर में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी ए0 एवं बी0 श्रेणी में मार्ग कार्यो हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू

सड़क हादसे में आंगनबाड़ी सहायिका की मौत

सकलडीहा । सकलडीहा-अलीनगर मार्ग पर शनिवार को ताजपुर धर्मकांटा के पास सड़क हादसे में 58 वर्षीय आंगनबाड़ी सहायिका धनराजी देवी की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, धनराजी देवी अपने एक रिश्तेदार के साथ बाइक से मारूफपुर से नसीरपुर जा रही थीं। इसी दौरान ताजपुर गांव के पास अचानक एक कुत्ता सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक के पीछे बैठीं धनराजी देवी के सिर में गंभीर चोट लग गई, जिससे वह बेहोश हो गईं। परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र कुमार निषाद ने घटना की पुष्टि की है। घटना के बाद से परिजनों में शोक की लहर छा गई है। उन्होंने मृतका आंगनबाडी सहायिका के स्थान पर परिवार के किसी महिला की नियुक्ति कि मांग की है जिससे आर्थिक क्षति का भरपाई पूरी हो सके।

डीएम, एसपी ने एयर शो की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

चंदौली। भव्य एयर शो के दौरान जनपद के डुमरी, सुजाबाद और कटेसर, बहादुरपुर एवं आस-पास तक सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और दर्शकों की सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग तथा पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने स्वयं भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दर्शकों के लिए की गई पेयजल, बैठने की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुरक्षा के व्यापक इंतज़ामों का बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि दूर-दराज से आने वाले आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने

डीआईजी ने डीएम, एसपी के साथ मोटर बोट से किया निरीक्षण

सुरक्षा बलों को सतर्क रहने और भीड़ नियंत्रण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के निरंतर निरीक्षण और मार्गदर्शन के चलते 24 अक्टूबर, 2026 को आयोजित यह एयर शो अत्यंत अनुशासित और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। एयर शो के दृष्टिगत वैभव कृष्ण, पुलिस उपमहानिरीक्षक, वाराणसी परिक्षेत्र, चंद्रमोहन गर्ग, जिलाधिकारी, चंदौली एवं आकाश पटेलए पुलिस अधीक्षक, चंदौली द्वारा यातायात प्रबंधन एवं मोटरबोट से वाराणसी के घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को घाटों पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा एवं सतर्कता बनाए रखने तथा आपात परिस्थितियों से निपटने हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूर्ण सतर्कता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने एवं संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। एयर शो के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम। छाया: आज

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए चला विशेष अभियान

चंदौली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नए व छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम दर्ज कराने के लिए शनिवार को जनपद भर में एक विशेष अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अभियान के तहत जिले के सभी पोलिंग बूथों पर सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक बूथ लेवल अधिकारियों की मौजूदगी में नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। विशेष अभियान के दौरान जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने लक्ष्मी पब्लिक स्कूल (मुगलसराय), नगर पालिका इंटर कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय (मानस नगर) का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य का जायजा लिया। अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं तथा अब तक मतदाता सूची से छूटे हुए नागरिकों ने अपने संबंधित बूथों पर पहुंचकर बीएलओ से फॉर्म-6 प्राप्त किया और उसे भरकर जमा कराया। आवेदकों ने फॉर्म-6 के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने अभियान के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में युवाओं और नागरिकों की भागीदारी सराहनीय है। उन्होंने अपील की कि जिन लोगों ने आज इस अभियान का लाभ उठाया है, वे आगे भी अन्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें।

पड़ाव से वाराणसी जाने वाले मार्ग पर लगा जाम

पड़ाव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शनिवार की शाम पड़ाव से वाराणसी जाने वाले मार्ग पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया गया। इससे पड़ाव चौराहे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसने से ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों,कामकाज से घर लौट रहे लोगों समेत सैकड़ों राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, वाराणसी में आयोजित एयर शो के अंतिम चरण में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से एक दिन पूर्व शनिवार की शाम करीब छह बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरीक्षण के लिए नमो घाट पहुंचे। उनके आगमन को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर वाराणसी और चंदौली जिला प्रशासन की ओर से सुजाबाद चौकी के समीप और पड़ाव चौराहे पर बैरियर लगाकर पड़ाव से वाराणसी की ओर जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया।

बुनकरों की दिन-प्रतिदिन स्थिति हो रही दयनीय

मुगलसराय । दुलहीपुर क्षेत्र बनारसी साड़ी और हथकरघा बुनाई का एक प्रमुख केंद्र है,लेकिन यहाँ के बुनकरों की माली हालत वर्तमान में काफी चिंताजनक और संघर्षपूर्ण बनी हुई है। वाराणसी से बेहद नजदीक होने के कारण यहाँ के उत्पाद सीधे बनारसी सिल्क मार्केट से जुड़े हैं, फिर भी बुनकर कई बुनियादी और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई बुनकर परिवार देश के अन्य राज्यों में पलायन कर चुके है। अधिकांश मुनाफा बिचौलिये और बड़े व्यापारी कमाते हैं, जबकि वास्तविक बुनाई करने वालों को सिर्फ नाममात्र की मजदूरी मिलती है। लागत में वृद्धि: रेशम (सिल्क), जरी और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण उत्पादन लागत काफी बढ़ गई है,जिससे बुनकरों का शुद्ध मुनाफा घट गया है। जलभराव और नारकीय जीवन: दुल्हीपुर और सतपोखरी जैसे बुनकर बहुल इलाकों में जल निकासी की बेहद खराब व्यवस्था है। बारिश के दिनों में बस्तियों में पानी भर जाता है, जिससे घरों में रखे करघे जाम हो जाते हैं और काम हफ्तों तक ठप रहता है। आधुनिक दौर में (पावरलूम) द्वारा कम समय और कम लागत में बनने वाली साड़ियों के कारण पारंपरिक हथकरघा (हैंडलूम) बुनकरों के सामने आजीविका का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बाजार में प्रतिस्पर्धा के कारण वे पिछड़ रहे हैं। सरकार द्वारा दुल्हीपुर को एक समय पर इंटीग्रेटेड हैंडलूम क्लस्टर के तहत चुना गया था ताकि बुनकरों का विकास किया जा सके। कुछ बुनकरों को योजनाओं का लाभ जरूर मिला है, लेकिन व्यापक स्तर पर आज भी बिजली बिल माफी की विसंगतियां, सब्सिडी मिलने में देरी और कर्ज के दलदल जैसी समस्याएं बनी हुई हैं।

संक्षिप्त

छेमिया-महादेवपुर मार्ग पर गड्ढों से परेशानी

चंदौली। छेमिया-महादेवपुर मार्ग की हालत खराब है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी गिट्टियां हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस रास्ते से रोज बड़ी संख्या में लोग और स्कूली बच्चे गुजरते हैं। गड्ढों के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कत होती है। दोपहिया वाहन चालकों को भी संभलकर चलना पड़ता है, जिससे चोट लगने का डर रहता है। स्थानीय निवासी राजू, प्रमोद, विनय, संतोष, रोहित, मनोज, अजीत, शंकर और अभिषेक का कहना है कि यह सड़क सालों से खराब है। कई बार लोगों को परेशानी हुई है, लेकिन अधिकारी मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जल्द सड़क ठीक कराने की मांग की है। उनका कहना है कि मरम्मत होने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाएं कम होंगी।

श्रीराम कथा में उप मुख्यमंत्री समेत कई पूर्व मंत्री,अन्य नेता पहुंचे

धानापुर । कस्बा के दशमी पोखरा पर आयोजित पांच दिवसीय श्री राम के पांचवे व अंतिम दिन उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, गोण्डा जिला के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सहित कई अन्य नेता गण कथा स्थल पर पहुँचे और परम् पूज्य राजन जी महराज का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि धानापुर में श्रीराम कथा का पहली बार ऐसा आयोजन हमारे विधायक के द्वारा जो कथा घर पर कराया जाना चाहिए वह कथा यहां कराया गया वह प्रशंसनीय हैस और इस क्षेत्र की जनता के लिए सौभाग्य है। क्यों कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाये व पुरुष कथा श्रवण कर रहे है कथा सुनकर उसका लाभ उठावे।

सूर्या जूनियर हाई स्कूल में मेधावी बच्चों को मिला सम्मान

चंदौली। मुख्यालय स्थित सूर्या जूनियर हाई स्कूल में विद्यार्थियों के अच्छे अंक और बेहतर रैंक हासिल करने पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उनमें खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक राधेश्याम पाल ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों की मेहनत, लगन और पढ़ाई के प्रति समर्पण की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित रूप से पढ़ाई करनी चाहिए ताकि वे आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास बेहद जरूरी है। पुरस्कार मिलने से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है।

मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धा,भक्ति के साथ दी विदाई

मुगलसराय। राम मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री दुर्गा पूजा समारोह के दौरान शुक्रवार देर रात मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धा और भक्ति के साथ विदाई दी गई। विदाई के समय माहौल भावुक हो गया और कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। वहीं, मां के जयकारों के बीच लोगों ने सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। न्यू डायमंड क्लब (बाल समारोह) की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मां दुर्गा के दर्शन और विदाई कार्यक्रम को देखने के लिए देर रात तक परिसर में लोगों की भीड़ जुटी रही। पूरा परिसर माता रानी के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ मां को विदाई दी और अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना की। मां दुर्गा की विदाई के दौरान श्रद्धा, उत्साह और भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता रानी से परिवार और समाज में सुख-शांति बनाए रखने की कामना की। प्रतिमा की विदाई के साथ ही लोगों ने अगले वर्ष फिर मां के आगमन की उम्मीद जताई। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूजा समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने सहयोग किया। आयोजन के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। न्यू डायमंड क्लब (बाल समारोह) के कार्यवाहक अध्यक्ष आनंद अग्रहरी के साथ आशीष यादव, संतोष सिंह, सचिन अग्रहरी, अभिषेक यादव, चंद्रप्रकाश अग्रहरी, संजीव कुमार और सभासद शैलेंद्र गुप्ता समेत अन्य लोगों ने आयोजन में सहयोग किया।

एसआईआर के विरोध में किसान सभा ने निकाला जुलूस

चकिया। नगर स्थित गांधी पार्क परिसर में शनिवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर सभा की। इसके बाद नगर में जुलूस निकालकर तहसील परिसर पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने एसआईआर के विरोध में नारेबाजी करते हुए 'वोट चोरए गद्दी छोड़' और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जेल भेजने की मांग उठाई। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर बिजली संबंधी अधिकार कानून लागू करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की। किसान सभा के नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने मांगपत्र के माध्यम से राष्ट्रपति से संबंधित मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

बीएसए ने हरी झंडी दिखाकर एक्सपोजर विजिट के लिए किया रवाना

चंदौली। जनपद के विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शनिवार को एक शैक्षणिक भ्रमण (एक्सपोजर विजिट) का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों की बसों को गंतव्य के लिए रवाना किया। इस विशेष यात्रा में अलग-अलग दिव्यांगता वाले कुल 150 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को तीन समूहों में व्यावहारिक अनुभव दिलाने के लिए वाराणसी ले जाया गया। इनमें से 100 बच्चों ने रामनगर (वाराणसी) स्थित पराग डेयरी मिल्क प्लांट का भ्रमण कर दूध के पाश्चुरीकरण, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की बारीकियों को समझा। वहीं, 50 बच्चों के दल ने पारले-जी बिस्किट फैक्ट्री का भ्रमण कर स्वचालित मशीनों से बिस्किट निर्माण की आधुनिक तकनीक को करीब से देखा। सफर के दौरान बच्चों की सुरक्षा और सहूलियत का पूरा ध्यान रखा गया। पूरी यात्रा में सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी तथा समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने स्वयं बच्चों के साथ रहकर उनका मार्गदर्शन किया। उनके साथ तैनात विशेष शिक्षकों ने भी बच्चों को हर प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं है। ऐसे एक्सपोजर विजिट से बच्चों का मानसिक विकास होता है, दुनिया को देखने का नजरिया बदलता है और आत्मविश्वास मजबूत होता है।

बिरहा दंगल का भारतीय सांस्कृति में विशेष महत्व-अश्वनी

दुल्हीपुर। स्थानीय कस्बे में बिरहा दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिरहा गायकों ने एक से एक गायकी प्रस्तुत कर बिरहा प्रेमियों का मन मोह लिया। बिरहा कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। बिरहा सुनने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में बिरहा प्रेमी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी अश्वनी शुक्ला का श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष चितरंजन सोनकर ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी अश्विनी शुक्ला का अभिनंदन किया। सम्मान समारोह के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में अध्यक्ष चिरंजन सोनकर ने समाजसेवी अश्विनी शुक्ला के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनका स्वागत किया। पारंपरिक तरीके से पुष्पहार और अंगवस्त्र भेंट कर अतिथि का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर रतन श्रीवास्तव, डॉक्टर राजेश कुमार शर्मा, प्रमोद पासवान, धर्मेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार,अवधेश उपाध्याय, आशीष तिवारी आदि लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। बिरहा दंगल जैसे पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजनों का समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे आयोजन लोगों को एक मंच पर लाने के साथ-साथ आपसी मेलजोल, भाईचारे और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र की लोकपरंपराओं को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजनों में समाज के प्रतिष्ठित लोगों का सम्मान समारोह की गरिमा को और बढ़ाता है। अश्विनी शुक्ला के सम्मानित होने पर उपस्थित लोगों में उत्साह दिखाई दिया।

स्कूटी,बाइक की आमने-सामने टक्कर, शिक्षिका घायल

कमालपुर। स्थानीय कस्बा क्षेत्र के असवरिया मोड़ पर शनिवार को स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर में कम्पोजिट विद्यालय जनौली की सहायक अध्यापिका इसरत बानो 40 गंभीर रूप से घायल हो गई। शिक्षिका घर से विद्यालय के लिए प्रतिदिन स्कूटी से आया जाया करती है। दुर्घटना की खबर मिलते ही शिक्षकों में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षक तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल शिक्षिका को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। सहायक अध्यापिका इसरत बानो शनिवार को रोज की तरह स्कूटी से विद्यालय जा रही थीं। इसी दौरान असवरिया मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई। आमने-सामने की भिड़ंत में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।फोन से विद्यालय के शिक्षकों को सूचना दी गई जो मौके पर पहुंच शिक्षक तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और घायल शिक्षिका को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कराने के बाद हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद शिक्षिका के सहकर्मियों और परिचितों में चिंता का माहौल बना रहा।

नेशनल इंटर कालेज सैयदराजा में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

सैयदराजा। जनपद चंदौली में शनिवार, 24 अक्टूबर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा विज्ञान के व्यावहारिक महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार के माध्यम से दैनिक जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने, नए प्रयोग करने तथा विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी में जूनियर एवं सीनियर संवर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों, पर्यावरण संरक्षण,ऊर्जा संरक्षण,तकनीकी विकास तथा दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता पर आधारित मॉडल एवं परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं। उन्होंने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता को विस्तार से समझाया। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न मॉडलों की कार्यप्रणाली को समझा। जूनियर संवर्ग में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों का वैज्ञानिक अवधारणा, रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण एवं उपयोगिता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इसमें अंकुश कुमार ने प्रथम, राज यादव ने द्वितीय तथा प्रतिभा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन में विज्ञान अध्यापिका श्रीमती मधुलिका कनौजिया तथा शिक्षक श्री सुनील यादव, बबलू कुमार गुप्ता, अमित कुमार उपाध्याय, वीर बहादुर एवं देवपति मौर्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट

मुगलसराय। वाराणसी के नमो घाट पर शनिवार को होने वाले एयर शो के चलते चंदौली जिले के पीडीडीयू नगर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट रही। मुगलसराय के सीओ अरुण कुमार सिंह ने नगर और पीडीडीयू जंक्शन के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन और मुख्य रास्तों पर यातायात की स्थिति भी जांची। एयर शो देखने वाराणसी जाने वाले लोगों की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस ने यातायात पर खास ध्यान दिया। पीडीडीयू जंक्शन देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक हैए जहां लगातार यात्रियों की आवाजाही रहती है। निरीक्षण में सुरक्षा सही रखने और लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो इस पर जोर दिया गया। पुलिस का मकसद एयर शो के दौरान शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

विशेष अभियान के तहत एसडीएम ने बूथों पर पहुंचकर की जांच

सकलडीहा। विधान सभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची को अपडेट करने के लिये अंतिम बड़ी कवायद शुरू किया गया है। इस क्रम में 17 और 24 अक्तूबर को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को बूथों पर बीएलओ और सुपरवाईजर तैनात रहे। इस दौरान करीब एक हजार नये मतदाताओं का फार्म 6 के तहत आवेदन लिया गया। विशेष अभियान के तहत तीन दर्जन सुपरवाईजर और 5 एआरओ लगाये गये थे। जो पूरे दिन भ्रमणशील रहे। सकलडीहा विधान सभा में कुल 393 बूथ है। जिस पर कुल 3 लाख 2 हजार 461 मतदाता है। जिसमें यंग मतदाता करीब 3461 पहली बार पूर्व में बने मतदाता है। चुनाव आयोग के निर्देश पर आगामी 2027 विधान सभा चुनाव से पूर्व विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान शुरू किया गया है। इस क्रम में सकलडीहा विधान सभा के अर्न्तगत कुल 393 बूथों पर तीन दर्जन से अधिक सुरपवाईजर और आधा दर्जन एआरओ तैनात किये गये थे। दो चरण में होने वाले संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 18 वर्ष पुरा कर चुके मतदाताओं के करीब एक हजार नये आवेदन फार्म लिया गया। एसडीएम आकांक्षा सिंह ने बूथों पर पहुंचकर सकलडीहा, ईटवा, नागेपुर और तेन्दुईपुर बूथ का निरीक्षण किया। सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को छूटे हुए नामों को सम्मलित करने का निर्देश दिया। डबल और सिफ्टेड नामों को हटाये जाने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार अनुराग सिंह, एआरओ विजय सिंह, जावेद अख्तर, सुरेन्द्र प्रताप सहाय, गोपाल कृष्ण तिवारी, सुपरवाईजर राजेश पासवान, आलोक पांडेय, चंदन यादव, प्रेमानंद मौर्य, राकेश सिंह यादव, अमरेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य रहे।

सर्दी-जुखाम,वायरल फीवर से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी

मुगलसराय। मौसम में बदलाव और ठंड बढ़ने के साथ सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल फीवर से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। खासकर नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच चिकित्सकों ने लोगों को ठंड से बचाव और बच्चों की देखभाल करने की सलाह दी है। राजकीय महिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके चतुर्वेदी ने बताया कि इन दिनों अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 400 से 500 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल फीवर से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। इसके अलावा चर्म रोग से संबंधित समस्याओं के मरीज भी इलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के दौरान लोगों को अपनी सेहत के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। डॉ. चतुर्वेदी ने अभिभावकों को सलाह दी कि ठंड के मौसम में नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को ठंडी हवा के सीधे संपर्क में आने से बचाएं और मौसम के अनुसार गर्म कपड़े पहनाएं। सुबह और शाम ठंड अधिक होने पर बच्चों को अनावश्यक रूप से बाहर ले जाने से बचें। घर से बाहर निकलते समय उनके सिर, कान और शरीर को गर्म कपड़ों से ढककर रखें। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि मौसम में अचानक बदलाव के दौरान बच्चों की सेहत को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। यदि बच्चे को सर्दी-जुकाम, बुखार या अन्य परेशानी होती है, तो चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित उपचार कराएं।

संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

कमालपुर। स्थानीय कस्बा के जूनियर हाई स्कूल संकुल विद्यालय पर आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने खेल प्रतिभा, अनुशासन और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संकुल के सभी परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर की छात्राओं ने पीटी (शारीरिक व्यायाम) के शानदार प्रदर्शन किया। छात्राओं ने एकरूपता, बेहतर तालमेल और अनुशासन के साथ पीटी का आकर्षक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और शिक्षकों ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की। दो विद्यालयों ने जीते ओवरऑल चैंपियन के खिताब। प्रतियोगिता के परिणामों में प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक विद्यालय कोहना कमालपुर ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं,उच्च प्राथमिक स्तर पर कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर ने ओवरऑल चैंपियन बनकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष इमरान खान ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीमव भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर संकुल प्रभारी सुनील कुशवाहा, मनोज भारती, विनय कुमार, रंजीत यादव, मनोज, पंकज, सुषमा, साधना गुप्ता, सुरेश पाल, शशिकांत, विजय कुमार, अखिलेश कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

खेतासराय। वाराणसी-अयोध्या रेलखंड पर शुक्रवार सुबह मानीकला हाल्ट के समीप वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो

गई। महज एक वर्ष पहले शादी के बंधन में बंधे युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद शव की शिनाख्त कराई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे वाराणसी से अयोध्या जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में एक युवक आ गया। हादसा मानीकला हाल्ट के पास रेलवे पोल के समीप हुआ ट्रेन चालक ने मेमो के माध्यम से खेतासराय स्टेशन मास्टर को घटना की सूचना दी। स्टेशन से सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराने में जुट गई। करीब ढाई घंटे बाद मृतक की पहचान आजमगढ़ जिले के बरदह थाना क्षेत्र के बेलवाना गांव निवासी शिवम यादव उर्फ रवि (26) पुत्र जितेंद्र यादव के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार शिवम क्षेत्र के मखदूमपुर स्थित एक अस्पताल में काम करता था। करीब एक वर्ष पूर्व उसका विवाह खेतासराय थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी डॉ. भीम यादव की पुत्री से हुआ था। शादी के महज एक वर्ष बाद ही शिवम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

गले मिले जब चारों कुमार, नैनों से बही अश्रुधार

जौनपुर का ऐतिहासिक भरत मिलाप

जौनपुर। पंडित जी रामलीला समिति का ऐतिहासिक भरत मिलाप शुक्रवार की रात/भोर में पूरे श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। भगवान श्रीराम और उनके भाइयों के मिलन का भावपूर्ण दृश्य देखकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भरत और शत्रुघ्न जैसे ही अपने बड़े भाई श्रीराम को देखते ही नंगे पांव दौड़कर उनसे लिपटे, चारों भाइयों की आंखों से अश्रुधारा बहने लगी। इस मार्मिक दृश्य ने वहां मौजूद हजारों लोगों को भावुक कर दिया। अहियापुर से हरी झंडी दिखाकर भरत मिलाप की भव्य शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा में नगर के साथ ही सीमावर्ती जिलों से आए कलाकारों की लाग-झांकियां, विशालकाय डीजे तथा आकर्षक धार्मिक झांकियां लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों-

सुतहट्टी बाजार, सब्जी मंडी, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, शाही पुल होते हुए ओलंदगंज स्थित राम-भरत मिलाप मंच पर पहुंची। ओलंदगंज में भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का साक्षी बनने के लिए दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके साथ ही चारों भाइयों के नयन से अश्रु की धारा बहने लगी। चारों भाइयों के इस अद्भुत मिलन को देखकर श्रद्धालुओं ने जोरदार जय श्रीराम के जयकारे लगाए। वातावरण भक्तिमय हो उठा और लोगों ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीराम एवं चारों भाइयों का स्वागत किया। भाई-भाई के प्रेम, त्याग, समर्पण और मर्यादा का यह दृश्य देर तक लोगों के बीच भावनाओं का ज्वार पैदा करता रहा। कार्यक्रम के समापन पर भरत मिलाप में शामिल लाग-झांकियों, बनारस से आई मां काली की भव्य एवं आकर्षक मुखौटा प्रस्तुति तथा जौनपुर की विभिन्न झांकियों को पुरस्कृत कर सम्मान पत्र प्रदान किया गया। पंडित जी रामलीला समिति के अध्यक्ष ने ऐतिहासिक भरत मिलाप को सकुशल एवं भव्य रूप से संपन्न कराने में सहयोग के लिए प्रशासन, नगर पालिका परिषद, पुलिस प्रशासन, विभिन्न विभागों तथा समिति के सभी कार्यकर्ताओं और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनगणना-२०२७ के प्रशिक्षण का शुभारंभ

१०,५०० से अधिक प्रगणक और पर्यवेक्षक होंगे प्रशिक्षित

जौनपुर। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को टीडी बालिका इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सैमुअल पाल एन. ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश के सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक नियोजन का महत्वपूर्ण आधार है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाती है। इसलिए जनगणना कार्य में शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझने तथा समस्याओं का संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर समाधान कराने के निर्देश दिए। जनपद के सभी 18 चार्जों में 10,500 से अधिक प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों

को 220 से अधिक बैचों में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 24 अक्टूबर से प्रशिक्षण शुरू होकर दीपावली से पूर्व सभी बैचों का प्रशिक्षण पूरा कराया जाना है। इसके लिए चार मास्टर ट्रेनर और 156 फील्ड ट्रेनरों की टीम तैयार की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानंद झा, उप जिलाधिकारी सदर योगिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद धर्मराज राम सहित अन्य अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। हमारी जनगणना, हमारा विकास के संदेश के साथ आयोजित प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराना है। शाहगंज संवाददाता के अनुसार : जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए शनिवार को सेंट थॉमस स्कूल, शाहगंज में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी एनबी सिंह और अपर जिलाधिकारी परमानंद झा ने किया। तहसील क्षेत्र में 36 बैचों के माध्यम से 1,772 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक बैच का प्रशिक्षण तीन दिवसीय होगा। प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना की प्रक्रिया और आंकड़ों के संकलन की जानकारी दी जा रही है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना तथा एक दिसंबर से चार जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य प्रस्तावित है। उपजिलाधिकारी शाहगंज अंकुर वर्मा ने लोगों से जनगणना कार्य में सहयोग करने और प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की।

बिजली चोरी में आठ के विरुद्ध कारवाई

मछलीशहर। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग ने शनिवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मछलीशहर ग्रामीण के अंतर्गत भाऊपुर, नेवढ़िया और वारी गांव में जांच के दौरान बिजली चोरी में आठ लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। विद्युत विभाग ने संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। विभागीय प्रेस नोट के अनुसार, भाऊपुर गांव में कासिम अली, जय प्रकाश उपाध्याय, माता प्रसाद, सुशील उपाध्याय, शिवप्रसाद और रामसूरत तिवारी के परिसर में बिजली चोरी पकड़ी गई। वहीं, नेवढ़िया में रामयश तिवारी तथा वारी गांव में गुलाबचन्द्र मिश्र के यहां भी बिजली चोरी का का मामला सामने आया। विद्युत विभाग ने बताया कि जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बिजली चोरी और अनधिकृत उपयोग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

आत्मदाह के लिए जिम्मेदारों की गिरफ्तारी, कारवाई की मांग

जफराबाद। लाइनबाजार क्षेत्र के लौकरी परियावा गांव में शनिवार की शाम को जैसे ही दिनेश कुमार मौर्य का शव बीएचयू ट्रामा सेंटर से एम्बुलेंस से गांव आया। उसके बाद परिजनों ने शव को घर के पास रखकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मृतक दिनेश के परिजनों ने कहा कि पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी, घटना के लिए जिम्मेदार राजस्व कर्मी, धमकी देने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही, जमीन की फिर से नापी, मुख्यमंत्री सहायता कोष से अनुदान, मुख्यमंत्री आवास, विधवा पेंशन व बच्चो के पढ़ाई की व्यवस्था आदि की मांग करते हुए लाश का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। परिजनों की मांग पर थानाप्रभारी विनीत राय ने सारी जानकारी सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता आईपीएस को दिया। सूचना मिलते ही सीओ सिटी व नायब तहसीलदार सदर मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली मदद, सोमवार को जमीन की नापी, आवास तथा अन्य कार्यवाही करने की बात मान ली।

कार की टक्कर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

बक्शा। थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह कार एवं स्कूटी सवार में हुई दुर्घटना में घायल वृद्ध का इलाज के दौरान दोपहर में मौत हो गयी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि जफराबाद थाना क्षेत्र के रायपुर इमलो गांव निवासी 60 वर्षीय नंदलाल यादव स्कूटी चलाते हुए जौनपुर की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वे कुल्हनामऊ गांव के पास पहुँचे ही थे तभी सामने से वाराणसी से सुल्तानपुर की तरफ जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित होते हुए डिवाइडर पर चढ़ दूसरी पटरी पर चल रहे स्कूटी सवार को धक्का मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। भीषण टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध को तत्काल अस्पताल भिजवाया जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने स्कूटी व कार को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

फार्च्यूनर की खड़ी मैजिक से टक्कर, चालक फरार

शाहगंज। नगर के सेंट थॉमस चौराहे पर शुक्रवार को ट्रेलर से बचने के प्रयास में फार्च्यूनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ए-1 मिनरल वाटर की मैजिक से टकरा गई। हादसे में दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद फार्च्यूनर चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद चौराहे पर लोगों की भीड़ जुट गई। फिलहाल हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

चालीस भेड़ चोरी, अज्ञात पर मुकदमा

पवांरा। देवकीपुर गांव में 20/21 अक्टूबर की रात्रि घर के सामने बंधी भेड़ों को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के देवकीपुर गांव निवासी दीपचन्द्र पाल पुत्र राजबली पाल ने थाने पर लिखित तहरीर दिया की 19/20 अक्टूबर की रात्रि घर के सामने उसकी चालीस भेड़ें बंधी हुई थी कि उसी रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी चालीस भेड़ों को चुरा लिया गया। काफी खोजबीन किया गया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्जकर लिया गया है, और भेड़ चोरी का जल्द ही खुलासा कर दिया जायेगा।

भरत मिलाप में डीजे के वाइब्रेशन पर लगी रोक

मुंगराबादशाहपुर। नगर के ऐतिहासिक दो दिवसीय भरत मिलाप को सकुशल संपन्न कराने हेतु हुई बैठक में प्रशासन द्वारा डीजे के वाईब्रेशन पर पूरी तरह रोक लगा दिया गया है इसके साथ ही चौकियों एवं लागों की ऊंचाई अधिकतम 12 फिट और चौड़ाई 10 फिट पर रखने पर सहमति बनी है। जिसका उलंघन किए जाने पर होने वाली किसी भी प्रशासनिक कार्यवाही का जिम्मेदार भरत मिलाप रोशनी मेला महासमिति जिम्मेदार नहीं होगी। उक्त बातें भरत मिलाप रोशनी मेला महासमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्त पिंटू ने कहा। उन्होंने बताया कि भरत मिलाप को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शनिवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद एसडीएम एवं सीओ द्वारा मेला क्षेत्र का पैदल मार्च कर स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, चौकियों के मानक, रूट चार्ट, साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था पर विस्तार से

चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रशासन नियमानुसार विधिक कार्यवाही करेगा। नियमों का उलंघन करने पर होने वाली किसी भी प्रशासनिक कार्यवाही की कोई जिम्मेदारी मेला महासमिति की नहीं होगी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान एसडीएम द्वारा विद्युत विभाग को लटकते तारों और झुके खंभों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया तथा विद्युत तारों की ऊंचाई सड़क से 14 फीट से अधिक रखने को कहा, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो।

आशुतोष श्रीवास्तव की स्मृतियों से जीवंत हुआ सबरहद का रामलीला मंच

शाहगंज। रामलीला समिति सबरहद, शाहगंज के तत्वावधान में शुक्रवार, 23 अक्टूबर से प्रभु श्रीराम की लीलाओं का भव्य मंचन शुरू हो गया। रामलीला के प्रथम दिन विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं भव्य आरती के साथ मंचन का शुभारंभ हुआ। इसके बाद नारद मोह एवं विष्णु मोहिनी स्वयंवर का रोचक और भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास के श्रद्धालु मौजूद रहे। नारद की भूमिका में संतोष श्रीवास्तव, ब्रह्मा की भूमिका में प्रवीण विश्वकर्मा, भगवान विष्णु की भूमिका में अंकित श्रीवास्तव तथा भगवान शंकर की भूमिका में रामराज मौर्य ने अपने अभिनय से प्रसंग में जीवंतता भर दी। कलाकारों के संवाद, भाव-भंगिमा और मंचीय प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। सबरहद की

रामलीला का यह मंच केवल धार्मिक आयोजन का मंच नहीं, बल्कि एक ऐसे समर्पित युवा की स्मृतियों का भी प्रतीक बन चुका है, जिसने अपना जीवन प्रभु श्रीराम की लीला और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया था। रामलीला समिति एवं ग्रामीणों ने हिंदू संगठन से जुड़े रहे पत्रकार साथी स्वर्गीय आशुतोष श्रीवास्तव के सनातन प्रेम, हिंदूवादी विचारधारा और रामलीला के प्रति उनके अगाध लगाव को देखते हुए मंच का नाम आशुतोष श्रीवास्तव स्मृति रंगमंच, सबरहद रखा है। बताया जाता है कि करीब दो वर्ष पूर्व आशुतोष श्रीवास्तव जब सुबह लगभग नौ बजे अपने घर से काम के लिए निकले थे, तभी घर से कुछ दूरी पर बदमाशों ने गोली मारकर उनकी निर्मम हत्या कर दी थी। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था। उनके परिजन आज भी न्याय की आस में संघर्षरत हैं। रामलीला के मंच पर आज भी महसूस होती है आशुतोष की मौजूदगी: आशुतोष श्रीवास्तव रामलीला के प्रमुख किरदारों में शामिल रहे थे। रामलीला के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने कहा कि आशुतोष श्रीवास्तव का व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति, सामाजिक सरोकार और धार्मिक परंपराओं के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा। उनके द्वारा रामलीला के लिए किए गए योगदान को गांव लंबे समय तक याद रखेगा। प्रथम दिन के मंचन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। जय श्रीराम के जयघोष से परिसर गूंजता रहा और श्रद्धालुओं ने देर रात तक प्रभु श्रीराम की लीलाओं का आनंद लिया। आगामी दिनों में रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा।

खुद को आग लगाने वाले किसान की उपचार के दौरान मौत

जफराबाद। लाइनबाजार क्षेत्र के लौकरी (परियावा) गांव निवासी एक 35 वर्षीय किसान ने 17 अक्टूबर को अपने खेत मे रास्ता बनाये जाने का विरोध करते हुए पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग लगा लिया था। शुक्रवार की देर रात को उसकी उपचार के दौरान बीएचयू के ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी। उक्त गांव निवासी दिनेश कुमार मौर्य पुत्र त्रिभुवन मौर्य ने मौर्या बस्ती में जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य को अपनी जमीन पर किये जाने को लेकर विरोध किया था। उसने कहा था कि बस्ती के कुछ लोग उसकी जमीन पर जबरदस्ती सड़क बनवा रहे है। उसने गांव के लोगों के सामने ही खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा लिया था। लोग उपचार के लिए उसे जिला चिकित्सालय ले गये थे जहां उसकी हालत गम्भीर होने पर उसे बीएचयू रेफर कर दिया गया था। वहां पर आखिरकार वह जिंदगी की जंग हार गया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि पुलिस ने इस मामले में दिनेश मौर्य के परिजनों की तहरीर पर ग्राम प्रधान सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाप्रभारी विनीत राय ने बताया कि मामले में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज है। अब किसान की मौत हो गयी है। अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

खेत में पानी के विवाद में पिता-पुत्र की पिटाई, दोनों गंभीर

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के भुसौड़ी गांव में खेत की सिंचाई के दौरान पानी चले जाने को लेकर हुए विवाद में पट्टीदार ने पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। घटना में दोनों घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, भुसौड़ी गांव निवासी अमरपाल सिंह के खेत में सिंचाई के दौरान पानी चला गया था। इसका विरोध करने पर पट्टीदार से विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान हुई मारपीट में अमरपाल सिंह और उनके पुत्र रौनक घायल हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। अमरपाल सिंह की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।

युवक पर धारदार हथियार से हमला, तीन पर मुकदमा

मछलीशहर। नगर के आदर्श रामलीला समिति के व्यवस्थापक पर तीन लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दुर्गानगर मोहल्ला निवासी सुनील सोनी के अनुसार, मंच व्यवस्था और भरत मिलाप मेला संपन्न होने के बाद सुबह करीब 4 बजे वह घर के सामने बाइक खड़ी कर रहे थे। तभी कायस्थाना निवासी हिमांशु सोनी, पुरानी बाजार निवासी छोटू उर्फ अंकित सोनी और सराय मोहल्ला निवासी अर्स राइन ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार और रॉड से हमला कर दिया। सिर फट गया और पेट में गहरा घाव हो गया।शोर सुन भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने 112 पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

भक्तों के प्रेम के भूखे हैं परमात्मा-शांतनु जी महाराज

जौनपुर। नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा के चौथे दिन कथाव्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव सहित रामायण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का सजीव चित्रण सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास ने धर्म, साधु-संतों के सम्मान, सदाचार और जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि लंका में राक्षसों का वास था, जबकि जनकपुर सज्जन और धर्मपरायण लोगों की नगरी थी। जहां साधु-संतों का अपमान होता है, वहां विनाश निश्चित है। उन्होंने हनुमान जी के लंका पहुंचने और वहां उनका निरादर किए जाने का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि इसके परिणामस्वरूप सोने की लंका धू-धूकर जल उठी। उन्होंने कहा कि संत जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जिसे धारण किया जाए, वही धर्म है। धर्म केवल जानने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में अपनाने और उसका पालन करने की पद्धति है। धर्म का महत्व तभी है, जब उसके सिद्धांतों को व्यवहार में उतारा जाए। साधु-संतों के दर्शन और उनके सानिध्य से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कथाव्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह की सराहना करते हुए कहा कि जिस मनोयोग और श्रद्धा के साथ वह श्रीरामकथा का आयोजन कराते हैं, वैसा आयोजन पूरे देश में देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि समाज में इस तरह के धार्मिक आयोजनों की संख्या बढ़नी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों, उनके जीवन और मर्यादाओं से प्रेरणा ले सकें। दोनों बालकों के तेजस्वी स्वरूप को देखकर राजा जनक ने महर्षि विश्वामित्र से उनके बारे में पूछा। इस पर विश्वामित्र ने बताया कि ये दोनों अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र राम और लक्ष्मण हैं, जो उनके हित के लिए आए हैं। राजा जनक ने जब उनके आने का उद्देश्य पूछा, तो महर्षि ने बताया कि वे यज्ञ की रक्षा के लिए उनके साथ आए हैं। कथाव्यास ने इस प्रसंग के माध्यम से समझाया कि किसी व्यक्ति की पहचान केवल उसके नाम से नहीं, बल्कि उसके कार्यों से होती है। व्यक्ति का वास्तविक परिचय उसके आचरण, कर्म और व्यवहार से सामने आता है। पूरे जनकपुर में यह चर्चा फैल गई कि अयोध्या के दोनों राजकुमार नगर में आए हैं। उनके दर्शन के लिए लोगों में उत्सुकता बढ़ गई। कथाव्यास ने कहा कि भगवान के दर्शन से मन को शांति और आनंद की अनुभूति होती है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, विनम्रता और आदर्श आचरण की प्रेरणा देता है। धनुष यज्ञ के प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य शांतनु जी महाराज ने बताया कि राजा जनक ने संकल्प लिया था कि जो भी भगवान शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी के साथ उनकी पुत्री सीता का विवाह होगा। इस स्वयंवर में अनेक पराक्रमी राजा और योद्धा पहुंचे, लेकिन कोई भी शिवधनुष को हिला तक नहीं सका। सभी राजाओं के असफल होने पर राजा जनक निराश हो गए। उन्होंने व्यथित होकर कहा कि क्या धरती वीरों से खाली हो गई है। राजा जनक की यह बात सुनकर लक्ष्मण जी क्रोधित हो उठे और तनकर खड़े हो गए। तभी भगवान श्रीराम ने संकेत से उन्हें शांत होकर बैठने के लिए कहा। इसके बाद भगवान श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र से अनुमति ली और

शिवधनुष की ओर बढ़े। उन्होंने पहले धनुष को प्रणाम किया और फिर उसे उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया। इसी दौरान शिवधनुष दो खंडों में टूट गया। धनुष टूटते ही स्वयंवर स्थल पर उल्लास छा गया। इसके बाद माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डालकर उन्हें अपना पति स्वीकार किया। इस प्रसंग के भावपूर्ण वर्णन से कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्तिभाव में डूब गए। कथा के दौरान आचार्य शांतनु जी महाराज ने पुष्पवाटिका प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां भक्त और भगवान का मिलन होता है, वहीं पुष्पवाटिका का भाव साकार हो जाता है। परमात्मा अपने भक्तों के प्रेम और श्रद्धा के भूखे हैं। उन्हें भौतिक वैभव, व्यंजन और मलाई की आवश्यकता नहीं है।

एक नज़र इधर भी

बाइक-मैजिक की भिड़ंत, बाइक सवार गंभीर

बरसठी। थाना क्षेत्र के भन्नौर स्थित उषा मैरिज हॉल के पास बाइक और मैजिक वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर में बाइक सवार सफाईकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मैजिक वाहन को हिरासत में ले लिया,प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगदीशपुर गांव निवासी जितेंद्र गौतम (45) पुत्र लालचंद गौतम थाना क्षेत्र के तेजगढ़ गांव में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत हैं। वह बाइक से मियांचक से जमालापुर की ओर जा रहे थे, इसी दौरान जमालापुर से मियांचक की तरफ आ रही मैजिक से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में जितेंद्र के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं, सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने घायल को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल जौनपुर रेफर कर दिया हालांकि, परिजन आनन-फानन में उन्हें मड़ियाहूं के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है।

टीजीटी विज्ञान में चयनित हुए भोगीपुर के आनंद तिवारी

जंघई। उत्तर प्रदेश टीजीटी परीक्षा में विज्ञान विषय से भोगीपुर निवासी आनंद कुमार तिवारी के चयनित होने पर गांव-क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चयन के बाद आनंद ने प्रयागराज स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपना चयन पत्र प्राप्त किया। आनंद किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। पिता शेषमणि तिवारी अति मध्यम वर्गीय किसान हैं। सीमित संसाधनों के बीच आनंद घर पर रहकर पढ़ाई कर यह सफलता हासिल की है। संघर्ष भरी कहानी पर प्रकाश डालते हुए शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य सरकार से पुरस्कृत शिक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि आनंद ने विपरीत परिस्थितियों में कठिन परिश्रम किया है। सुबह 4 बजे उठकर बीमार मां के लिए भोजन बनाकर खिलाना, घर की सफाई करना और सुबह 6 बजे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने चले जाना उनकी रोजमर्रा की जिंदगी बन गई थी। ट्यूशन से मिलने वाले पैसों से वह मां का उपचार और अपनी शिक्षा का खर्च खुद उठाते रहे। इसी लगन के चलते संजय मिश्रा ने भोगीपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित भी किया था। आनंद की सफलता पर निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र विक्रम सिंह (सनी), ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार गुप्ता, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य चंद्रमणि तिवारी, कैलाश नाथ तिवारी, रवि शंकर तिवारी, डॉ. विकास पाल, रोहित ब्राह्मण सहित तमाम लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अज्ञात बाइक के धक्के से महिला घायल, मौके पर पहुंची पुलिस

सिकरारा। शनिवार देरशाम को जौनपुर प्रयागराज मार्ग पर लालाबाजार के समीप एक अज्ञात बाइक चालक के धक्के से पैदल घर जा रही 45 वर्षीय महिला घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार, सीठापुर की तरफ जा रही महिला माधुरी (45), पत्नी संजय, लाला बाजार से पैदल अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आने से वह घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर 112 नंबर एंबुलेंस और सिकरारा थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

पीयू का परीक्षा कैलेंडर जारी, १४ नवंबर से शुरू होंगी परीक्षाएं

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की परीक्षाओं को निर्धारित समय पर संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इस कैलेंडर में परीक्षा फॉर्म भरने, उनके सत्यापन और मुख्य सैद्धांतिक परीक्षाओं की तिथियां निर्धारित की गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य शैक्षणिक सत्र को नियमित रखते हुए परीक्षा, मूल्यांकन और परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है। जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार, विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरने और उनके सत्यापन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई है। इस निर्धारित अवधि में विद्यार्थियों को अपने परीक्षा फॉर्म भरने तथा संबंधित प्रक्रिया पूरी करने का अवसर मिलेगा। वहीं, विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों और संबंधित विभागों को निर्धारित समय के भीतर परीक्षा फॉर्म के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, विभिन्न पाठ्यक्रमों की मुख्य सैद्धांतिक यानी लिखित परीक्षाएं 14 नवंबर 2026 से आयोजित की

जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा से विद्यार्थियों को अपनी तैयारी व्यवस्थित करने और आगामी परीक्षाओं के लिए समय का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बीसीए, बीबीए, एलएलबी, बीएड, एमएड, बीपीएड, एलएलएम, बीएससी कृषि, एमएससी कृषि, बीपीईएस और ब

बच्चों की काउंसलिंग कर जागरूक करने की जरूरत-डीएम

पटेहरा, मीरजापुर। विकास खंड क्षेत्र के पटेहरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के पुस्तकालय में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में मड़िहान एसडीएम संतोष कुमार ओझा की मौजूदगी में विद्यालय प्रबंध समिति एवं सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किए। बैठक की रुपरेखा देख जिलाधिकारी ने बच्चों के शिक्षा पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि बैठक की पहली प्राथमिकता शिक्षा में सुधार कैसे हो। विद्यालय के बच्चों को नीट की तैयारी कैसे कराए। जेईई की तैयारी कैसे कराएं, इसके लिए बच्चों की काउंसलिंग कर उनको मोटिवेट करने की जरूरत है। हमें यह ध्यान देने की जरूरत है कि मेरे बच्चे आगे क्या करना चाहते हैं। वह किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं, उनको उनके कैरियर के बारे में जानकारी देना हमारा कर्तव्य है। बैठक में विद्यालय प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी ने विद्यालय परिसर में जल-भराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु पक्की नाली का निर्माण कराने व 165 मीटर क्षतिग्रस्त चाहर दीवारी के निर्माण की रखी। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती, नियमित मेडिकल कैंप आयोजित करने तथा परिसर में सोलर लाइट लगवाने, कैम्पस में खुले बिजली के तारों को केबल (एबीसी) करने की मांग किए। जिलाधिकारी ने जल भराव की समीक्षा करते हुए समस्या की जानकारी लिए, बिजली व्यवस्था में सोलर लाइट की मांग को लेकर वह वैकल्पिक व्यवस्था है। आगामी प्रवेश परीक्षा-2027 के सुचारू संचालन और परीक्षा केंद्रों के निर्धारण पर भी विस्तार से विचार किया गया। ?बैठक में स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग समेत 14 सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया और विद्यालय की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ से जाना फार्म-६ की प्रगति

पटेहरा। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने शनिवार को विकास खंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पटेहरा कला, नेवढ़िया और पटेहरा खास बूथों पर पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। ?निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से फार्म-6 (नए नाम जोड़ने के लिए) भरने की अब तक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपना वोट डालने से वंचित न रहे। साथ ही, उन्होंने शत-प्रतिशत लक्ष्य के साथ समय सीमा के भीतर सभी फॉर्म समय ऑनलाइन करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान मड़िहान एसडीएम संतोष कुमार ओझा भी मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस पर आये छह मामले, एक का निस्तारण

हलिया। थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन से जुड़े कुल छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य मामलों के समाधान के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया। समाधान दिवस में हलिया निवासी रामलाल ने विपक्षी पारस के खिलाफ जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद की शिकायत की। वहीं, अहुगी कला गांव निवासी राजकुमार ने विपक्षी लल्लू राम के विरुद्ध जमीन के बंटवारे को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भूमि विवाद के मामलों में स्थलीय जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने और समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



प्रतिमा पर माल्यार्पण। छाया:आज

स्वागत करते कार्यकर्ता। छाया:आज

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा आभा पटेल की अध्यक्षता में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा जाह्नवी कसेरा का अटल चौक विंध्याचल में भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष ने माता विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। जाह्नवी का काफिला लालडिग्गी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुकेरी बाजार स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पार्टी पुरौधों को नमन किया, उसके बाद पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी बरौधा कचार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुँची, जहाँ उनका महिला मोर्चा की बहनें एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र,बुके के साथ स्वागत किया। अभिनन्दन सभा भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने जाह्नवी कसेरा को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप संगठन के द्वारा दिये गये दायित्व का बखूबी निर्वहन करेंगी और संगठन की मजबूती प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार सिंह, चिन्तामणि मौर्य, सुनीता शर्मा, जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह, जिलामंत्री संध्या पटेल, पूनम चौरसिया, महिला मोर्चा उमा जायसवाल, प्रेमलता दूबे, सोनम चतुर्वेदी, वर्षा वर्मा आदि मौड़ रहे।

वारंटी गिरफ्तार

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी न्यायालय के वारंटी रविशंकर को हलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर रविशंकर के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। न्यायालय के वारंट के अनुपालन में उपनिरीक्षक विनोद यादव ने हमराह हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे के साथ मधोर गांव में दबिश देकर वारंटी को गिरफ्तार किया, इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कराया है।

गरीब, वंचित की हो सकेगी सुनवाई-दिव्या

चुनार। पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल शनिवार को बालू घाट स्थित गुहराज निषाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया, उसके बाद अग्रसेन मन्दिर व शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर पूरे नगर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति नहीं जन निति होनी चाहिए। जननिति पार्टी आने वाले 2027 में चुनाव लड़ेंगी। जननीति का उद्देश्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं। बल्कि, आम लोगों की आवाज बनना है। व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जहां गरीब वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति भी अपनी बात कह सके और उसकी सुनवाई हो। उन्होंने कहा कि हमारी जननीति भारत पार्टी जनसमस्याओं को केंद्र में रखकर जनता के बीच जायेगी। संघर्ष जन सेवा और सामाजिक समर्थ ही मेरी राजनीतिक आधार है। वह गुहराज निषाद का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने जिस तरह निषादराज को गले लगाया था और सामाजिक समानता सम्मान और आत्मीयता का प्रतीक है। हमें भी उसी भावना के साथ समाज के लिए काम करना होगा। संघर्ष ऐसा होना चाहिए, जिसमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और लोगों की समस्या का समाधान करने का संकल्प हो। इस दौरान दिव्या मित्तल के चुनार नगर में प्रथम आगमन पर ढोल बाजे के साथ स्वागत किया। हजारों की संख्या में महिला पुरुष उनका माला पहनाकर स्वागत किया और महिलाओं के गले मिली।

पशु आरोग्य शिविर में ८५७ पशुओं का हुआ पंजीकरण

जमालपुर। क्षेत्र के ओड़ी गांव के पंचायत भवन पर शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। पशु पालन विभाग की टीम द्वारा 857 पशुओं का पंजीकरण कर जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।कुल 219 बड़े पशु एवं 38 छोटे पशुओं सहित 600 बकरियों को कृमिनाशक दवा दिया गया। शिविर के माध्यम से पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों की रोकथाम, वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताकर जागरुक किया। पशु चिकित्साधिकारी डा. संतोष कुमार गिरि ने राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना, लंपी रोग से बचाव के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान एवं पशुओं के संतुलित आहार के बारे में जानकारी देकर पशुपालकों को जागरुक किया। इस दौरान डा. सौरभ सिंह, फार्मासिस्ट राजेश कुमार मिश्रा, बृजेश सिंह, जयप्रकाश यादव, इंदल सिंह, अभिषेक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

ठंड का दिखने लगा असर, गर्म कपड़ों में नजर आने लगे लोग

सुबह शाम बढ़ी ठंडक, धान की रखवाली कर रहे किसान अलाव का ले रहे सहारा

हलिया। विजयदशमी का पर्व बीतने के बाद क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह और देर रात ठंडक बढ़ने से लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, खेतों में धान की फसल की रखवाली कर रहे किसान भोर में अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। क्षेत्र में सुबह और शाम के समय मौसम में ठंडक महसूस होने लगी है। देर रात घरों से बाहर निकलने वाले लोग गर्म कपड़े पहनकर निकल रहे हैं। धान की फसल की रखवाली करने वाले किसान खेतों के पास रात में आग जलाकर बैठ रहे हैं और फसल की निगरानी कर रहे हैं। दिन में धूप के चलते मौसम सामान्य रहता है, लेकिन शाम ढलने के बाद ठंडक बढ़ने लगती है। सुबह जल्दी उठने वाले लोगों को अब पंखे की हवा भी पहले की तरह सहज नहीं लग रही है। ऐसे में लोग धीरे धीरे गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिए है। ठंड के बीच खेतों में पहरा देना किसानों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। मौसम में बदलाव के साथ ही क्षेत्र में सर्दी की आहट महसूस होने लगी है।

जुआ खेलते सात गिरफ्तार, ३० हजार बरामद

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के टेढुआ गांव स्थित एक वर्कशॉप से शनिवार को जुआ खेलते सात लोगों को गिरफ्तार करते हुए फड़ से 26 हजार 370 रुपये तथा जामा तलाशी से 4150 रुपए बरामद किया। प्राप्त सूचना के अनुसार मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक वैद्यनाथ सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक हंसलाल आरक्षी अनिल यादव काजू कुशवाहा, पंकज, पुनीत विश्वकर्मा, अरविंद उर्फ बंटी के वर्कशॉप में छापेमारी की। वहीं, जुआ खेलते आरोपी अरविंद उर्फ बंटी 28 वर्ष पुत्र अमरनाथ निवासी टेढुआ, प्रदीप गिरी 30 वर्ष पुत्र शिव पूजन, अनिल कुमार गिरि 42 वर्ष पुत्र छोटई, रोहित सिंह 24 वर्ष पुत्र बच्चा लाल निवासीगण शाहपुर, शुभम गिरी 23 वर्ष पुत्र विनोद गिरि निवासी टेढूआ, अवधेश कुमार सिंह 33 वर्ष पुत्र हीरालाल सिंह निवासी लमवां, पवन कुमार गिरि 37 वर्ष पुत्र घुरहू गिरी निवासी टेढूआ थाना अदलहाट को गिरफ्तार कर जुआ अधिनियम के तहत स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज किया।

मांगों को लेकर बैठक कार्य बहिष्कार करेंगे आयुष्मान मित्र

मीरजापुर। अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के समस्त आयुष्मान मित्रों ने 26 अक्टूबर से शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। इस संबंध में समस्त आयुष्मान मित्र की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के समस्त आयुष्मान मित्र पिछले आठ वर्षों से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत के अंतर्गत पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कोविड-19 महामारी के अति-संवेदनशील काल में भी आयुष्मान मित्रों द्वारा निःस्वार्थ सेवाएं दी गईं, लेकिन उनकी यथार्थ मांगों और समस्याओं पर शासन-प्रशासन द्वारा लगातार उपेक्षात्मक रवैया अपनाया जा रहा है। आठ वर्षों के लंबे अनुभव और कोविड काल की मिशन सेवाओं को देखते हुए न्यूनतम वेतन के आधार पर अलग से बजट का प्रावधान किया जाए। थर्ड पार्टी कंपनियों द्वारा गलत तरीके से निकाले गए तथा न्यायालय में लंबित मामलों वाले आयुष्मान मित्रों को सम्मान के साथ वापस बहाल किया जाए। आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी आयुष्मान मित्रों को जिला स्वास्थ्य समिति व संविदा पर कार्यरत किया जाए। आयुष्मान मित्रों का पदनाम बदलकर सम्मानजनक आयुष्मान स्वास्थ्य अधिकारी किया जाए। आयुष्मान मित्रों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि मांगे पूरी नहीं हुईं तो प्रताड़ित आहत होकर प्रदेश के सभी आयुष्मान मित्र दिनांक 26 अक्टूबर से शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे। कार्य बहिष्कार के दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़ी सेवाओं में होने वाली असुविधा की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

सौंपा ज्ञापन, मांग न पूरी होने पर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी

एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

अदलहाट। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में कुरकुटिया पांडेपुर निवासी उर्मिला पत्नी रामसिंगार ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। शिकायत के अनुसार, उनका पुत्र प्रीतम 19 अक्टूबर को अपने ससुराल नारायणपुर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में देहात कोतवाली क्षेत्र के कुरकुटिया निवासी प्रियांशु पुत्र अतुल ने अपने तीन साथियों के साथ उसे गाली-गलौज करते हुए रॉड से पीट दिया। इस घटना में प्रीतम को काफी चोटें आईं। इसके बाद उसने रिश्तेदार को फोन कर बुलाया और उपचार कराया। उर्मिला का आरोप है कि घटना की सूचना अदलहाट और देहात कोतवाली पुलिस को देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। प्रार्थना पत्र के आधार पर शुक्रवार देर शाम पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अवार्ड लेते प्रबंधक। छाया:आज

लक्कड़ पहलवान ने जीती कुश्ती

इमिलियाचट्टी। चुनार तहसील क्षेत्र के गांगपुर गांव में हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी अंतर जनपदीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। तमाम जनपदों से दो दर्जन से अधिक पहलवान पहुंचे और अपने दांव-पेंच लगाए। बड़ी कुश्ती 15 हजार 500 रुपये पर रहा, जिसमें मनीष और लक्कड़ पहलवान के बीच हुआ। लक्कड़ पहलवान ने मनीष को पटकनी देकर विजयी रहे। महिला पहलवान नेहा ने पुरुष पहलवान को पटकनी देकर विजई रही। कुश्ती दंगलप्रेमियों द्वारा ताली बजाकर पहलवानों का उत्साह वर्धन करते रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नारायनपुर चंद्र प्रकाश सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राम-लखन सिंह ठिकेदार रहे। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र सिंह अनंत ईट भट्ठा के मालिक और कमेटी के लोगों द्वारा आए अतिथियों का अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन फणिंद्र श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सुर्य प्रकाश सिंह उर्फ पप्पू पटेल, राम भिखारी सिंह, कमला सिंह, जितेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, दिलीप पटेल, राजकुमार सिंह, भुवर सिंह, संदीप सिंह, अखिलेश सिंह लालू, शिवधनी सिंह, छोटेलाल सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।

विजेता पहलवान। छाया:आज

प्रेम प्रसंग को लेकर युवक की पिटाई, हालत गंभीर

छानबे। मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर कुशहा मोड़ तिराहे के पास शनिवार सुबह करीब 11 बजे कथित प्रेम प्रसंग को लेकर एक युवक की पिटाई कर दी गई। मारपीट में युवक बेहोश हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 और स्थानीय पुलिस को देखकर आरोपित मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक पर एक किशोरी को बहलाकर प्रेम करने और वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने उसकी पिटाई की। सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस पर आरोपितों को नहीं पकड़ने का आरोप लगाते हुए विवाद किया। बाद में पुलिस और ग्रामीणों के समझाने पर घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर ले जाया गया।पीएचसी विजयपुर के सहायक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि मांडा थाना क्षेत्र निवासी अनुज कुमार (24) को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। करीब दो घंटे के उपचार के बाद उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ, जिसके बाद परिजन उसे अन्यत्र इलाज कराने ले गए।बताया जा रहा है कि युवक का विंध्याचल थाना क्षेत्र की बीए की छात्रा से प्रेम प्रसंग था। किशोरी की शादी कहीं अन्यत्र तय होने की चर्चा के बीच यह घटना हुई। हालांकि, मामले में पुलिस की आधिकारिक पुष्टि और आगे की कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है।

सनबीम को मिला एजुकेशन वर्ल्ड अवार्ड्स का सम्मान

मीरजापुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था और प्रभावी पाठ्यक्रम के लिए सनबीम स्कूल मीरजापुर को प्रतिष्ठित एजुकेशन वर्ल्ड अवॉर्ड्स 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 23 अक्टूबर को नई दिल्ली के एरोसिटी स्थित होटल पुलमैन में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। विद्यालय की ओर से निदेशक अमन आहूजा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान विद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण नेतृत्व, शिक्षा के प्रति समर्पण और पाठ्यक्रम के निरंतर विकास के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष और गौरव का माहौल है विद्यालय की प्रधानाचार्य कंचन श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान शिक्षकों की प्रतिबद्धता, पूरी टीम के निरंतर प्रयासों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति विद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। वहीं, विद्यालय के निदेशक अमन आहूजा ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए आयोजकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना विद्यालय की प्राथमिकता है। इस उपलब्धि से विद्यालय को भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलेगी।

सीखड़ में भी दिखा एयरशो का विमान

सीखड़। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रस्तावित दों दिवसीय एयर शो का नजरा सीखड़ क्षेत्र में भी शनिवार को देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा लेने वाले राफेल, सुखोई, मिराज 2000, तेजस, मिग 29 जैसे लड़ाकू विमानों ने काशी के घाटों पर शनिवार को अपना शौर्य प्रदर्शन किया। इन विमानों के डिफेंस सिस्टम और उनकी क्षमता को देखने समझने तथा जानने का मौका जहां काशीवासियों को पहली बार मिला। वहीं, शनिवार को मीरजापुर जनपद के सीखड़ क्षेत्र के आसमान में इनकी गर्जना और छिट-पुट नजारे देखने को मिला। काशी से सटे मीरजापुर के सीखड़ क्षेत्र में काशी में अपनी प्रतिभा का लोहा दिखाकर यह लड़ाकू विमान सीखड़ क्षेत्र में भी प्रवेश कर जा रहे थे, जिसकी गर्जना सुन लोगों में उत्साह और कौतूहल बना रहा।लोग अपने छतों पर बैठ कर आने जाने वाले विमानों को निहार रहे थे। आसमान से गुजरने वाले इन विमानों की गति इतनी ज्यादा और आवाज इतनी तेज थी कि लोग इसे देखते ही रह जा रहें थे।

चाकू से वार कर चाचा-भतीजा को किया घायल

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के काशीसरपती गांव में शनिवार की सुबह मारपीट के दौरान चाकू से वार करने पर चाचा-भतीजा घायल हो गए, जिन्हें इलाज हेतु मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया हैं। काशीसरपती गांव निवासी निर्भय चतुर्वेदी (23) ने बताया कि वह सुबह क़रीब सात बजे टहलने गया था कि गांव के ही दो युवक मिले, जिसमें एक गाली देने लगा। मारपीट करने लगे भाग मैं घर आया कि युवक बाइक से चाकू लेकर घर चढ़ आया और चाकू से वार कर घायल कर दिया। बचाव के लिए आए चाचा किशन (21) पर भी वार कर घायल कर दिया। गोली मारने की धमकी दी है। दोनों घायलों को जिगना पुलिस ने तत्काल इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई भेजा गया।डॉक्टर रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि दोनों घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के अस्पताल भेजा गया है। तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

गाजीपुर समाचार

डीएम-एसपी ने किया बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

गाजीपुर । शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह द्वारा कल 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2026 के दृष्टिगत आज देर सायं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा बस स्टैंड पर सुगम आवागमन हेतु अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आठ आठ घंटे के शिफ्ट में कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जिससे बसों के आवागमन इत्यादि के संदर्भ में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, पेयजल की भी उपलब्धता रहे, शौचालय भी साफ रहे। उन्होंने हेल्प डेस्क की स्थापना के भी निर्देश दिए, जहां पर अभ्यर्थियों की समस्या का समाधान हो सके। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों के ठहरने इत्यादि के संदर्भ में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अन्य जनपदों से आए अभ्यर्थियों से संवाद भी किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहरी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिले की सीमाएं २८ तक नो-फ्लाइंग जोन घोषित

गाजीपुर। भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाराणसी के नमो घाट पर होने वाले हवाई प्रदर्शन और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गाजीपुर जिले की संपूर्ण सीमा को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है। इसके अनुसार 24 से 28 अक्टूबर 2026 तक जिले में ड्रोन सहित विभिन्न प्रकार के मानव रहित और हल्के उड़ान यंत्रों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी के मुताबिक, वाराणसी के नमो घाट पर 22, 24 और 25 अक्टूबर को प्रस्तावित हवाई प्रदर्शन में लगभग 100 विमानों के शामिल होने की संभावना है। इन विमानों के प्रयागराज, गोरखपुर, गाजीपुर, वाराणसी, लखनऊ और बरेली समेत आसपास के जिलों से उड़ान भरने की संभावना है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रचलित कानून के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह प्रतिबंध 24 से 28 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा।

टेम्पो की चपेट में आने से युवक घायल

नंदगंज (गाजीपुर)। वाराणसी गाजीपुर फोरलेन पर रामपुर माझां थाना क्षेत्र के देवकली कट के पास शनिवार दोपहर में देवकली निवासी संदीप कुशवाहा उम्र 40 वर्ष का बाइक का टेम्पो से टक्कर होने से गम्भीर रूप से घायल हो गये। उनका एक पैर में गम्भीर चोंट के साथ शरीर के अन्य भाग में भी चोटें आयी हैं। आसपास के लोगों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवकली ले गये। जानकारी के अनुसार संदीप कुशवाहा देवकली में मोटरसाइकिल मरम्मत का कार्य करते है। वह देवकली पेट्रोल पम्प से मोटरसाइकिल में तेल लेकर वापस आ रहे थे ,तभी देवकली कट के समीप टेम्पो चालक ने उनके बाइक में टक्कर मार दी।

साइंस आन व्हील्स कार्यक्रम का शुभारंभ

मरदह, गाजीपुर। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तत्वावधान में श्री ब्रह्मा जी शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति, नरवर-मरदह के तत्वावधान में साइंस ऑन व्हील्स कार्यक्रम का शुभारंभ कुंवर इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की जानकारी पहुंचाना और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराने तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया गया।

२९ को लगेगा रोजगार मेला

हंसराजपुर, गाजीपुर। शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत 29 अक्टूबर को स्नातकोत्तर महाविद्यालय मलिकपूरा में वृहद रोजगार मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से आरम्भ होगा। जिला कार्यकारी समिति की बैठक में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आयोजित इस रोजगार मेले में जनपद के रोजगार के इच्छुक युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। विशेष रूप से स्नातक एवं परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता की अपील की गई है। जखनियां विधायक बेदी राम को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। रोजगार मेले से संबंधित अतिरिक्त जानकारी के लिए नोडल अधिकारी डॉ. शिव प्रताप यादव से मोबाइल 9136105884 पर संपर्क किया जा सकता है।

पूर्व सांसद ने किया मताधिकार का प्रयोग

भांवरकोल, गाजीपुर। वाराणसी खंड स्नातक एमएलसी निर्वाचन में पूर्व सांसद अतुल राय ने कतार में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने मतदान को लोकतंत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। पूर्व सांसद ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने स्वयं मतदान कर लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्वहन किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सादगी, सेवा और समर्पण ही उनकी राजनीति का आधार है तथा जनसेवा उनका संकल्प है। जनता से मिलने वाले विश्वास और स्नेह के प्रति सदैव समर्पित रहना ही उनका ध्येय है।उन्होंने अपने समर्थकों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी का स्नेह और आशीर्वाद इसी तरह बना रहे। उनका संदेश लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी और मतदान के महत्व पर केंद्रित रहा।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज:** 3,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ:** 1,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022460
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़े
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें।

सूर्योदय : ०६.०१
सूर्यास्त : ०५.२३
तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : १९.०

परीक्षा की शुचिता, सुरक्षा और सुचारु संचालन सर्वोच्च प्राथमिकता-योगी

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के साथ अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस तंत्र को सक्रिय रखते हुए परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पीईटी-2026 का आयोजन 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को कुल छह पालियों में किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रदेश के 60 जनपदों में

1,372 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कुल 35,41,297 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रत्येक पाली में 5,90,217 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। आगरा, अलीगढ़, झांसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद और प्रयागराज सहित नौ जनपदों में प्रत्येक पाली में 15 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए आयोग मुख्यालय में कमांड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की कैमरों के जरिए लाइव निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती और संबंधित कार्मिकों का समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, प्रमुख मार्गों, होटलों, धर्मशालाओं और रैन बसेरों पर अभ्यर्थियों, विशेषकर महिला अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में असुविधा न हो। अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बसों और ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की जाए। बैठक में बताया गया कि परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोग स्तर पर डीजी रेलवे और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की जा चुकी है। परीक्षा की तिथियों में सभी केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

अफजालकी बिगड़ी तबीयत, आईसीयू में भर्ती

लखनऊ (आससे)। गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर परिजन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें गाजीपुर से एंबुलेंस से लाकर लखनऊ मेदांता में गैस्ट्रो विभाग में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल ने शनिवार को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया अफजाल अंसारी को पेट में तेज दर्द के बाद यहां लाया गया। जांच में पता चला कि उनके पैंक्रियास (अग्न्याशय) में सूजन है। उन्हें हल्का पीलिया भी है। फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है। डॉ. अभय वर्मा और डॉ. दिलीप दुबे की टीम उनकी देखभाल में लगी हैं। इससे पहले परिजनों ने बताया कि अफजाल लंबे समय से लिवर की बीमारी से जूझ रहे हैं। शुक्रवार सुबह गले में खराश, सर्दी की समस्या थी। इस बीच, घी और गुड़ का घरेलू नुस्खा अपना लिया।

रामपुर खास के साथ मेरा राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीय संबंध-आराधना मिश्रा

लखनऊ (आससे)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रतापगढ़ और विशेष रूप से रामपुर खास के साथ मेरा राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीय संबंध है। मेरे परिवार ने इस क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। मैं अपनी अंतिम सांस तक इस क्षेत्र के विकास और जनता के सम्मान के लिए आजीवन समर्पित रहूंगी। ये जमीन हमारे खून पसीने से सिंचित है और हमेशा हमारा खून पसीना जनता के लिए समर्पित है उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में बनने जा रही है हम सब मिलकर नफरत को मिटा देंगे। यह बातें उन्होने शनिवार को अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास पहुंचने पर व्यक्त कीं। लखनऊ से प्रतापगढ़ तक विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत हुआ। जगह-जगह मोटरसाइकिल रैलियों, कार जुलूसों, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के माध्यम से उनका अभिनंदन किया गया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों में भारी उत्साह दिखा।

चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं में देशभर के लोग दिखा सकेंगे हुनर

लखनऊ (आससे)। योगी सरकार दीपोत्सव2026 में अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक वैभव और बदलते स्वरूप को रंगों व रचनात्मकता के जरिए दुनिया के सामने लाने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनके माध्यम से देशभर के कला प्रेमी और रचनात्मक प्रतिभाएं रामनगरी की परंपराओं, प्रमुख स्थलों, विकास कार्यों और दीपोत्सव की भव्यता को अपने अंदाज में प्रस्तुत कर सकेंगे। दोनों प्रतियोगिताओं में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि दो नवंबर निर्धारित की गई है। विजेताओं को दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या भारत

दो नवंबर तक जमा होंगी प्रविष्टियां

की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली विरासत के प्रतीक रूप में स्थापित हुआ है। दीपोत्सव-2026 के अंतर्गत चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिता युवाओं व रचनात्मक प्रतिभाओं को अयोध्या के बदलते स्वरूप, विकास की गाथा और सनातन संस्कृति की भव्यता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। हमारा उद्देश्य है कि आधुनिक तकनीक और रचनात्मकता के माध्यम से रामनगरी की सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा जन-जन तक पहुंचे तथा वैश्विक पटल पर इसकी पहचान और अधिक सुदृढ़ हो।चित्रकला प्रतियोगिता की थीम श्कला के माध्यम से अयोध्या का उत्सवश् रखी गई है। इसमें प्रतिभागियों को जलरंग माध्यम से मौलिक पेंटिंग तैयार करनी होगी। कलाकृति में अयोध्या की विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों, विकास की नई तस्वीर या दीपोत्सव की भव्यता को दर्शाया जा सकता है। चित्र स्वयं तैयार किया गया हो और सार्वजनिक प्रदर्शन के अनुकूल होना चाहिए।

फिलीपीनमें प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दो सैन्य विमान टकराये, चार पायलट की मौत

मनीला (एजेंसी)। फिलीपीन की वायुसेना के दो विमान प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आपस में टकराने के बाद मनीला के दक्षिण में स्थित एक एयर बेस पर दुर्घटनाग्रस्त हो गये, जिसमें सवार सभी चार पायलट की मौत हो गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दो एसएफ-260 विमान शुक्रवार अपराह्न कम ऊंचाई पर उड़ान भरते समय आपस में टकरा गये और राजधानी के दक्षिण में तटीय प्रांत बाटांगस के लीपा शहर स्थित फर्नांडो एयर बेस पर दुर्घटनाग्रस्त हो गये। उन्होंने बताया कि एयर बेस पर कोई घायल नहीं हुआ है। वायुसेना ने इस हादसे के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी है और इसे एक दुर्घटना बताया है। घटना की जानकारी रखने वाले फिलीपीन के दो अधिकारियों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि दोनों विमानों की हवा में ही टक्कर हो गयी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दो सीट वाला एक विमान एयर बेस में सैन्यकर्मियों के बैरक के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर पड़ा। वायुसेना ने कहा कि जांच जारी रहने तक इटली से खरीदे गए उसके शेष सभी एसएफ-260 विमानों की उड़ानों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गयी है। वायुसेना ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उसके पास कितने एसएफ-260 विमान शेष हैं। यह दुर्घटना पर्याप्त बजट की कमी से जूझ रही फिलीपीन सेना के लिए एक बड़ा झटका है।

नोएडा : दुकानोंमें फटे कई एलपीजी सिलिंडर, हड़कंप

नोएडा (आससे)। नोएडा में एमिटी यूनिवर्सिटी के बाहर दुकानों में शनिवार को 4 से 5 एलपीजी सिलिंडरों में विस्फोट होने की सूचना मिली है। इस घटना के कारण कई दुकानें आग की चपेट में आ गईं और मौके पर हड़कंप मच गया। हादसा इतना भयानक था कि एक के बाद एक कई सिलेंडरों में जोरदार धमाके हुए। जिससे स्थानीय लोगों और छात्रों में दहशत फैल गयी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दमकलकर्मी की टीम पहुंच गयी और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। सिलिंडरों में विस्फोट के कारण हुए इस हादसे से अफरा-तफरी का माहौल है। धमाके के बाद आग लगने से आसमान में काल धुएं के काले गुबार छा गया। पुलिस के मुताबिक, यूनिवर्सिटी के बाहर कई दुकानें हैं, वहां सिलिंडर फटने से आग लगी है।

मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का नाम सम्मिलित करने के लिए विशेष अभियान

लखनऊ (आससे)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा पहली बार बनने वाले युवाओं के नाम सम्मिलित करने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर को प्रदेश के मतदेय स्थलों पर मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिकों विशेषकर महिलाओं तथा युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए फॉर्म-6 भरवाए गए।इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वयं विधानसभा क्षेत्र 173 लखनऊ पूर्व के मॉडर्न एकेडमी विरामखंड एवं सेंट जॉन वास्को विवेकखंड, गोमती नगर तथा विधानसभा क्षेत्र 169-बक्शी का तालाब के दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोमतीनगर विस्तार मतदेय स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण किया गया। जनपदों में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर पर्यवेक्षण किया गया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पर्यवेक्षण के दौरान बूथ पर उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी एवं आये हुए नागरिकों से संवाद भी किया गया। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का आकलन किया गया। बीएलओ मतदाता सूची एवं पूरक सूची तथा पर्याप्त मात्रा में फार्म-6 के साथ निर्धारित समय पर बूथों पर उपस्थित रहें। मतदेय स्थल पर आ रहे पात्र नागरिकों, जिनका नाम किन्ही कारणों से सूची में अभी तक शामिल नहीं हो सका है, उनका फार्म-6 भरवा कर आवेदन कराया जाए।उन्होंने बताया कि विशेष अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। आयोग इस दिशा में निरंतर सक्रिय प्रयास कर रहा है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट और सामाजिक संगठनों का भी सहयोग इस कार्य में आवश्यक है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के सभी पात्र नागरिक अपना और परिवार के सदस्यों का नाम अपने संबंधित बूथ की मतदाता सूची में अवश्य जांचें। यदि नाम सम्मिलित न हो तो फार्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा करें।

ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का फिर से किया दावा

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में मध्यावधि चुनाव की एक रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को भारी शुल्क लगाने की धमकी देकर दोनों देशों के बीच चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष को रुकवाया था। भारत ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद सात मई 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इस अभियान के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। ट्रंप ने संबोधित करते हुए पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को बढ़ने से रोकने का फिर से श्रेय लिया। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को चेतावनी दी थी कि यदि लड़ाई जारी रही तो उन पर भारी शुल्क लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों से लैस दोनों देश गुस्से में थे, लेकिन उन्होंने गोलीबारी रोक दी। ट्रंप ने दावा किया कि इस संघर्ष के दौरान 11 विमान मार गिराए गए थे। ट्रंप ने कहा आप भारत और पाकिस्तान, दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों को रोकते हैं... मैंने कहा, 'दोस्तो, अगर आप ऐसा करने जा रहे हैं, तो आप अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगे... मैं आप दोनों पर 250 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क लगा दूंगा, ताकि आप कोई कारोबार न कर सकें।' उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान बहुत परेशान और गुस्से में थे, लेकिन उन्होंने गोलीबारी रोक दी और संघर्ष समाप्त हो गया। ट्रंप ने कहा 11 विमान मार गिराए गए थे। मैंने इन सभी युद्धों को रुकवाया और ऐसा करना वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है...। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रयास में उन्हें संयुक्त राष्ट्र से कोई मदद नहीं मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा मैंने संयुक्त राष्ट्र को एक फोन तक नहीं किया। लेकिन हमने इन सभी युद्धों को रुकवा दिया तथा कुछ और युद्ध बाकी हैं। जब मैं राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहा था, तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि इतने सारे युद्ध हो रहे हैं।

शेष

डीपफेक...

विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए बताया करीब 100 एकड़ की जिस जमीन पर आज विश्वस्तरीय फॉरेंसिक संस्थान खड़ा है, उस पर कभी लखनऊ के एक बड़े भू-माफिया का कब्जा था। उस समय पुलिस भी इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। वर्ष 2017 में पुलिस अधिकारियों से इसकी जानकारी मिलने के बाद जांच कराई गई और भू-माफिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। दूसरी प्राथमिकी दर्ज होते ही उसने आत्मसमर्पण कर जमीन छोड़ दी। आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले लखनऊ में साइबर फॉरेंसिक और क्वांटम तकनीक जैसे विषयों पर चर्चा करना भी सपने जैसा लगता था। आज उसी जमीन पर बना संस्थान प्रदेश में वैज्ञानिक जांच, आधुनिक अपराध अनुसंधान और तकनीकी शिक्षा को नई दिशा दे रहा है। फॉरेंसिक विज्ञान की उपयोगिता समझाते हुए मुख्यमंत्री ने लोकप्रिय टीवी सीरियल सीआईडी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पहले लोग टेलीविजन पर देखते थे कि एक बाल या फिंगरप्रिंट के आधार पर अपराधी तक कैसे पहुंचा जाता है, लेकिन अब फॉरेंसिक विज्ञान और आधुनिक तकनीक की मदद से ऐसी जांच वास्तविक जीवन में संभव हो रही है। न्याय मिलने में देरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने एक माफिया के मामले का जिक्र किया, जिसने वर्ष 1980 में पहला अपराध किया था, लेकिन साक्ष्यों के अभाव और डीएनए नमूने नष्ट होने के कारण उसे वर्ष 2022 में, यानी 42 साल बाद सजा मिल सकी। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण बताता है कि अपराध की जांच में वैज्ञानिक साक्ष्य कितने महत्त्वपूर्ण हैं और समय पर साक्ष्य जुटाना न्याय प्रक्रिया के लिए क्यों जरूरी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के तहत सात वर्ष से अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सभी 18 पुलिस रेंज में फॉरेंसिक लैब विकसित की जा रही हैं, जिनमें से 12 लैब तैयार हो चुकी हैं, जबकि छह अन्य अंतिम चरण में हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि इसके अतिरिक्त 150 से अधिक फॉरेंसिक वैन तैनात की गई हैं, जिससे घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने और जांच को गति देने में मदद मिलेगी, जिसका उद्देश्य है कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर विवेचना मजबूत हो और न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी कम हो।

कम्प्यूटर सहायक...

दिया गया है।प्रकरण में दोषी पाये गए मतदाता पंजीकरण केन्द्र के कम्प्यूटर सहायक एवं बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची के कार्य से तत्काल हटाते हुए उनकी सेवा समाप्त किये जाने सम्बन्धी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण के लिए जिम्मेवार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ के कम्प्यूटर सहायक एवं बूथ लेवल अधिकारियों, तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 2 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 के अन्तर्गत कार्रवाई किये जाने से पूर्व नोटिस दिए जाने के निर्देश दिये गये हैं। मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं पर्यवेक्षण में शिथिलता बरतने के लिए तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 2 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु आरोप पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आजमगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की भी इस बिन्दु पर गहनता से जांच कर विस्तृत आख्या एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी, आजमगढ़ को दिये गये हैं।

पीएम आज...

रहेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नमो घाट पहुंचकर भारतीय वायुसेना के 'एयर फोर्स डे एरियल डिस्प्ले-2026' का रोमांच देखेंगे। 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर होने वाला यह हवाई प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। गंगा के ऊपर आसमान में लड़ाकू विमानों और वायुसेना के जांबाजों का प्रदर्शन काशी के लिए खास आकर्षण होगा।वाराणसी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री भुवनेश्वर जाएंगे, जहां भारतीय रिजर्व बैंक के नवनिर्मित डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे। इन सुविधाओं का उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र की तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के साथ साइबर सुरक्षा को और मजबूत करना है।

जदयू विधायक...

कार्रवाई की जानकारी दी गयी है। जदयू के पत्र के मुताबिक, अनंत कुमार सिंह ने पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी के निर्देशों की अवहेलना की। उन पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया गया है। पार्टी ने इन गतिविधियों को अनुशासनहीनता मानते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। पत्र में कहा गया है कि हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में अनंत सिंह ने पार्टी के उम्मीदवार के विरुद्ध काम किया और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार किया। इसी को कार्रवाई का प्रमुख आधार बताया गया है।

गठबन्धनमें उलझा...

में पिछले चुनाव सपा ने तीन और भाजपा ने दो सीटें जीती थीं। रायबरेली की पांच में चार सपा के पाले में और एक भाजपा के पाले में थीं। सपा ने पहले से तय किया है कि उसके साथ छोड़ कर भाजपा का दामन थामने वाले बागी विधायकों को वह खुद हरायेगी। इनमें ऊंचाहार से जीते मनोज पांडेय जो योगी सरकार में मंत्री हैं, खास तौर पर सपा के निशाने पर हैं। राकेश प्रताप सिंह अमेठी से पिछली बार सपा से जीते थे। वह भी भाजपा में जा चुके हैं। सपा ने यह सीटें देने से इन्कार का संदेशा भिजवा दिया है। कांग्रेस ने एक नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली के लिए ताकत झोंक दी है और इसमें इंडिया ब्लाक के सभी नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। विपक्षी राजनीति में अगुवा की भूमिका में अब रैली के जरिये इंडिया ब्लॉक की एकजुटता का संदेश तो भाजपा को दिया जायेगा ही साथ छुपा हुआ संदेश यूपी चुनाव के लिए भी होगा। इससे अपने पक्ष में माहौल बना कर सपा से अधिक से अधिक सीटें लेने का दबाव बनाया जा सके।

वांदीपोरामें...

भीतर से समन्वय, गुप्त बैठकों और अलगाववादी विचारधारा के प्रचार के लिए कथित गतिविधियों के साथ-साथ संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का भी पता चला है। इस मामले में बांदीपोरा पुलिस थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (

वर्मा ने लगाया जीत का तिलक

भारत ने ३००वें टी-२० मुकाबलेमें न्यूजीलैण्ड को चार विकेटसे हरा श्रृंखलामें ली २-० की बढ़त

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। तिलक वर्मा (नाबाद ५१ रन) के आक्रामक अर्द्धशतक और उनकी नीतिश कुमार रेड्डी (नाबाद २६) के साथ सातवें विकेट के लिए की गयी ३० गेंद में ६९ रन की अटूट साझेदारी की बदौलत भारत ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए शनिवार को यहां दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैण्ड को एक गेंद रहते चार विकेट से हरा कर अपने ३००वें टी-२० मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की और पांच मैच की श्रृंखला में २-० की बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैण्ड ने २० ओवर में पांच विकेट पर १८० रन बनाये जिसे भारतने १९.५ ओवर में छह विकेट पर १८१ रन बना कर हासिल कर लिया। १८१ रन के लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत को पहला झटका पांचवें ओवरमें जैकब डफीने संजू सैमसन (१४) को आउट करके दिया जो धीमी गेंदको जल्दी खेलकर ग्लेन फिलिप्स के हाथों लपके गये तब टीम का स्कोर ४० रन था। स्कोर में चार रन ही जुड़े थे कि श्रृंखला का पहला मैच खेल रहे वैभव सूर्यवंशी (चार) को नाथन स्मिथ ने आउट कर दिया। इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर सैंटनर ने अभिषेक (२७), भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर (सात) और अक्षर पटेल (११) के विकेट झटके। इस तरह भारतने ११वें ओवर में ७० रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे। इसके बाद नमन धीर (३१ रन, १७ गेंद, एक चौका, तीन छक्का) और तिलक ने मिलकर २५ गेंद में ४२ रन जोड़े पर सैंटनर ने अपने अंतिम ओवर में नमन को आउट कर दिया जिससे भारत को ११२ रन छठा झटका लगा। इसके बाद तिलक वर्मा और नीतिश कुमार रेड्डी ने मोर्चा संभाला। तिलक ने आक्रामक तेवर के साथ २५ गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। दोनोंने सातवें विकेटके लिए ३० गेंदमें ६९ रनकी अटूट साझेदारी करते हुए भारतका स्कोर १९.५ ओवरमें छह विकेटपर १८१ रन कर दिया। तिलक ने २६ गेंदमें छह चौकों और एक छक्केकी बदौलत नाबाद ५१ रनोंकी पारी खेली। वहीं नीतिश १३ गेंदोंमें एक चौके एक छक्केकी मदद से २६ रन बनाकर नाबाद लौटे। सैंटनर ने २१ रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले टास हार कर पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलनेके बाद भारतीय गेंदबाजों के शुरुआती विकेट झटकनेसे मेजबान टीम ने छठे ओवरमें ४१ रन पर तीन विकेट गंवा दिये। भारत को दूसरी ही ओवर में पहली सफलता मिली जब अर्शदीप सिंह ने टिम सिफर्ट (सात) को आउट कर दिया। इसके बाद प्रिंस यादव ने फिन एलेन को १६ रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा जबकि भुवनेश्वर कुमार ने डेरिल मिचेल (छह) का विकेट हासिल किया। एलेन के आउट होने के बाद न्यूजीलैण्ड टीम संकट में फंस गयी। अब जिम्मेदारी फिलिप्स और जैकब्स पर आ गयी। दोनों ने अहम साझेदारी करते हुए १४वें ओवरमें न्यूजीलैण्डको १०० रनके पार पहुंचाया। फिलिप्स ने ३३ गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। वहीं जैकब्स ने भी फिलिप्स का बखूबी साथ निभाया और ४० गेंद में अपना अर्द्धशतक लगाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए ६९ गेंद में १०० रन की साझेदारी की। १८वें ओवर में अर्शदीप की गेंद पर फिलिप्स की पारी समाप्त हुई जिससे ११६ रनकी साझेदारी का भी अंत हो गया। फिर कुछ ही देर बाद जैकब्स भी आउट हो गये जिन्हें नीतिश कुमार रेड्डी ने पवेलियन भेजा। इससे न्यूजीलैण्ड का स्कोर पांच विकेट पर १६५ रन हो गया। फिलिप्स ने ४३ गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से जड़ित तूफानी पारी खेली जबकि जैकब्स ने ४६ गेंद पर ५८ रन बनाये जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। अंतिम ओवरों में माइकल ब्रेसवेल ने तेज बल्लेबाजी करते हुए एक चौका और एक छक्का लगाया इससे न्यूजीलैण्ड ने आखिरी दो ओवरों में २३ रन जोड़े और पांच विकेट पर १८० रन के सम्मानजनक स्कोर के साथ अपनी पारी समाप्त की। भारत के लिए अर्शदीप सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने अपने चार ओवरों में ३३ रन देकर दो विकेट लिए। प्रिंस यादव ने ३० रन देकर और भुवनेश्वर कुमार ने ५० और नीतिश रेड्डी ने ३१ रन देकर एक-एक विकेट लिए। अक्षर पटेल ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में केवल २८ रन दिए हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

सिंधू फाइनलमें, यंग से होगी खिताबी जंग

फ्रेंच ओपन सुपर ७५०

पेरिस (एजेन्सियां)। भारतीय बैडमिण्टन स्टार पीवी सिंधू ने फ्रेंच ओपन सुपर ७५० टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता सिंधू ने जापान की हिना अकेची को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में २१-१०, २०-२२, २१-१६ से हराया। अब खिताब के लिए उनका सामना दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर-वन खिलाड़ी एन से यंग से होगा। ३१ वर्षीय सिंधू ने एक घंटे १३ मिनट तक चले मुकाबले में शानदार धैर्य और अनुभव का परिचय दिया। इस साल यह उनका दूसरा सुपर ७५० फाइनल है। इससे पहले उन्होंने जुलाई में जापान ओपन का खिताब अपने नाम किया था। मुकाबले की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। स्कोर ४-४ और फिर ८-८ से बराबर रहा। हालांकि सिंधू ने ब्रेक तक ११-९ की बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए अंतिम १२ में से ११ अंक जीते और पहला गेम २१-१० से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जापान की हिना अकेची ने शानदार वापसी की। सिंधु ने पिछड़ने के बाद स्कोर ७-७ और फिर १०-१० से बराबर किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला लगातार रोमांचक बना रहा। सिंधू ने १४-१४ और १६-१६ पर बराबरी हासिल की लेकिन अकेची ने गेम प्वाइंट हासिल कर लिया। सिंधू ने २०-२० पर स्कोर बराबर करके मुकाबले में वापसी की कोशिश की लेकिन जापानी खिलाड़ी ने अगला मौका भुनाते हुए दूसरा गेम २२-२० से जीत लिया। इससे मुकाबला निर्णायक तीसरे गेम में पहुंच गया। तीसरे गेम में सिंधू ने ५-३ की बढ़त के साथ शुरुआत की लेकिन अकेची ने वापसी करते हुए ६-५ से बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अपनी लय पकड़ी और ब्रेक तक दो अंकों की बढ़त बनाए रखी। अकेची ने हार नहीं मानी और शानदार नेट प्ले तथा स्मैश के दम पर स्कोर १५-१५ कर दिया। इसके बाद ३८ शाट तक चली लंबी रैली में

जापानी खिलाड़ी की नेट पर हुई गलती से सिंधू को १८-१६ की बढ़त मिल गयी। सिंधू ने इसके बाद लगातार दबाव बनाए रखा। शानदार नेट शाट के बाद उन्हें मैच जीतने के चार मौके मिले। आखिरकार क्रास-कोर्ट स्मैश लगाकर उन्होंने मुकाबला २१-१६ से जीत लिया और फाइनल में प्रवेश कर लिया। खिताबी मुकाबले में सिंधू के सामने दक्षिण कोरिया की शीर्ष खिलाड़ी एन से यंग होंगी। सिंधू जानती हैं कि यह चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि एन से यंग शानदार फार्म में चल रही हैं।

पोलार्ड बने मुम्बई इण्डियंस के कोच

मुम्बई (एजेन्सियां)। पांच बारकी चैम्पियन मुम्बई इण्डियंसने आईपीएल २०२७ सत्रसे पहले वेस्टइण्डीजके पूर्व हरफनमौला कीरोन पोलार्डको टीम का मुख्य कोच बनाया है जो महेला जयवर्द्धने की जगह लेंगे। पोलार्ड पिछले कुछ सत्र से टीमके बल्लेबाजी कोच थे। मुम्बई इण्डियंसने कहा यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कीरोन पोलार्ड टीम के मुख्य कोच होंगे। यह टीम की विरासत बनाने के प्रति मुम्बई इण्डियंसकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। हम मैदान पर और उसके बाहर प्रतिभाओंके विकास और अपनी टीम संस्कृति मजबूत करनेके लिये काम करते रहेंगे। उनका नेतृत्व मुम्बई इण्डियंस के सबसे सफल वर्षोंका हिस्सा रहनेके अनुभवपर आधारित होगा और साथ ही इसमें टीमके अगले अध्यायको आकार देनेकी महत्वाकांक्षा भी शामिल होगी। पोलार्डने कहा मुम्बई इण्डियंस मेरे जीवन और करियरका बड़ा हिस्सा रही है। टीम, खिलाड़ियों और पल्टनके साथ मेरा लगाव मेरे लिये काफी मायने रखता है। एक खिलाड़ी और एक कोचके तौरपर सफरका अनुभव करनेके बाद मैं समझ गया हूं कि मुम्बई इण्डियंस क्या है और उसके साथ जुड़नेकी जिम्मेदारियां क्या है।

आदित्य ने तीसरा पदक पक्क किया

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। आदित्य ने शनिवार को मोंटेनेग्रो के बुडवा में जारी विश्व बाक्सिंग अंडर-१९ चैम्पियनशिप में इटली के तोमासो ओरलैंडो को हराकर पुरुषों के ५५ किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही वह इस प्रतियोगिता में पदक पक्का करने वाले भारत के पहले पुरुष मुक्केबाज बन गये। आदित्य ने ओरलैंडो के खिलाफ ५-० से सर्वसम्मत फैसले में जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उनका सामना अजरबेजान के निहात गासिमोव से होगा। इससे पहले मेघा श्योकंद (महिला ८० किलोग्राम) और प्राची टोकस (महिला ५७ किलोग्राम) भी अपने-अपने भार वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। इस तरह इन दोनों खिलाड़ियों ने भी भारत के लिए पदक सुनिश्चित कर दिए हैं। शुक्रवार के अंतिम सत्र में मौसम सुहाग को पुरुषों के ६५ किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में इंगलैण्ड के याशुआ फ्लेमिंग के खिलाफ ०-५ से हार का सामना करना पड़ा। वहीं अमन देव पुरुषों के ५० किलोग्राम वर्ग में जार्जिया के शाल्वा बेरिद्जे से ०-५ से हार गये। लक्षु को भी अमेरिका के मार्ले मैकनीली के खिलाफ ०-५ से शिकस्त झेलनी पड़ी।

ग्रीको रोमन पहलवानों ने किया निराशा

अस्ताना (एजेन्सियां)। विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के पहले दिन शनिवार को भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जहां ग्रीको-रोमन वर्ग में उतरे चार पहलवानों में केवल ललित (५५ किग्रा) ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सके जहां उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा। ललित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के ओमर हालिस रेचेप के खिलाफ दमदार वापसी करते हुए ९-७ से जीत हासिल की। वह एक समय मुकाबले में ०-७ से पिछड़ रहे थे और हार से महज एक अंक दूर थे। उन्होंने हालांकि जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए लगातार नौ अंक जुटाये और मुकाबला अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में ललित २०२५ के अंडर-२० विश्व चैम्पियन और मौजूदा सीनियर विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अहमदी के सामने चुनौती पेश करने में नाकाम रहे। अहमदी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर आसानी से मुकाबला जीत लिया। भारतीय पहलवान की रेपेशाज के जरिये वापसी की उम्मीद अभी कायम है। इसके लिए अहमदी का फाइनल में पहुंचना होगा। दिन के अन्य मुकाबलों में तीन भारतीय पहलवान अपने शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ सके। ७७ किग्रा वर्ग में लवप्रीत सिंह को उज्बेकिस्तान के डोनियोरखोन नाकिबोव ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर ८-० से हराया जबकि ८२ किग्रा वर्ग में प्रिंस को सर्बियाके विक्टर नेमेस के खिलाफ १-३ से हार झेलनी पड़ी।

पांच डक और ११३ पर सिमटा भारत 'ए'

पहला अनौपचारिक टेस्ट

लिंकन (एजेन्सियां)। हरी भरी विकेट पर भारतीय बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और सितारों से भरी न्यूजीलैण्ड ए टीम के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन शनिवार को ११३ रन पर आउट हो गयी । जवाब में न्यूजीलैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट १३५ रन पर गंवा दिये थे और २२ रन की बढ़त हासिल कर ली थी। आकिब नबी ने कीवी बल्लेबाज जेडन लेनोक्स और टिम राबिनसन को खाता खोले बिना आउट किया। न्यूजीलैण्ड ए के लिये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज साइमन कीनी ने २४ रन देकर पांच विकेट चटकाये। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (४५ गेंद में १७ रन) एक बार फिर अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और जाक गिब्सन की गेंद पर स्लिप में कैच देकर लौटे। वहीं केएल राहुल खाता भी नहीं खोल पाये और फ्रेसर शीट की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमा कर पवेलियन लौट गये। तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने ७७ गेंद में ३२ रन बनाये। दो घंटे क्रीज पर डटकर उन्होंने अपनी



पारी में पांच चौके जड़े। भारत के पांच बल्लेबाज खाता खोलने में नाकाम रहे। छठे नंबर पर उतरे विदर्भ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने अगर नाबाद ४४ रन नहीं बनाये होते तो भारत ए का स्कोर १०० रन से भी कम होता। राठौड़ ने ४९ गेंद की पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाये। अंशुल कम्बोज ने आखिर में दस रन बनाये। स्टंप के समय कुर्टिस हीफी ३७ रन बनाकर खेल रहे थे। न्यूजीलैण्ड ए के कप्तान रीस मारियू ने ७६ रन बनाये और वह मुकेश चौधरी की गेंद पर आउट हुए। नबी ने लेनोक्स और राबिनसन को आखिरी दो गेंदों पर आउट किया ।

बैडमिंटन का चयन २८ को

वाराणसी। काशी विद्यापीठ के विश्वविद्यालय परिसर की बैडमिंटन (पुरुष) टीम का चयन २८ अक्तूबर को विश्वविद्यालय के जिमनेजियम हाल में अपराह्न एक बजे से किया जायेगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सचिव डाक्टर उर्जस्विता सिंह के अनुसार अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए जो टीम चयनित होगी वह विश्वविद्यालय परिसर, एनटीपीसी, गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर की होगी। इच्छुक प्रतिभागी क्रीड़ा परिषद में बैंडमिंटन प्रभारी डाक्टर अमरेन्द्र कुमार सिंह से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

यूपी एकतरफा जीतके साथ क्वार्टर फाइनलमें

राष्ट्रीय विद्यालयीय रग्बी प्रतियोगिता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की बालिकाओं ने बेहतरी खेलका प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के प्रयागराज स्पोर्ट्स काम्प्लैक्स में खेली जा रही ७०वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय रग्बी प्रतियोगिता में शनिवार को एकतरफा मुकाबले में जम्मू कश्मीर को २०-० से हराकर अंडर-१४ आयु वर्ग के क्वाटर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उत्तर प्रदेश की ओर से आकांक्षा ने आक्रमण की शुरुआत की। पहले हाफ में उत्तर प्रदेश की टीम ने जम्मू कश्मीर पर ५-० की बढ़त बना विपक्षी टीम पर दबाव बना लिया। दूसरे आफ में सृष्टि और खुशी ने सेंटर तथा राइट विंग से हमले किये। हालांकि जम्मू कश्मीर ने भी इस दौरान काउंटर अटैक किये लेकिन उत्तर प्रदेश की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उनके हर आक्रमण को नाकाम कर दिया। आक्रमण दर आक्रमण का नतीजा रहा कि विकास इंटर कालेज की छात्राओं से सजी यूपी ने इस हाफ में १५ गोल दागे जिससे वह २०-० से जीत दर्ज करने में सफल रही। यूपी के खिलाप अभी तक कोई भी टीम अंक बनाने में सफल नहीं हो सकी है। शुक्रवार को यूपी ने तेलंगाना को १०-० से हराया था। जिला रग्बी वाराणसी के अध्यक्ष डाक्टर ए.के. सिंह ने टीम के इस बेहतरीन जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके फाइनल में पहुंचने की उम्मीद जतायी। यूपी टीम की यह सभी खिलाड़ी परमानन्दपुर मिनी स्टेडियम में डाक्टर आशा सिंह के देखरेख में अवनीश पाल से प्रशिक्षण लेती हैं।

आईजीआरएस शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण-डीएम

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में जिलाधिकारी सख्त,राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित कर-करेत्तर एवं राजस्व से संबंधित कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिक. ारी कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व वसूली, विकास कार्यों की प्रगति तथा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान व्यापार कर की वसूली 50.4 प्रतिशत, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन की 94.76 प्रतिशत, परिवहन की 85. 83 प्रतिशत, आबकारी की 76.08 प्रतिशत, वन विभाग की 73.58 प्रतिशत, खनन की 61.87 प्रतिशत तथा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की 22.22 प्रतिशत पाई गई। जिलाधिकारी ने व्यापार कर की अपेक्षाकृत कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्षिक राजस्व वृद्धि बढ़ाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला. धिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को सड़कों को गड्ढामुक्त करने तथा सड़क चौड़ीकरण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को

आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला. धिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को जांच की संख्या बढ़ाने तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय काररवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस की समीक्षा में चकबंदी, नगर मजिस्ट्रेट तथा खान निरीक्षक स्तर पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला. धिकारी ने उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक निस्तारित शिकायत के संबंध में शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से फीडबैक प्राप्त किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध काररवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी अभय पांडे, नगर मजिस्ट्रेट रमेश बाबू, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय, समस्त उपजिला. धिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

मऊ। रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबन-बेल्थरा रोड मुख्य मार्ग स्थित पहाड़ीपुर खिरिया गांव के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। सुशील कुमार पुत्र स्व. देवन्द्र प्रसाद निवासी अखोप थाना उभाव जनपद बलिया का आरोप है कि बीते 13 अक्टूबर की शाम 5 बजे अपनी बाइक लेकर मर्यादपुर से घर आ रहे थे कि ज्यों ही पहाड़ीपुर खिरिया गांव के समीप पहुंचे थे कि एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया । जिससे मेरे पिता गंभीर रूप से घायल हो गये । उपस्थित लोगों ने इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर में भर्ती कराया। जहाँ से डाक्टरों ने स्थिति को गंभीर देख रेफर कर दिया था। जिनका वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था । जहाँ उनकी मौत हो गई। इस मामले में रामपुर पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

आदर्श बाल दुर्गा पूजा समिति का विसर्जन जुलूस

मऊ। आदर्श बाल दुर्गा पूजा समिति, सदर बाजार की ओर से शुक्रवार को मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा का विसर्जन जुलूस आकर्षक झांकियों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ाजुलूस में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कुएं में मिली नवजात बच्ची, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

घोसी(मऊ)। घोसी कोतवाली क्षेत्र के पांडेपार गांव में शनिवार सुबह करीब 15 फीट गहरे कुएं में बोरे के अंदर नवजात बच्ची मिली। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर लकड़ी लेने गई एक बुजुर्ग महिला ने ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद डायल 112 को जानक. ारी दी गई। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बच्ची को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी बड़राव पहुंचाया जहां चिकित्सक ने बच्ची को स्वस्थ बताया। बाद में उसे आगे की जांच और उपचार के लिए जिला अस्पताल मऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार डायल 112 से ग्राम पांडेपार में जीवित नवजात शिशु मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर उपनिरीक्षक हरेंद्र कुशवाहा और मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक ऋचा सोनी महिला कांस्टेबल आरती सरोज के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पीआरवी पुलिस टीम मौजूद थी। पीआरवी कर्मियों और ग्रामीणों ने नवजात को कुएं से बाहर निकाल लिया था। इसके बाद पुलिस टीम बच्ची को लेकर सीएचसी बड़राव पहुंची।अस्पताल में चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के बाद बच्ची को स्वस्थ बताया और आगे की जांच व उपचार के लिए जिला अस्पताल मऊ रेफर कर दिया। इस दौरान मिशन शक्ति प्रभारी ऋचा सोनी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर नवजात के मिलने की सूचना दी।

राशन अब ३० अक्तूबर तक मिलेगा

मऊ। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि. नियम-2013 के तहत अक्टूबर 2026 के सापेक्ष आवंटित गेहूं और चावल के नि:शुल्क वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। पहले राशन वितरण की अवधि 10 से 25 अक्टूबर तक निर्धारित थी। शासन ने यह निर्णय कुछ जनपदों में उचित दर विक्रेताओं को अक्टूबर माह का खाद्यान्न विलंब से प्राप्त होने के कारण लिया है। निर्धारित अवधि में सभी राशन कार्डधारकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में कठिनाई को देखते हुए वितरण की समय-सीमा पांच दिन बढ़ाई गई है। निर्देश के अनुसार, अब 30 अक्टूबर 2026 तक ई-पास मशीन के माध्यम से आधार आधारित प्रमाणीकरण कराकर राशन प्राप्त किया जा सकेगा।

एक भी मामला नहीं निबटा पाये डीएम-एसपी

समाधान दिवस पर सुनीं समस्याएं

मऊ। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला. धिकारी आनंद वर्द्धन ने पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के साथ थाना मधुबन में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान अधिक. ांश शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित प्राप्त हुईं। इस पर जिला. धिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर संबंधित स्थलों का मौके पर निरीक्षण करने तथा प्रकरणों की वास्तविक स्थिति का परीक्षण करने के उपरांत ही निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित

करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनते हुए नियमानुसार काररवाई की जाए, ताकि शिकायतों का उचित समाधान हो सके और दोनों पक्ष निस्तारण से संतुष्ट रहें। जिला. धिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। अत: प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में निस्तारित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। साथ ही, निस्तारण की प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता को न्यायोचित समाधान प्राप्त हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी, थाना मधुबन के पुलिस अधिक. ारी एवं कर्मचारी, राजस्व विभाग के कानूनगो तथा लेखपाल उपस्थित रहे।

सरदार पटेल की जयंती ३१ को,तैयारियां तेज

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को खैरमुहम्मदपुर में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राजकुमार पटेल ने की और संचालन डा. कैलाश सिंह पटेल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री भास्कर निषाद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को उत्साह के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम बाबा थानीदास इंटर कालेज के मैदान में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान डा. कैलाश सिंह पटेल ,हरिश्चंद्र पटेल, बाबूराम पटेल, रामाशीष पटेल, रमेश सिंह पटेल ,कमलेश सिंह पटेल, पूनम पटेल ,गीता पटेल और धर्मेंद्र पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने छह हजार रुपये कराये वापस

मऊ। रामपुर साइबर टीम द्वारा शिवम मौर्या पुत्र अशोक कुमार मौर्या निवासी बस्ती वर्सी निधियांव थाना रामपुर जनपद मऊ द्वारा प्राप्त शिकायत कि आवेदक द्वारा गलती से अन्य खाते में कुल 6000/- रुपये भेज दिये गये थे। जिसे पुलिस ने वापस करा दिये।

मारपीट के मामले में एफआईआर

मऊ। रामपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव मे लाठी डंडा से मारने पीटने के बाद पटक कर गन्दी नियत से साडी ब्लाउज फाड़ने अर्धनग्न करने के मामले में रामपुर पुलिस ने पुलिस अधिक्षक के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है । बंदना देवी पत्नी दीपन यादव का आरोप है कि 15 अक्टूबर की शाम लगभग साढ़े छ: बजे मेरी ननद और राजकुमारी अपने घर से पानी चलाने के लिये मेरे घर आई थी । इन दोनों नन्दों को देख कर राम मिलन यादव पुत्र स्व. चमली और सविता पत्नी राममिलन भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे । विरोध करने पर हम दोनों को लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर रामपुर पुलिस ने उपरोक्त दोनों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

डीएम ने मधुबन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

मऊ। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान छूटे हुए मतदाताओं एवं नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची एवं फार्म-6, फार्म-7 तथा फार्म-8 के साथ उपस्थित रहे। इस क्रम में जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने विधानसभा क्षेत्र मधुबन के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र कंपोजिट विद्यालय सुल्तानपुर बारहगांवा स्थित 10 बूथों तथा मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय सिपाह स्थित तीन बूथों का निरीक्षण कर विशेष अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों से अब तक प्राप्त फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने से कोई भी पात्र नागरिक किसी भी दशा में वंचित न रहने पाए। सभी बीएलओ निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष अभियान के अतिरिक्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने की काररवाई भी सुनिश्चित कर।

दर्जनों गांवों में सर्दी-जुकाम और बुखार से लोग परेशान

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के मिश्रौली रोशनपुर सूरजपुर और जमुनीपुर समेत दर्जनों गांवों में सर्दी जुकाम और बुखार की समस्या से लोग परेशान हैं। ऐसे में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार दिलाने की आवश्यकता है। इस संबंध में मनोज मेघवाल प्रवीण और आकाश गुप्ता ने शासन प्रशासन से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को गांवों में लोगों की जरूरत के अनुसार जांच और उपचार की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि मरीजों को इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

बाक्सिंग प्रतियोगिता में सर्वोदय पीजी कालेज का दबदबा

घोसी(मऊ)। सर्वोदय पीजी कालेज घोसी के प्रांगण में शनिवार को महारा. जा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ से संबद्ध अंतर महाविद्यालयीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सात पीजी कालेजों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में मेजबान सर्वोदय पीजी कालेज ने प्रथम स्थान हासिल कर चैंम्पियनशिप अपने नाम की । जबकि महिला वर्ग में डीएवी पीजी कालेज की टीम विजेता बनी ।पुरुष वर्ग में सर्वोदय पीजी कालेज प्रथम, ऋषि राम नरेश पीजी कालेज द्वितीय और डीएवी पीजी कालेज तृतीय स्थान पर रहा। वहीं महिला वर्ग में डीएवी पीजी कालेज प्रथम, सर्वोदय पीजी कालेज द्वितीय और मां शारदा पीजी कालेज तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन सचिव डा. सत्येंद्र कांत मौर्य ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मान. सिक विकास के साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष करने की भावना विकसित करते हैं। इस दौरान विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रो. अमरजीत, पर्यवेक्षक अजय वर्मा, डा. युगांत कुमार उपाध्याय, अमित पांडेय, डा. शैलेंद्र कुमार पांडेय, डा. संजय कुमार राय, डा. नवनीत कुमार उपाध्याय, डा. संतोष कुमार राय, डा. वंदना यादव, प्रो. सबीना अंजुम, महेश, रामभुवन, योगेश कुमार और संत कुमार पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। समापन पर विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

हनुमानजी ने फूंक दी लंका,जलकर हुई राख

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर की रामलीला के आठवें दिन शुक्रवार को बालि वध,सीता खोज, अशोक वाटिका, अक्षय कुमार वध, लंका दहन, विभीषण शरणागत तक की रोमांचक व भावपूर्ण लीला का मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ अतिथिगण अच्छेलाल यादव ग्राम प्रधान भीकमपुर, बिरजू यादव प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य सरसेना, हरिओम यादव प्रधान प्रतिनिधि टेनुआं,राजेश सिंह व रामदुलारे यादव अल्लीपुर, अशोक कुमार प्रधान भेड़ियाधर,अशोक राम प्रधान हाफिजपुर,शामू यादव प्रधान समाऊद्दीनपुर,जयहिन्द यादव प्रधान अमरसेपुर, रामाधार यादव प्रधान सुल्तानीपुर, बृजेश कन्नौजिया प्रधान करमी, राधेश्याम उर्फ भुल्लन यादव आशीर्वाद मैरेज हाल व डा. दुर्गविजय यादव के साथ जयप्रताप यादव भावी ब्लाक प्रमुख रानीपुर द्वारा प्रभु श्रीराम की आरती से हुआ। उसके बाद समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद मौर्य,राम लक्ष्मण मंदिर खाकी बाबा कुटी ट्रस्ट के अध्यक्ष कतवारू सेठ तथा जयप्रताप यादव प्रधान मनाजीत ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम व राम पटिका से स्वागत व सम्मानित किया। तत्पश्चात् बालि वध की लीला का मंचन किया गया। उसके बाद हनुमान भूख लगने पर माता सीता से आज्ञा लेकर अशोक वाटिका में जाकर उत्पात मचा देते हैं। जिन्हें पकड़ने के लिए रावण अपने पुत्र अक्षय कुमार को भेजता है। परंतु हनुमान के हाथों वह मारा जाता है। उसके बाद मेघनाद ब्रह्मफास में बांधकर हनुमान को रावण दरबार में लाता है। जहां रावण विभीषण की सलाह पर हनुमान की पूंछ में आग लगवा देता है। उसक. ेबाद उछल-कूद करतेहुए पूरी सोने की लंका में वह आग लगा देते हैं और चारों ओर हाहाकार मच जाता है। तत्पश्चात हनुमान पूंछ की आग समुद्र में बुझाकर माता सीता के पास वापस आते हैं। मंच संचालन व निर्देशन समिति के महामंत्री अशोक कुमार अश्क चियाकोटी एडवोकेट तथा संच. ालक मनोज दी ग्रेट ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रेमचन्द मौर्य,प्रमोद पाण्डेय, ओंकार पाण्डेय, अनामय पासवान, भूपेंद्र मौर्य, आशुतोष पाण्डेय, सत्यनरायन चौरसिया प्रथम, राजकुमार मौर्य,अखिलेश पांडेय, राजीव जायसवाल, सत्यनरायन चौरसिया द्वितीय,सत्यम मौर्य,रवि पाण्डेय आदि लोगोंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संक्षिप्त समाचार

घोसी में एसडीएम और सीओ ने २५ में दो मामले निबटाये

घोसी(मऊ)। घोसी कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम अशोक सिंह और सीओ सतेंद्र भूषण तिवारी की अध्यक्षता में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 25 शिकायतें आईं जिनमें राजस्व विभाग की 19 और पुलिस विभाग की छह शिकायतें शामिल रहीं। पुलिस विभाग से संबंधित दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

एसडीएम ने मुहम्मदाबाद में दो मामले निबटाये

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान दिवस की अध्यक्षता करती हुई उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री ने फरियादियों की समस्या सुनते हुए मामले का निस्तारण गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर 17 प्रार्थना पत्र में से दो मामले का निस्तारण मौके पर किया गया।

३८ बच्चों को लगे टीके

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना में शासन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत गुरुवार एवं शनिवार को नगर पंचायत की भिन्न-भिन्न मोहल्ले में विभिन्न जानलेवा बीमारी के रोकथाम हेतु टीकाकरण का कार्य अलग-अलग स्थान पर किया जा रहा है । यह टीका 0 से 5 वर्ष तक के नन्हे मुन्ने बच्चों को टिटनेस ,डिप्थीरिया, काली खांसी एवं अन्य जानलेवा बीमारी हेतु टीकाकरण लगाया जा रहा है। जहां 38 नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न जानलेवा बीमारी की रोकथाम हेतु टीका लगाए गए।

एसडीएम ने बूथों का लिया जायजा

घोसी(मऊ)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को विधानसभा क्षेत्र्स 354 घोसी में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत विशेष कैंप लगाए गए। इस दौरान घोसी तहसील क्षेत्र के घोसी, अमिला, बनगांवा और पिडउथ सिंघपुर समेत विभिन्न क्षेत्रें के मतदान केंद्रों पर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, विवरणों में संशोधन करने और नियमानुसार अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया चलाई गई। एसडीएम अशोक कुमार सिंह ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

एसडीएम ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना तहसील के विभिन्न मतदान केंद्रों का शनिवार को उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री ने निरीक्षण किया विशेष पुनरीक्षण दिवस के मौके पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन प्रक्रिया का जायजा लेते हुए लगे हुए बूथ लेवल आफिसर एवं कर्मचारी को निर्देशित किया कि जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है तथा मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है उन्हें फार्म 6 भरकर अपने यहां जमा करें ताकि उन्हें होने वाले चुनाव में अपने मतों का प्रयोग कर सकें।

शांतिभंग की आशंका में चार का चालान

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोटिया नीरज कुमार,महेंद्र निवासी कोटिया तथा ग्राम सादोपुर के मुन्नीलाल एवं रणधीर सिंह का शांतिभंग में न्यायालय चालान किया है।

बोले सितारे

साप्ताहिक राशिफल- २६ अक्तूबर-०१ नवंबर- २०२६

मेष -

मेष राशि के जातकों के लिए अक्तूबर महीने का अंतिम सप्ताह मिले जुले फल देने वाला साबित होगा। सप्ताह की शुरुआत करियर-कारोबार की दृष्टि से थोड़ी कठिनाई भरी रह सकती है। इस दौरान नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान आपके काम में आने वाली बाधाएं आपको तनाव दे सकती हैं। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको अपने कंपटीटर से कड़ा मुकाबला करना पड़ सकता है। साझेदारी में कारोबार करने वालों को अपने पार्टनर के साथ बेहतर तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी, अन्यथा गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। साझेदारी में व्यवसाय करने वाले लोगों को किसी बड़े फैसले लेने से पहले अपने पार्टनर से सलाह अवश्य लेना चाहिए, ताकि आपसी स्नेह बना रहे। सप्ताह के मध्य में सेहत को लेकर सावधानी बरतनी होगी अन्यथा शारीरिक एवं मानसिक कष्ट मिल सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में करियर-कारोबार से जुड़ी समस्याएं सुलझती हुई नजर आएंगी। इस दौरान आप अपने बात-व्यवहार के जरिए अपना काम निकालने में कामयाब रहेंगे। छात्र वर्ग के लिए यह सप्ताह सामान्य कहा जाएगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में उन्हें कुछ नवीन अनुभव प्राप्त होंगे। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। सिंगल लोगों की नए मित्रों से मुलाकात होगी और उनसे सहयोग भी प्राप्त होगा।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में चालीसा का पाठ करें।

वृष -

वृष राशि के जातकों के लिए औसत फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने कार्य बहुत सूझबूझ के साथ करने होंगे। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो कोई भी बड़ा कारोबारी निर्णय लेने से पहले अपने शुभचिंतकों की सलाह अवश्य लें। सप्ताह की शुरुआत आर्थिक दृष्टि से थोड़ी चुनौती भर रह सकती है। इस दौरान आप जितना धनार्जन करेंगे, उससे कहीं ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है। ऐसे में इस दौरान धन का प्रबंधन करके चलना उचित रहेगा और धन को उधार देने या फिर जोखिम भरे निवेश से बचना होगा। वरना आपको भविष्य में आर्थिक दिक्कतें झेलनी पड़ सकती है। अत्यधिक आवश्यक हो, तो सप्ताह के उत्तरार्ध में सोच-समझकर निवेश किया जा सकता है। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखने की आवश्यकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को दूसरे के भरोसे छोड़ने की गलती भूलकर भी न करें। अपने जीवन में अनुशासन और कार्यों के प्रति ईमानदारी बनाए रखें। सेहत की दृष्टि से वर्तमान समय अनुकूल कहा जा सकता है, लेकिन घरेलू समस्याएं बनी रहेगी जो आपकी चिंता का बड़ा कारण बन सकती हैं। प्रेम संबंध सामान्य बने रहेंगे। जीवनसाथी के सहयोग से संबल प्रदान होगा।

उपाय- प्रतिदिन पारद शिवलिंग की पूजा एवं रुद्राष्टकं का पाठ करें।

मिथुन -

मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह करियर-कारोबार की दृष्टि से बेहद शुभ रहने वाला है। यदि आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजी-रोजगार तलाश रहे हैं तो आपको अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। किसी शुभचिंतक की मदद से नया कारोबार को शुरू करने में आ रही आर्थिक दिक्कत दूर होगी। पहले से व्यवसाय कर रहे लोगों का बाजार में फंसा धन निकल आएगा और धन लाभ में बढ़ोतरी होगी। कुल मिलाकर धन की आवक बनी रहेगी। धनार्जन के नए अवसर भी मिलेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए भी समय अनुकूल कहा जाएगा। नौकरी में पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपके द्वारा कुछ ऐसे कार्य भी होंगे, जिससे आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर दोनों आप पर मेहरबान रहेंगे। सेहत की दृष्टि से सप्ताह का उत्तरार्ध थोड़ा चुनौती भरा रह सकता है। इस दौरान आप मौसमी अथवा किसी पुरानी बीमारी के उभरने के कारण परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम फलकारी कहा जाएगा। अध्ययन के प्रति एकाग्रता बनी रहेगी, लेकिन सप्ताह के उत्तरार्ध में समय इधर-उधर के कार्यों में बीतेगा। लव पार्टनर के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

उपाय- प्रतिदिन तुलसी जी की सेवा तथा पूजा में श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

कर्क -

कर्क राशि के जातकों के लिए यह शुभता लिए हुए है। सप्ताह की शुरुआत स्वजनों के साथ हंसी-खुशी समय बिताते हुए बीतेगी। इस दौरान आपके घर का वातावरण सुखद रहेगा और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ जीवन का पूरा आनंद लेंगे। घर में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। इस हफ्ते भूमि-भवन, वाहन आदि क्रय करने का सपना पूरा हो सकता है। व्यवसाय से जुड़े लोग किसी बड़ी योजना में धन निवेश कर सकते हैं। कारोबार की दृष्टि से पूरा सप्ताह आपके पक्ष में रहेगा और इस संबंध में की गई यात्राएं सुखद एवं लाभप्रद साबित होंगी। अक्तूबर महीने का अंतिम सप्ताह छात्र वर्ग के लिए गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपको बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार मिल सकता है। प्रतियोगिता-परीक्षा आदि में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को कार्यालय में अनुकूल माहौल मिलेगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की प्रशंसा करेंगे और सहकर्मियों के साथ आपका अच्छा तालमेल देखने को मिलेगा। किसी विशेष परिवर्तन की आशा नहीं है। अपने कार्य में एकाग्रता बनाए रखें। प्रेम प्रसंग की दृष्टि से भी यह सप्ताह आपके पक्ष में हैं। लव पार्टनर के साथ आपसी रिश्ते मजबूत होंगे। जीवनसाथी की उपलब्धि से मन हर्षित रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा में चालीसा का पाठ करें।

सिंह -

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ और सफल साबित होने जा रहा है। जिन कार्यों को पूरा करने के लिए आप काफी समय से परेशान चल रहे थे, वे इस सप्ताह के अंत तक किसी महिला मित्र की मदद से मनचाहे तरीके से पूरे हो जाएंगे। पहले की अपेक्षा आपके सौभाग्य का ज्यादा साथ होने से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। करियर-कारोबार में मनचाही सफलता और लाभ की प्राप्ति होगी। सिंह राशि के जातकों का सप्ताह के मध्य में रुझान नए विषयों की ओर बढ़ेगा। इस दौरान आपके संपर्क प्रभावी लोगों के साथ बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव और मान-सम्मान बढ़ेगा। इस सप्ताह उनके कद में पद में वृद्धि के पूरे योग हैं। सप्ताह के उत्तरार्ध में व्यापारियों के लिए लाभ के उत्तम योग बनेंगे। पूर्व में किये गये निवेश से बड़ा लाभ होगा, परन्तु कुछ अन्य परेशानियां आने के कारण धन दूसरी जगह व्यय भी हो सकता है। साझेदारी में व्यापार करने वालों को विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। सिंह राशि के जातक इस सप्ताह घरेलू समस्याओं का समाधान खोजने में कामयाब होंगे। प्रेम संबंध में उपजी गलतफहमी दूर होंगी और आपसी विश्वास बढ़ेगा।

उपाय- प्रतिदिन उगते हुए सूर्य को जल देकर ॐ घृणि सूर्याय नमः का मंत्र जपें।

कन्या -

कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में करियर-कारोबार के सिलसिले में आपको जरा ज्यादा ही भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस दौरान नौकरीपेशा जातकों पर कामकाज का अतिरिक्त बोझ आ सकता है। इस दौरान आपकी जिम्मेदारियों में अनचाहे बदलाव होने की आशंका बनी रहेगी। कन्या राशि के जातकों के द्वारा इस समय की गई कोई भी गलती नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। ऐसे में अपने अधिकारी तथा सहकर्मियों के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखते हुए उनके साथ विनम्रता के साथ पेश आएं। आर्थिक दृष्टिकोण से यह सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। यदि आप कार्य विशेष से लाभ की आशा लगाकर बैठे हैं, तो उसे मिलने में संदेह बना रहेगा। इस हफ्ते धन के लेन-देन में विशेष सावधानी बरतें और किसी को पैसे उधार देने से बचें, अन्यथा उसकी वापसी मुश्किल होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध का समय व्यवसाय की दृष्टि से चुनौती भरा रहने वाला है। इस दौरान उन्हें सोच-समझकर निवेश करना होगा। इस दौरान आपका व्यापारिक लाभ कई कारणों से प्रभावित हो सकता है। प्रेम संबंध में सावधानी के साथ कदम आगे बढ़ाएं और दिखावा करने से बचें।

उपाय- प्रतिदिन गणपति की पूजा में श्री गणेश चालीसा का पाठ करें।

तुला -

तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य को लिए हुए है, लेकिन इसका लाभ उठाने के लिए आपको अपनी सेहत को सही रखते हुए अपने समय का सदुपयोग करना होगा। सप्ताह की शुरुआत में मौसमी बीमारी के शिकार हो सकते हैं। इस दौरान आपको लंबी दूरी की थकान भरी यात्रा करनी पड़ सकती है। हालांकि यात्रा के दौरान आपके प्रभावी लोगों के साथ संपर्क स्थापित होंगे, जिनसे भविष्य में लाभप्रद योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। आर्थिक दृष्टिकोण से सप्ताह की शुरुआत कुछ प्रतिकूल रह सकती है, और इस दौरान आय से अधिक व्यय होने की आशंका बनी रहेगी, लेकिन सप्ताह के उत्तरार्ध तक आप स्थितियों को संभाल लेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से सप्ताह के पूर्वार्ध के मुकाबले उत्तरार्ध कहीं ज्यादा शुभ और लाभप्रद साबित होगा। इस दौरान आप किसी बड़ी व्यावसायिक डील पर मुहर लगा सकते हैं। इस दौरान नौकरीपेशा लोगों के कद एवं पद में वृद्धि के योग बनेंगे। इस सप्ताह संतान सुख की प्राप्ति होगी। छात्र वर्ग को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त होगी। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। दांपत्य जीवन सुखमय बना रहेगा। विवाह योग्य व्यक्तियों को अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं।

उपाय- प्रतिदिन स्फटिक के श्रीयंत्र की पूजा एवं श्री सूक्त का पाठ करें।

वृश्चिक -

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी कहा जाएगा। इस सप्ताह वृश्चिक राशि के जातकों को दूसरों के काम में दखलअंदाजी करने की बजाय अपने लक्ष्य पर फोकस करना उचित रहेगा। सप्ताह की शुरुआत में आप घरेलू समस्याओं के चलते करियर-कारोबार में अपना पूरा ध्यान केन्द्रित नहीं कर पाएंगे। इस दौरान घर और बाहर दोनों जगह स्वजनों से अपेक्षित सहयोग और समर्थन न मिलने के कारण आपका मन खिन्न रहेगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य की खराब सेहत आपकी चिंता का कारण बनेगी। सप्ताह के मध्य के बाद आपका अधिकांश समय इधर-उधर के बेकार कार्यों में बीतेगा। इस दौरान आपकी आय के मुकाबले खर्च की अधिकता रहेगी। अक्तूबर महीने का अंतिम सप्ताह वृश्चिक राशि के नौकरीपेशा जातकों के लिए मध्यम फलकारी कहा जाएगा। इस सप्ताह आप मानसिक परेशानियों के चलते अपना बेस्ट नहीं दे पाएंगे। आपके द्वारा की गई जरा-सी लापरवाही पूरे काम के बिगड़ने का कारण बन सकती है। इस सप्ताह आप अपने सहकर्मियों तथा अधिकारियों से मदद की उम्मीद न करते हुए स्वयं ही चीजों को पूरा करने का प्रयास करें। प्रेम प्रसंग में सावधानी अपेक्षित है।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में बजरंग बाण का पाठ करें।

धनु -

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिले जुले फल देने वाला कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में आपको छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस दौरान लंबी दूरी की यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा थकान भरी और उम्मीद से कम फलदायी होने के कारण आपके भीतर निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं, हालांकि यह स्थिति लंबे समय तक नहीं रहेगी क्योंकि सप्ताह के मध्य से समय एक बार फिर आपके पक्ष में आना प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में सप्ताह के पूर्वार्ध में अपने क्रोध और हताशा पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें और गलत निर्णय लेने से बचें। नौकरी पेशा एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए समय सावधानी का है। इस समय जो भी कार्य करें, सोच-समझकर ही करें। यदि आप कारोबार में विवेकपूर्ण निर्णय लेते हैं तो आपको भविष्य में खासा लाभ होगा। नौकरीपेशा वालों को अपने सीनियर और जूनियर के साथ सावधानी के साथ बात-व्यवहार करना होगा। व्यापारी वर्ग को अपने कागजी काम समय पर सही तरीके से निपटने की आवश्यकता रहेगी। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ आपकी अच्छी ट्यूनिंग रहेगी। खट्टी-मीठी तकरार के साथ दांपत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन हल्दी या केसर का तिलक लगाएं और पूजा में नारायण कवच का पाठ करें।

मकर -

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत से आपको अपनी सेहत और संबंध दोनों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। बदलते मौसम में अपने खानपान और दिनचर्या को सही रखें अन्यथा शारीरिक, मानसिक और आर्थिक कष्ट झेलना पड़ सकता है। आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए थोड़ा चुनौती भरा रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में आप घरेलू समस्याओं को लेकर लेकर चिंतित रह सकते हैं। इस दौरान यदि आपको कोई कार्य उचित न लगे तो लोगों को बड़ी विनम्रता के साथ न कहना सीखना होगा अन्यथा आपको बेवजह की परेशानी और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी रहने वाला है। प्रमोशन या फिर मनचाहे जगह पर तबादले के लिए अभी इंतजार करना होगा। यदि आप किसी योजना में धन निवेश करना चाहते हैं, तो उसके लिए अभी समय उचित नहीं कहा जाएगा। प्रेमी जनों को अपने लव पार्टनर से मेल मिलाप करने में बाधाएं आ सकती हैं। इस सप्ताह आपकी भावुकता में वृद्धि होगी।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा एवं शिव महिम्न स्तोत्र का पाठ करें।

कुंभ -

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बीते हफ्ते के मुकाबले कहीं ज्यादा बेहतर और लाभप्रद साबित होगा। यदि आप बीते कुछ समय से किसी शारीरिक समस्या को लेकर परेशान चल रहे थे तो आपको इस सप्ताह स्वास्थ्य लाभ मिल जाएगा। सौभाग्य के साथ आपको अपने परिजनों का भी पूरा साथ मिलेगा। सप्ताह की शुरुआत में घर में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे और आत्मीय लोगों के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह आपके पक्ष में रहने वाला है। करियर-कारोबार दोनों में अनुकूलता बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों की जहां आय के अतिरिक्त साधन बनेंगे तो वहीं व्यवसाय से जुड़े लोगों को कारोबार में मनचाहा लाभ होगा। इस सप्ताह करियर-कारोबार के सिलसिले में की गई यात्राएं सुखद और लाभप्रद साबित होंगी। छात्र वर्ग के लिए यह सप्ताह कोई सुखद समाचार लेकर आएगा। उन्हें परीक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम के अनुसार फल की प्राप्ति होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में पैतृक संपत्ति की प्राप्ति संभव है। इस दौरान घर के किसी बुजुर्ग सदस्य का स्नेह आप पर बरसेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे और नजदीकियां बढ़ेगीं।

उपाय- प्रतिदिन विधि-विधान से हनुमत उपासना एवं श्री सुंदरकांड का पाठ करें।

मीन -

मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा आपाधापी लिए रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत से ही घरेलू समस्याएं आपकी चिंता का बड़ा कारण बनेंगी। इस सप्ताह मीन राशि के जातकों को अपने निर्णय बड़े सावधानी और सूझबूझ के साथ लेने होंगे अन्यथा बाद में उन्हें बेवजह की परेशानी उठानी पड़ सकती है। संतान पक्ष से जुड़ी समस्या को लेकर आपका मन चिंतित रहेगा। नौकरीपेशा वर्ग का इस हफ्ते किसी बात को लेकर अपने सहयोगियों के साथ विवाद हो सकता है, हालांकि अधिकारी वर्ग की कृपा बने रहने के कारण आप पर कोई आंच नहीं आएगी। व्यापारियों के लिए समय अनुकूल नहीं कहा जा सकता, उन्हें इस हफ्ते उतार-चढ़ाव भरी स्थितियों से गुजरना पड़ सकता है। ऐसे में किसी योजना में सोच-समझकर ही धन निवेश करें। जोखिम भरे निवेश से यथासंभव बचें। पार्टनरशिप में कारोबार करने वालों को अपने साझेदार पर आंख मूंदकर विश्वास करने से बचना होगा। अहम निर्णयों को लेते समय अपने शुभचिंतकों की राय जरूर लें। प्रेम प्रसंग में उतावलेपन से बचें और लव पार्टनर की भावनाओं की कद्र करें। रिश्तों की मर्यादा बनाए रखें और कोई भी ऐसा कार्य न करें जिसके कारण आपको कठिनाईयों का सामना करना पड़े।

उपाय- प्रतिदिन देवी दुर्गा की पूजा में चालीसा का पाठ करें।

शरद पूर्णिमा

भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म में आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा का प्रमुख पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने की धार्मिक व पौराणिक परम्परा है। शरद पूर्णिमा के पर्व को कौमुदी उत्सव, कुमार उत्सव, शरदोत्सव, रास पूर्णिमा, कोजागरी पूर्णिमा एवं कमला पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस पूर्णिमा में अनोखी चमत्कारी शक्ति निहित है। ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि ज्योतिष गणना के अनुसार सम्पूर्ण वर्ष में आश्विन शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन ही चन्द्रमा षोडश कलाओं से युक्त होता है। षोडश कलायुक्त चन्द्रमा से निकली किरणें समस्त रोग व शोक हरनेवाली बतलाई गई है। इस दिन चन्द्रमा पृथ्वी के सर्वाधिक निकट रहता है। इस रात्रि को दिखाई देने वाला चन्द्रमा अपेक्षाकृत अधिक बड़ा दिखलाई पड़ता है। ऐसी मान्यता है कि भू-लोक पर शरद पूर्णिमा के दिन लक्ष्मीजी घर-घर विचरण करती हैं, जो जागृत रहता है उसपर अपनी विशेष कृपा-वर्षा करती हैं। आश्विन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर, रविवार को दिन में 11 बजकर 57 मिनट पर लग रही है, जो कि 26 अक्टूबर, सोमवार को दिन में 9 बजकर 42 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् प्रतिपदा तिथि लग जाएगी। अश्विनी नक्षत्र 25 अक्टूबर, रविवार को रात्रि 7 बजकर 22 मिनट से 26 अक्टूबर, सोमवार को सायं 5 बजकर 42 मिनट तक रहेगा। सोमवार को अश्विनी नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है, इसी दिन स्नान-दानादि की पूर्णिमा मनाई जाएगी, जो कि स्नान-दान के लिए विशेष फलदायी है। पूर्णिमा तिथि का मान 25 अक्टूबर, रविवार को रात्रि में होने के फलस्वरूप कोजागरी व्रत इसी दिन रखा जाएगा, इसी रात्रि में भगवती श्रीलक्ष्मीजी की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। जिन्हें जन्मकुण्डली के अनुसार चन्द्रग्रह का अनुकूल फल न मिल रहा हो, उन्हें आज के दिन व्रत अवश्य रखना चाहिए। आरोग्य-लाभ के लिए शरद पूर्णिमा के चन्द्रकिरणों में औषधीय गुण विद्यमान रहते हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि में दूध से बनी खीर को चाँदनी की रोशनी में अति महीन श्वेत व स्वच्छ वस्त्र से ढँककर रखी जाती है, जिससे खीर पर चन्द्रमा के प्रकाश की किरणें पड़ती रहे। इस खीर को भक्तिभाव से प्रसाद के तौर पर भक्तों में वितरण करके स्वयं भी ग्रहण करते हैं, जिससे स्वास्थ्य लाभ होता है तथा जीवन में सुख-समृद्धि व सौभाग्य का सुयोग बनता है। प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा के पश्चात् शरद पूर्णिमा के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। श्रीलक्ष्मीजी व श्रीविष्णुजी का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन करना चाहिए। धनलक्ष्मी, धान्यलक्ष्मी, राजलक्ष्मी, वैभवलक्ष्मी, ऐश्वर्यलक्ष्मी, सन्तानलक्ष्मी, कमलालक्ष्मी एवं विजयलक्ष्मी।

चेतना - समाधि

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

मानवीय अस्तित्व के समस्त क्रियाकलापों में समग्रता का भाव ही जीवन की वास्तविक सार्थकता है। चेतना की वह अवस्था, जहाँ प्रत्येक कृत्य अपनी पूर्णता में घटित होता है, वही योग का आधार बनती है। एक शिशु के व्यवहार में जिस तीव्रता का दर्शन होता है, वह उसकी भावनाओं की शुद्धता और अखंडता का परिचायक है। जब एक शिशु क्रोध व्यक्त करता है, तो उसके शरीर का प्रत्येक अवयव उस रोष में सम्मिलित होता है। उसके रोम-रोम से संवेग प्रकट होता है। इसके विपरीत, वयस्क जीवन में भावनाओं को प्रकट करने में एक प्रकार की कृपणता और संकोच का समावेश हो जाता है। मनुष्य जब अपने भावों को खंडित रूप में व्यक्त करता है, तो वे दमित होकर अंतर्मन में अवसाद का रूप ले लेते हैं। संवेगों की यह अपूर्णता ही मानसिक जड़ता का मूल कारण बनती है। जीवन के प्रत्येक आयाम में तीव्रता का संचरण ही साधक को समाधि के निकट ले जाता है। तीव्रता वह वेग है, जो मन को चंचलता से मुक्त कर उसे एक बिंदु पर केंद्रित करने की क्षमता रखता है। भावों की चरम सीमा पर पहुँचते ही मन स्वतः शांत हो जाता है। जिस प्रकार एक शिशु रुदन की अति के पश्चात अत्यंत शांति का अनुभव करता है, वैसे ही क्रोध, दुःख, प्रेम अथवा ईर्ष्या जैसे संवेग जब अपनी पराकाष्ठा को स्पर्श करते हैं, तब उसके उपरांत एक नैसर्गिक मौन का उदय होता है। वयस्क जीवन में प्रायः इस प्रखरता का अभाव पाया जाता है। क्षुधा, निद्रा और कर्म सभी में वह तीव्रता शेष नहीं रह जाती। मनुष्य अपनी स्वाभाविक वृत्तियों को तीव्र होने का अवसर नहीं देता, जिसके कारण जीवन में एक प्रकार की शुष्कता और निस्तेजता व्याप्त हो जाती है। भय और सामाजिक संकोच इस मार्ग के सबसे बड़े अवरोधक हैं। संकोच के कारण मनुष्य स्वयं को भीतर ही भीतर इतना आबद्ध कर लेता है कि वह अपनी स्वतंत्र अभिव्यक्ति खो देता है। जब अभिव्यक्ति अवरुद्ध होती है, तब प्रतिभा का ह्रास होने लगता है। तीव्र संवेग वाले व्यक्तित्व के लिए परिवर्तन का मार्ग अत्यंत सुगम होता है। तीव्रता का अर्थ केवल बाह्य उग्रता नहीं, अपितु किसी भी कृत्य में अपनी संपूर्ण शक्ति और प्राणों को नियोजित कर देना है। ईश्वर कोई बाह्य व्यक्तित्व नहीं, अपितु वह अस्तित्व, चेतना और आनंद का पूर्ण स्वरूप है, जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में स्थित है। यह वह चैतन्य सत्ता है, जो क्लेश, कर्म-बंधन और कर्मफल के विपाक तीनों से अप्रभावित है।

जब अभिव्यक्ति अवरुद्ध होती है, तब प्रतिभा का ह्रास होने लगता है। तीव्र संवेग वाले व्यक्तित्व के लिए परिवर्तन का मार्ग अत्यंत सुगम होता है। तीव्रता का अर्थ केवल बाह्य उग्रता नहीं, अपितु किसी भी कृत्य में अपनी संपूर्ण शक्ति और प्राणों को नियोजित कर देना है। ईश्वर कोई बाह्य व्यक्तित्व नहीं, अपितु वह अस्तित्व, चेतना और आनंद का पूर्ण स्वरूप है, जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में स्थित है। यह वह चैतन्य सत्ता है, जो क्लेश, कर्म-बंधन और कर्मफल के विपाक तीनों से अप्रभावित है।